
UFT LIVE TV
www.upfighttimes.com
upfighttlmesnews@gmail.com
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# यूपी फाइट टाइम्स
आरएनआई नं0/2020/80511
संपादक :- सतीश कुमार गोयल
वर्षः-03, अंकः-76, पृष्ठः-12, मूल्यः- 1 रूपये
(फतेहपुर से प्रकाशित)



बाबा उमाकान्त जी ने घड़े की ....03
फतेहपुर, शुक्रवार 06 जनवरी 2023
31 मार्च तक ट्रिपल टेस्ट पूरा ....08

## उद्योग व खेती क्षेत्र को जल संरक्षण अभियान चलाना चाहिए: पीएम नरेन्द्र मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को लिखा कि उद्योग और खेती ऐसे क्षेत्र हैं जिसमें पानी की आवश्यकता अधिक होती है। इन दोनों क्षेत्रों को मिल कर जल संरक्षण अभियान चलाना चाहिए और लोगों को जागरूक करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सुबह देशभर के जल मंत्रियों की बैठक में अपने विचार साझा किए। बैठक का विषय वाटरविजन @ 2047 है। 5-6 जनवरी को भोपाल, मध्य प्रदेश में थीम वाटरविजन ञ्च 2047 के साथ जल पर पहला अखिल भारतीय वार्षिक राज्य मंत्रियों का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने नदियों को दूषित होने से बचाने का आह्वान किया। साथ ही जल संरक्षण के क्षेत्र में भी सर्कुलर अर्थव्यवस्था की बड़ी भूमिका को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण के लिए जन भागीदारी की सोच को जनता के मन में जगाना है। हम इस दिशा में जितना ज्यादा प्रयास करेंगे उतना ही अधिक प्रभाव पैदा होगा। जल संरक्षण से जुड़े अभियानों में



हमें जनता जनार्दन को, सामाजिक संगठनों को और सिविल सोसायटी को ज्यादा से ज्यादा जोड़ना होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में शहरीकरण तेजी से बढ़ रहा है ऐसे में हमें पानी के विषय में पूरी गंभीरता से सोचना चाहिए। इस संबंध में जब स्वच्छ भारत अभियान से लोग जुड़े तब जनता में भी चेतना और जागरूकता आई। सरकार ने संसाधान जुटाए, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और शौचालय जैसे अनेक कार्य किए। लेकिन अभियान की सफलता तब सुनिश्चित हुई जब जनता ने सोचा कि गंदगी नहीं फैलानी है। जनता में यही सोच जल संरक्षण के लिए भी जगानी होगी।


## दिल्ली के कंझावला कांड की तरह यूपी और एमपी में भी दिखी सड़क पर सनक, कहीं कार ने रौंदा तो कहीं शव घसीटता रहा ट्रक

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कंझावला कांड को जब-जब कोई सुनता है उसकी रुह कांप उठती है। सुल्तानपुरी से 11 किमी तक एक लड़की को गाड़ी के नीचे घसीटकर ले जाने की घटना ने इसानियत पर सवाल तो उठाए ही हैं, लेकिन दिल्ली पुलिस भी राजधानी में सुरक्षा को लेकर सवालों के कठघरे में आ गई है। इस बीच कंझावला कांड के बाद यूपी के आगरा, नोएडा, बांदा और एमपी के जबलपुर में भी ऐसा ही मामला देखने को मिला है। दिल्ली के कंझावला कांड में स्कूटी सवार अंजली नाम की एक लड़की को नए साल पर देर रात बेलेनो कार में सवार 5 युवकों ने रौंद दिया। युवकों की गाड़ी द्वारा रौंदे जाने के बाद युवती कार के नीचे ही फंस गई, लेकिन कार सवार युवक उसे हटाने की जगह 11 किमी तक सुनतानपुरी से बेगमपुर के रास्ते कंझावला तक घसीटते ही ले गए जिससे उस लड़की की दर्दनाक मौत हो गई। लगभग 11 किमी तक घसीटने के बाद युवकों ने लड़की के शव को कंझावला की सड़क पर छोड़ गए जो कंकाल बन चुका था। कंपनी के शरीर पर कोई कपड़ा तक नहीं बचा था, उसके कई अंग क्षत विक्षत हो गए थे। इस घटना के सामने आने के बाद पांचों युवकों को हिसारत में ले लिया गया। हालांकि, ऐसी घटना के बाद दिल्ली पुलिस भी सवालों के घेरे में है।

यूपी के नोएडा में भी नए साल के पहले दिन कंझावला कांड जैसी घटना देखने को मिली थी। यहां फेज वन कोतवाली क्षेत्र में सेक्टर-14 फ्लाईओवर के पास एक कार से लड़के की टक्कर होने से मौत हो गई। मामले में डिलीवरी ब्वाय कौशल यादव का शव लहूलुहान मिला था। के भाई का आरोप है कि कार सवार ने शव को फ्लाइओवर से शनि मंदिर तक घसीटा और फिर छोड़ दिया। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है। मध्यप्रदेश के जबलपुर में भी ऐसी ही घटना देखने को मिली। राष्ट्रीय राजमार्ग 34 पर हुए इस हादसे में एक ट्रक ने एक मेडिकल छात्रा और एक छात्र को टक्कर मार दी, जिससे छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, छात्र की हालत अभी तक नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार ट्रक छात्रा को 500 मीटर तक घसीटता ले गया।

## देश में 24 घंटे में कोरोना के 188 नए मरीज

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोरोना वायरस से संक्रमित 188 नए मरीज सामने आए हैं। इस अवधि में 201 लोग कोरोना से उबर कर स्वस्थ हुए हैं। इस दौरान कोरोना से किसी की भी मौत नहीं हुई। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के गुरुवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में कोरोना वायरस के कुल एक्टिव मामले 2,554 हैं। इसके साथ देश में अबतक 4,41,46,055 लोग कोरोना से स्वस्थ हो चुके हैं। पिछले 24 घंटे में देशभर में 1.93 लाख नमूनों की जांच की गई। अबतक कुल 91.15 करोड़ लोगों का कोरोना टेस्ट किया जा चुका है। देश का मौजूदा रिकवरी रेट 98.8 है और दैनिक संक्रमण की दर 0.10 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में कोरोना वैक्सीन की 61,828 खुराक दी गई। इसके साथ देश में अबतक कुल 220.12 करोड़ वैक्सीन दी जा चुकी है।



## दिल्ली-एनसीआर में कश्मीर जैसी ठंड, 3 डिग्री तक गिरा पारा

### यूपी-बिहार के लिए भी अलर्ट जारी

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली इन दिनों ठंड से ठिठुर रही है। तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग की एक रिपोर्ट के मुताबिक, आज सुबह सफदरगंज में न्यूनतम तापमान 3 डिग्री दर्ज किया गया है, जो कि इस मौसम का सबसे कम है। ठंड से लोगों को हाल बेहाल है। जगह-जगह पर अलाक के सहारे लोग खुद को इस कंपकपाती ठंड से बचाने की कोशिश कर रहे हैं। आईएमडी ने यह भी कहा है कि अभी स्थिति में कोई खास सुधार देखने को नहीं मिलेगी। हालांकि, आने वाले समय में राहत की उम्मीद जताई गई है। आईएमडी द्वारा जारी रेड अलर्ट को देखते हुए दिल्ली हवाईअड्डे ने गुरुवार को अपने सभी यात्रियों को अलर्ट कर दिया है। हवाई अड्डे ने कहा कि सभी फ्लाइट अभी पहले की तरह चल रही हैं। लेकिन विजिबिलिटी कम हो रही है। यात्रियों को अपने-अपने उड़ान की जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइन से संपर्क करने के लिए कहा गया है। आपको बता दें कि सोमवार और मंगलवार के बीच करीब 100 उड़ानें देरी से चलीं और कुछ को कोहरे के कारण डायवर्ट किया गया। वहीं, बिहार और उत्तर प्रदेश में भी लोगों को ठंड



से बुरा हाल है। पछुआ हवा के कारण कंपकंपी की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग का कहना है कि अभी कुछ दिनों तक ऐसी ही स्थिति बनी रह सकती है। इन दोनों राज्यों के अधिकांश इलाकों में लोगों ने कई दिनों से सूर्य का दर्शन तक नहीं किया है। मौसम विभाग ने कहा है कि उत्तराखंड के कुछ इलाकों में बर्फबारी के बाद वहां से चल रही बर्फीली हवाओं ने मैदानी इलाकों में ठिठुरन बढ़ा दी है। वहीं, अगले तीन-चार दिनों तक कड़ाके की ठंड से कोई बड़ी राहत की उम्मीद नहीं है। पिछले 24 घंटों के दौरान पश्चिमी यूपी में कई स्थानों पर कोहरे की मोटी परत देखी गई।

## कर्नाटक में सड़क हादसे में छह की मौत, कई अन्य लोग घायल

**बेलागवी (कर्नाटक)।** जिले के चिंचनूर में गुरुवार तड़के एक वाहन एक पेड़ से टकरा गया। जिसके कारण इस हादसे में तीन महिलाओं सहित कम से कम छह तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और कुछ अन्य घायल हो गए। इस घटना की जानकारी पुलिस ने दी। इस मामले को लेकर पुलिस ने कहा कि जहां 5 की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं छठे व्यक्ति ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। उन्होंने यह भी कहा कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस के अनुसार, जिले के रामदुर्ग तालुक के हुलकुंड गांव के लोगों का समूह सावदत्ती में रेणुका यल्लम्मा मंदिर जा रहा था। इसी दौरान यह हादसा हुआ।



उन्होंने कहा कि चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और वह सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। कर्नाटक के सिंचाई मंत्री गोविंद कारजोल ने प्रत्येक मृतक के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए के मुआवजे की घोषणा की है। जानकारी के मुताबिक जीप में सवार सभी यात्री वार्षिक मेले में भाग लेने के लिए सावदत्ती के रेणुका-यल्लम्मा मंदिर जा रहे थे। रामदुर्ग तालुक के चिंचनूर गांव में विठ्ठल-रुक्मई मंदिर के पास चालक ने जीप से नियंत्रण खो दिया। गाड़ी सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि सभी यात्री रामदुर्ग तालुक के हुलकुंड गांव के रहने वाले थे और एक माल ढोने वाले वाहन से यात्रा कर रहे थे।

वाहन में सवार तीर्थयात्रियों में से 5 लोगों को गंभीर चोटें आईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों में हनुमव्वा (35), दीपक (31), सविता (12), सुप्रिता (11), मारुति (42) और इंद्रव्वा (24) शामिल हैं। घायलों को इलाज के लिए गोकक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कटकोल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही है।

## भारत लॉन्च करेगा पहला 'सूर्य मिशन', दो अभियानों से अंतरिक्ष में झंडा गाड़ेगा ISRO

**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में आज पूरी दुनिया भारत का लोहा मानती है। हर साल ISRO दुसरे देशों के भी उपग्रह लॉन्च करता है। अब ISRO सूर्य के बारे में जानकारी जुटाने के लिए बड़े अभइयान की तैयारी कर रहा है। इसके अलावा चांद का मिशन पूरा करने के लिए चंद्रयान-3 की भी तैयारी चल रही है। 108वीं साइंस कांग्रेस में प्लेनरी सेशन के दौरान अंतरिक्ष में भारत की क्षमता और आगे की योजना पर बात की गई। इस सेशन की अध्यक्षता ISRO चेयरमैन एस सोमनाथ कर रहे थे। फिजिकल रिसर्च लैबोरेटरी डिपार्टमेंट ऑफ स्पेस के डायरेक्टर अनिल भारद्वाज ने भारत के प्लैनेटरी मिशन की बात करते हुए कहा कि 1963 से ही भारत ने अंतरिक्ष में अपना अभियान शुरू कर दिया था। सबसे पहले थुंबा से रॉकेट लॉन्च की गई थी। चार दशक के बाद भारत ने 2008 में चंद्रयान -1 मिशन शुरू किया। इसके बाद अगला था मंगलयान। इसे 2013 में लॉन्च किया गया था जो कि 2014 में मंगल पर पहुंचा था। अब चंद्रयान-2 अभियान चल रहा है। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-1 का ऑर्बिटर अब भी अच्छी तरह से काम कर रहा है और हमें बहुत महत्वपूर्ण जानकारी भेज रहा है।

**भारत लॉन्च करेगा आदित्य - L1**

सूर्य का अध्ययन करने के लिए अगले साल भारत आदित्य-L1 लॉन्च करेगा। इसके अलावा चंद्रयान-3 लैंडर रोवर मिशन भी लॉन्च किया जाएगा। इसके अलावा भविष्य के लिए अन्य प्लैनेटरी अभियानों की भी



तैयारी हो रही है। इसरो के साइंटफिक सेक्रटरी शांतनु भाटवडेकर ने कहा, अंतरिक्ष विज्ञान और तकनीक मानवता के विकास के लिए होती है। इसका उद्देश्य मानव जीवन को बेहतर बनाना होता है। भारत के पहले एक्सपेरिमेंटल अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटलाइट भास्कर (1979) के बाद से भारत ने कई सैटलाइट मिशन लॉन्च कर चुका है।

## पाकिस्तान में अब अनाज का संकट, गैस सिलेंडर की भी जमाखोरी; श्रीलंका की तरह न हो जाए कंगाल

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था इन दिनों जर्जर हो चुकी है क्योंकि यह देश विदेशी मुद्रा भंडार की भारी कमी झेल रहा है। पाकिस्तान में विदेशी मुद्रा भंडार में 6.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर की गिरावट आई है। इस बीच चीन ने भी वहां निवेश कम कर दिया है। राजनीतिक उथल-पुथल ने भी अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचाया है। हालात यह है कि भारी महंगाई के बीच देश में नकदी संकट के साथ-साथ ऊर्जा संकट गहरा गया है। शहबाज शरीफ सरकार ने इसे देखते हुए ऊर्जा खपत में कटौती का ऐलान किया है। पाकिस्तान ने नागरिकों से बिजली कम खपत करने की अपील की है। अल अरबिया पोस्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान में इस समय बिजली की आपूर्ति मांग से करीब 7000 मेगावाट कम है। ऊर्जा संकट के बीच देश के उत्तरी पश्चिमी इलाके यानी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में लोग गैस सिलेंडर के लिए तरस रहे हैं। वहां लोगों को एक सिलेंडर के लिए 10 हजार रूपये तक चुकाने पड़ रहे हैं। कई लोग को प्लास्टिक की थैली में गैस भराने को मजबूर हैं। इस बीच खबरें आ रही हैं कि लोगों ने ऊर्जा संकट को देखते हुए गैस सिलेंडरों को जमा करना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान



में ऊर्जा संकट के बीच अनाज संकट भी गहराने लगा है। डॉन अखबार के मुताबिक देश के कई हिस्सों में गेहूं का संकट उठ खड़ा हुआ है। यानी पाकिस्तान में आने वाले दिनों में रोटी के भी लाले पड़ सकते हैं। हालांकि, केंद्र सरकार ने भरोसा दिलाया है कि गेहूं का आयात किया जा रहा है।

**एक-एक डॉलर को मोहताज हुआ पाकिस्तान, 8 साल में सबसे निचले स्तर पर विदेशी मुद्रा भंडार**-अखबार के मुताबिक, इस्लामाबाद में 40 आटा मिलों की दैनिक खपत 20 किलो गेहूं का 38,000 बैग है, लेकिन मिलों को पर्याप्त गेहूं उपलब्ध नहीं हो पा रहा है और प्रति दिन 17,000 बैग की कमी देखी जा रही है।

पाकिस्तान के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मंत्री तारिक बशीर चीमा ने गेहूं संकट के लिए राज्यों को जिम्मेदार ठहराया है और कहा है कि उनकी सरकार राज्यों को मांग के अनुसार गेहूं की सप्लाई करेगी। उन्होंने गेहूं की कालाबाजारी करने वालों को भी आड़े होथों लिया है। उन्होंने संकट के लिए पंजाब सरकार को दोषी ठहराया है। बता दें कि पिछले साल पड़ोसी मुल्क श्रीलंका में भी भारी महंगाई और चरमराई अर्थव्यवस्था के बीच भारी ऊर्जा संकट देखने को मिला था।

बजली कट और बुनियादी जरूरतों, खाने-पीने की रोजमर्रा के सामान और दवाइयों की कमी से जूझते लोग सड़कों पर उतर आए थे और राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री भवन को कब्जे में कर लिया था। श्रीलंकाई राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे को तब सैन्य जेट से देश छोड़कर मालदीव भागना पड़ा था।

## समेट लो सामान, तोड़ेंगे मकान; 50 हजार लोगों को फरमान पर उत्तराखंड में घमासान

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के नैनीताल जिले के हल्द्वानी शहर में रेलवे भूमि से अतिक्रमण हटाने पर बवाल मचा हुआ है। भीषण सर्दी के बीच लोग सड़क पर प्रदर्शन कर अपना आशियाना बचाने की गुहार लगा रह हैं। पूरे मामले पर सुप्रीम कोर्ट में आज गुरुवार को सुनवाई होनी है।वनभूलपुरा में रेलवे भूमि से अतिक्रमण हटाने पर नैनीताल हाईकोर्ट अपना फैसला पहले ही सुना चुकी है। हल्द्वानी में 4365 परिवारों को 29 एकड़ रेलवे भूमि पर बने अपने घर खाली करने होंगे। रेलवे भूमि पर अतिक्रमण के मामले में हाईकोर्ट ने पिछले साल दिसंबर को अपना निर्णय सुनाया। न्यायमूर्ति शरद कुमार शर्मा और न्यायमूर्ति आरसी खुल्बे की खंडपीठ ने रेलवे से अतिक्रमणकारियों को एक हफ्ते का नोटिस देकर अतिक्रमण ध्वस्त करने के आदेश दिए थे। खंडपीठ ने इस मामले में एक नवंबर को सुनवाई पूरी होने पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। 9 नवम्बर 2016 को हाईकोर्ट में हल्द्वानी के गौलापार निवासी रविशंकर जोशी ने जनहित याचिका दायर की थी। जिसमें कहा था कि रेलवे भूमि पर अवैध कब्जा है, जिसे हटाया जाना चाहिए। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए 10 सप्ताह के भीतर रेलवे की जमीन से अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था। कोर्ट ने कहा था कि जितने भी अतिक्रमणकारी हैं उन्हें रेलवे पीपी एक्ट के तहत नोटिस देकर जन सुनवाइयां करे। सुनवाई के दौरान पूर्व में अतिक्रमणकारियों की तरफ से कहा गया कि रेलवे ने उनका पक्ष नहीं सुना।



इसलिए उन्हें भी सुनवाई का मौका दिया जाए। उधर, रेलवे ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि सभी अतिक्रमणकारियों को पीपी एक्ट के तहत नोटिस जारी कर सुना गया है। वहीं राज्य सरकार ने कोर्ट को बताया कि यह भूमि राज्य सरकार की नहीं रेलवे की है। पूर्व में कोर्ट ने सभी अतिक्रमणकारियों से अपनी-अपनी आपत्ति पेश करने को कहा था।

**किसी के पास वैध कागजात नहीं**

रेलवे की तरफ से कहा गया कि हल्द्वानी में उनकी 29 एकड़ भूमि पर अतिक्रमण किया गया है। उस पर करीब 4365 अतिक्रमणकारी मौजूद हैं। हाईकोर्ट के आदेश पर लोगों को पीपी एक्ट में नोटिस देकर रेलवे ने सुनवाई पूरी कर ली है। किसी भी व्यक्ति के पास जमीन के वैध कागजात नहीं पाए गए। सुप्रीम कोर्ट हल्द्वानी में रेलवे की 29 एकड़ जमीन पर अतिक्रमण हटाने के उत्तराखंड उच्च न्यायालय के निर्देश को चुनौती देने वाली याचिका पर गुरुवार आज 05 जनवरी को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, एस.ए. नजीर और पीएस नरसिम्हा ने अधिवक्ता प्रशांत भूषण की ओर से मामले का जिक्र किए जाने के बाद इसे सुनवाई के लिए स्वीकार किया।

अधिवक्ता भूषण ने कहा कि हल्द्वानी में चार हजार से अधिक मकानों को ढहाए जाने का मामला उस मामले के समान है जिस पर गुरुवार को सुनवाई होनी है। इससे पहले हल्द्वानी के कुछ निवासियों ने इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। गौरतलब है कि उत्तराखंड हाईकोर्ट ने 20 दिसंबर को बनभूलपुरा में रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण करके बनाए गए ढांचों को गिराने के आदेश दिए थे ।

यूपी फाइट टाइम्स
शुक्रवार 06 जनवरी 2023 हिन्दी दैनिक


# पंचायत सहायक भर्ती में बड़ा खेल जिम्मेदारो के ऊपर मुंहदेखी व्यवहार का आरोप अभी तक नहीं हुई नियुक्ति

बकेवर फतेहपुर 5 जनवरी। विकासखंड देवमई के ग्राम पंचायत अकबराबाद में पंचायत सहायक की भर्ती में बड़ा झोल सामने आया है जिसमें ग्रामीणों की तरफ से ग्राम पंचायत अधिकारी के ऊपर मुंह देखी व्यवहार करने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं 2 वर्ष से अभी तक पंचायत सहायक का पद अकबराबाद में खाली है जिसकी नियुक्ति नहीं की गई ब्लाक कर्मचारियों की हीला हवाली से पंचायत सहायक का पद खाली पड़ा हुआ है अकबराबाद से अर्चना देवी पुत्र श्रीपाल कहते हैं कि पंचायत सहायक की भर्ती में जो आवेदन किया गया था हाई स्कूल इंटर के अंकों के आधार पर चयन होना था जिसमें सबसे ज्यादा अंक अर्चना देवी के थे लेकिन अभी तक चयन नहीं हो पाया है अर्चना देवी ने ग्राम पंचायत अधिकारी के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा कि मुंह देखी व्यवहार करके गांव के आकाशदीप को चयन किया गया जो कोविड–19 मृतक आश्रित है लेकिन अभी तक कोविड–19 मृतक आश्रित सिद्ध नहीं हो पाया है ब्लॉक कर्मचारियों की घोर लापरवाही से अभी पद खाली है अर्चना देवी कहती हैं कि जैसे ब्लॉक कर्मचारियों से अपने पद के लिए बात की जाती है तो उन्हें भगा दिया जाता है जिम्मेदार जान कर भी अंजान बने हुए हैं इन दिनों अकबराबाद ग्राम पंचायत सुर्खियों में व सोशल मीडिया और अखबारों में बना हुआ है भ्रष्टाचार की बात करें तो चरम सीमा पर है जहां पात्रों को आवास ना देकर अपात्रों को दिया जाता है गांव का एक व्यक्ति ब्लाक कर्मचारियों की सांठगांठ करके आवास योजना में जमकर भ्रष्टाचार कर रहा है हालांकि पूरे मामले में ग्रामीण ने मुख्यमंत्री आइजीआरएस पर शिकायत करते हुए अकबराबाद ग्राम पंचायत में आवास योजना के तहत व पंचायत सहायक पद के लिए जांच की मांग की है अर्चना देवी ने पंचायत सहायक का ग्राम पंचायत में पद खाली होने पर जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है हालांकि मुख्य विकास अधिकारी फतेहपुर से फोन पर बात की गई तो उन्होंने कहा कि जैसे ही ग्राम पंचायत से शिकायत पत्र आता है तो मामले की जल्द से जल्द जांच कराई जाएगी जिससे लाभार्थियों को लाभ मिल सके।

## न्यूज सार

### मिशन शक्ति



फतेहपुर। शासन द्वारा बालिकाओंध्महिलाओं की सुरक्षा व जागरूकता एवं सशक्त बनाने के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक फतेहपुर राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में महिलाओंध बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड द्वारा प्रतिदिन मंदिरध्भीड़–भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओंध महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक एवं चेकिंग अभियान चालाया जा रहा है। आज दिनाँक 05/01/2023 को जनपद के विभिन्न थानों की एंटी रोमियो टीम द्वारा अपनेदृ अपने थाना क्षेत्र के स्कूलों ध्कॉलेजध भीड–भाड़ वाले स्थानों में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान

अभियान के तहत हेल्प लाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा

1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन
1090 वीमन पावर हेल्पलाइन
1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन
102 स्वास्थ सेवा
108 एंबुलेंस सेवा

1098 चाइल्ड हेल्प लाइन से अवगत कराया गया साथ ही आवश्यकतानुसार उपरोक्त नम्बरों का प्रयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

### धारा 151 सीआरपीसी के अन्तर्गत चालान कर सम्बन्धित न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया

फतेहपुर। 1. शांति भंग 151 सीआरपीसी की कार्यवाहीः– शांति भंग की आशंका जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 10 लोगों के विरूद्ध धारा 151 सीआरपीसी के अन्तर्गत चालान कर सम्बन्धित न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गयाः–

1–थाना ललौली से 01 अभियुक्त के विरुद्ध 151 सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी ।

2–थाना चांदपुर से 02 अभियुक्तों के विरुद्ध 151 सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी ।

3–थाना गाजीपुर से 05 अभियुक्तों के विरुद्ध 151 सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी ।

4–थाना थरियांव से 01 अभियुक्त के विरुद्ध 151 सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी ।

5–थाना असोथर से 01 अभियुक्त के विरुद्ध 151 सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी ।

2. यातायात परिणामःकृ

01 वाहन से 1000 रु0 शमन शुल्क व 45 वाहन का चालान किया गया।

3. वांछितध्वारण्टी की गिरफ्तारीःकृ

1. थाना कोतवाली से 05 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

### नगर पंचायत खखरेरू के कनपुरवा पावर हाउस विद्युत विभाग गहरी नींद में शो रहा



नगर पंचायत खखरेरू कनपुरवा पावर हाउस की रवैया दिन प्रतिदिन बिगड़ती ही जा रही है शासन कितनी भी कोशिश आम जनमानस के लिए बड़ी से बड़ी व्यावस्था के लिए कर रही हो लेकिन ये विद्युत विभाग सुधरने का नाम ही नहीं ले रहें हैं दिनांक 4ध1ध23 शाम से 5ध1ध23 लगभग 1 बजे का समय हो गया अब तक लाइट की रोशनी चमकी तक नहीं है जो पानी पीने के लिए लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है अभी भी मैसेज कर खागा से रोस्टिंग होना कहा गया है जो यह बहुत ही लचर व निंदनीय है ऐसी रवैया से क्षेत्र व ग्रामीण जनता को पीने के पानी से लेकर किसानों की फसल भी प्रभावित हो रही है माननीय मुख्यमंत्री जी को इस लचर व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कनपुरवा पावर हाउस के कर्मचारियों को जगाना पड़ेगा ये ऐसे कर्मचारियों के रहते नगर पंचायत खखरेरू व क्षेत्र के आमजन मानस की कोई समस्या हल होती नहीं दिख रही है ऐसे में पानी की मेन समस्या बहुत ही बढ़ जाती है जो सरकारी हैंडपंप लगे हुए थे वो भी नजर नहीं आ रहे हैं आने को शासन से आम जनमानस को हर दिन समय रहते लाभ व उचित व्यवस्था को साकार किया जाता है परन्तु यह व्यवस्था कागज तक सिमट जाती है जब कि लिखा पढ़ी में विद्युत विभाग में जर्जर तारों को सुधारना व प्रयाप्त लाइट व्यवस्था दिखाई जाती है ये सुधार क्षेत्र के लोगों के बीच नहीं दिख रहा है।

### खागा में व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल की अगुवाई में खागा व्यापार मंडल

फतेहपुर। खागा में व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल की अगुवाई में खागा व्यापार मंडल ने अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग (एक्सियन)श्री मेघ सिंह जी व उपखंड अधिकारी विद्युत विभाग(S.D.O.) श्री कृपा शंकर जी मिलकर दोनों अधिकारियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर व्यापार मंडल की ओर से नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं।इस मौके पर खागा व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र गुप्त,संरक्षक वा सराफा ऐशोशिएशन के अध्यक्ष कमलेश बाजपेई,संरक्षक अब्दुल हफीज हाफिज जी,मिडिया प्रभारी अनुपम शुक्ल मौजूद रहें।

## बौद्ध भिक्षुवों की शुभचिंतकों ने किया स्वागत

### थाईलैंड से आए भिक्षु ने बुद्ध की दी शिक्षा



(गौरव गोयल)

फतेहपुर। नगर के सियाराम मौर्य के आवास पर थाईलैंड से आए बौद्ध भिक्षु मेत्री थेरो ने महात्मा बुद्ध की शिक्षाओं पर लोगों से चर्चा की विशेषकर विपश्यना पर उन्होंने विस्तार से जानकारी दी इस अवसर पर कुछ लोगों ने महत्वपूर्ण प्रश्न भी किए जिनका बौद्ध भिक्षु ने उत्तर दिया इसके पहले यूथ बौधिस्ट सोसायटी आफ इंडिया फतेहपुर के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया अंग्रेजी में दिए गए प्रवचन का हिंदी अनुवाद हिमाचल प्रदेश से आए प्रवीण बौद्ध ने किया विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तम बौद्ध भी उपस्थित रहे वाईबीएस के तत्वावधान में आयोजित प्रवचन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पधारे थाईलैंड के पूज्य भिक्खु मेत्री थेरो ने कहा कि मानव जीवन महत्वपूर्ण है इसलिए किस तरह सुख और शांति का जीवन हो,बुद्ध की शिक्षाओं से संभव होता है बुद्ध शिक्षा कर्म का फल है उन्होंने विपश्यना पर विशेष प्रवचन करते हुए बताया कि दुखों से मुक्ति और सुख की प्राप्ति विपश्यना से ही संभव है एक तरह से यह मेंटल फूड है इस मौके पर डॉ हेमेंद्र वर्मा ने प्रश्न पूछा कि क्या विपश्यना से समाज में भ्रष्टाचार, छुआछूत,जातिवाद जैसी कुरीतियों का खात्मा होता है इस पर पूज्य भिक्षु ने कहा कि बिल्कुल संभव है विपश्यना से जब चित्त शांत होता है तो मनुष्य के अंदर दूसरों की सेवा एवं सहायता का भाव स्थाई रूप से जन्म ले लेता है जिससे भ्रष्टाचार से लेकर तमाम सारी कुरीतियों से मनुष्य को मुक्ति मिल जाती है पूज्य भंते ने डायनामाइट मोमेंट मेडिटेशन एवं खानपान की विधियां सिखाईं और उसका प्रैक्टिकल भी कराया उन्होंने बुद्ध विहार थाईलैंड आने का सभी को न्योता भी दिया विपश्यना का अर्थ है जो चीज जैसी है उसे उसको सही रूप में देखना यह एक मानसिक व्यायाम है जो मन और तन दोनों के लिए उपयोगी है विपश्यना ध्यान खुद को जानने में मदद करता है यह भारत की सबसे प्राचीन मेडिटेशन तकनीक है जिसे लगभग 26 सौ साल पहले महात्मा बुद्ध ने फिर से खोजा था प्रवचन के दौरान बताया गया कि प्राणिमात्र की हिंसा,चोरी करने अथवा जो दिया नहीं गया है उसको लेने,लैंगिक दुराचार या व्यभिचार,असत्य बोलने तथा मादक पदार्थों से विरत रहना बुद्ध की मुख्य शिक्षाएं हैं सेवानिवृत्त कानूनगो रामबचन जी ने विपश्यना के अपने अनुभव शेयर किए इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य अखिलेश मौर्य, डॉ हेमेंद्र वर्मा,रामस्वरूप,सियाराम मौर्य,श्याम जीत मोर्य,महेंद्र गौतम,देवेंद्र गौतम,चंदन मौर्य,उदय भान गौतम, संगीता मौर्या,राधा मौर्य आदि अनेक विशिष्ट लोग भी उपस्थित रहे कार्यक्रम का शुभारंभ पंचशील याचना के साथ हुआ आयोजक आर एन मौर्य ने प्रारंभिक परिचय दिया।उन्होंने आभार व्यक्त किया!!

## कड़ाके की ठंड में रजाई वितरण का कार्यक्रम संपन्न

### किसान नेता नरसिंह पटेल ने किया बेसहारा आश्रम का शुभारंभ



(गौरव गोयल)

फतेहपुर। खखरेरु क्षेत्र के दौलतपुर मजरा कोट ग्राम पंचायत में समाजसेवी नरसिंह पटेल द्वारा मां की पुण्यतिथि एवं अपने जन्मदिन के अवसर पर बेसहारा आश्रम का शुभारंभ किया गया साथ ही क्षेत्रीय गरीब असहाय लोगों को रजाई वितरित की गई इस बीच आंखों की जांच हेतु कैंप में डॉक्टरों द्वारा सैकड़ों लोगों के आंखों की निशुल्क जाँच की गई दौलतपुर गांव मजरे कोट में आज किसान नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य नरसिंह पटेल द्वारा अपने गांव में बेसहारा आश्रम का शुभारम्भ किया गया इस बेसहारा आश्रम में रहने खाने व इलाज की निशुल्क उचित व्यवस्था शासकीय योजनाओं में लाभ के लिए जागरूकता तथा उत्पीड़नके विरोध में निशुल्क कानूनी सहायता, तथा महीने की हर 5 तारीख को आंख की जांच हेतु कैंपों का आयोजन किया जाएगा इस अवसर पर कड़ाके की ठंड में जाड़े से बचाव के लिए गरीबों को रजाई वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्राधिकारी खागा संजय सिंह द्वारा किया गया इसके बाद अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा लगभग 1,000 रजाइओं का वितरण किया गया बाद में खागा सीओ नें नौजवानों को नसीहत देते हुए कहा कि अपने माता पिता की सेवा करें और उनका पूरा ख्याल रखें न कि उनको बुढ़ापे में भटकने के लिए छोड़ दें अक्सर देखा जाता है कि जब माता पिता की सेवा का समय आता हैं तो उन्हें अकेला छोड़ दिया जाता हैं इससे हम सभी को सीख लेनी चाहिए कि यह वही लोग हैं जिनकी वजह से आज हम सभी इस मुकाम पर हैं खास तौर पर आज के नौजवानो को इस पर अमल करने की जरूरत है वहीं अपने जन्मदिन व माँ की पूर्णतिथि के अवसर पर क्षेत्रीय लोगो से रूबरू होते हुए समाजसेवी नरसिंह पटेल नें कहा कि आज का दिन मेरे जीवन का सबसे अहम दिन रहा जहां अपनों को लिए कुछ कर सका और आप बड़े बुजुर्ग का सहारा बन सका आप सभी का आशीर्वाद का परिणाम हैं जिसके दम पर आज आश्रम का शुभारम्भ हो सका कार्यक्रम के दौरान उपस्थित हजारों की संख्या में लोगों के भोजन की भी व्यवस्था की गई इस अवसर पर सीओ खागा संजय सिंह, के अतिरिक्त खखरेरु थाना प्रभारी अमित सिंह, वरिष्ठ पत्रकार अजय सिंह, ज्ञान सिंह, जमाल अय्यूब कोटी,सहित दर्जनों की संख्या में पत्रकार बंधुओं के अलावा पूर्व जिला पंचायत सदस्य,सतेन्द्र सिंह पटेल,आनंद पटेल, पूर्व प्रधान नथन सिंह पटेल,मनोज सिंह पटेल पूनी का पुरवा,केएल सिंह पटेल,शिव सिंह, सहित हजारों की संख्या में महिला बुजुर्ग एवं क्षेत्रीय गणमान्य मौजूद रहे!!

## अवैध कब्जो पर चला बुल्डोजर,मचा हड़कंप



(गौरव गोयल)

फतेहपुर। उप जिलाधिकारी मनीष कुमार के दिशा निर्देश नायब तहसीलदार ओम प्रकाश एवं शशांक कुमार राय ने राजस्व टीम एवं पुलिस बल के साथ सुजानीपुर गांव में ग्राम समाज की भूमि पर हो रहा अवैध कब्जे पर बडी कार्यवाही किया जिससे अवैध कब्जा दारों में हड़कंप मच गया खागा तहसील क्षेत्र के नगर पंचायत खागा अंतर्गत सुजानीपुर गांव में अवैध कब्जा दारो पर कार्यवाही करते हुए उप जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि हल्का लेखपाल विनोद कुमार द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा को लेकर मुकदमा अपराध संख्या 554ध 2022 की धारा 447, 186, 353 आईपीसी व सेक्सन तीन सार्वजनिक संपत्ति निवारण अधिनियम की धारा में रिपोर्ट दर्ज करवा दिया गया था जिसमें अवैध कब्जा करने वालों में नीतू पत्नी हरछठ ,हरछठी पिता राजाराम,समाबानो,मोहसिना बानो पुष्पा पति अज्ञात व अन्य लोगों के खिलाफ लेखपाल ने मुकदमा पंजीकृत कराया था जिसे लेकर आज टीम भेजकर अवैध कब्जा को हटवा दिया। गया और इन्होंने बताया कि गाटा संख्या 102 ऊसर सरकारी भूमि यह सारे लोग कब्जा किए हुए थे।तथा इन्होंने बताया कि अवैध रूप से ग्रामीणों द्वारा ईंट की दीवार खड़ी कर मोटी रख लकड़ियां रखकर पठान किया हुआ था और कुछ लोगों द्वारा ईट से नीव भरायी जा रही थी जिसे जेसीबी मशीन ले जाकर सभी गिरवा दिया गया है और उन्हें हिदायत दिया गया है कि कोई सरकारी भूमि पर निर्माण करता हुआ पाया गया तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी सुजानीपुर गांव निवासी शमा बानो पत्नी सरकार आलम ने बताया कि मेरे द्वारा किसी प्रकार का कोई अतिक्रमण नहीं किया गया है। लेखपाल द्वारा मेरा फर्जी तरीके से नाम डाला गया है जिसके साक्ष में दिनांक 5 जनवरी 2023 को गांव के अंबोल सिंह व ज्ञान सिंह गवाह के रूप में एफीडेविट सहित लिखित तहरीर उपजिलाधिकारी के अनुपस्थित में तहसीलदार को लिखित तहरीर दे दिया है वही लेखपाल विनोद कुमार ने बताया कि पल्ली डालकर कब्जा कर रखा था लेकिन अब मौके से हटा लिया है!

## धाता क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रहा हरे पेड़ों का कटान जिम्मेदार बेखबर

### अंतर्जनपदीय वन माफियाओं का शाम को लगता है जमावड़ा जेसीबी सहित ट्रकों की लगती है कतार ट्रकों से भरकर भेजा जाता है अन्य प्रदेशों में लकड़ियां

धाता क्षेत्र में वन माफिया हरे पेड़ों की कटान धड़ल्ले से कर रहे हैं। छूट के नाम पर लकड़ियों का बहुत बड़ा भंडारण किया जा रहा है धाता के पास अन्य प्रदेशों की टीम यहां से लकड़ियों का खरीद फरोख्त करके अपने प्रदेशों में भेजते हैं जिम्मेदार पूरे मामले पर मूकदर्शक बने हुए हैं। वन माफिया पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं और लगातार हरे पेड़ों का कटान कर कारोबार कर रहे हैं। जिम्मेदार कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर रहे हैं, जो एक बड़ा सवाल बना हुआ है। वन माफिया धड़ल्ले से हरे पेड़ों का कटान करते रहे। भले ही जिले के उच्च अधिकारी पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए प्रदेश सरकार के आदेशानुसार पौधरोपण का कार्य किया जा रहा हो। लेकिन पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के लिए माफिया लगतार कटान कर रहे है!

## थाना कोतवाली से 04 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



फतेहपुर। पुलिस थाना कोतवाली नगर से उ0नि0 अभिषेक यादव मय हमराह उ0नि0 उमाशंकर सिंह , का0 विकास कुमार, का0 शिवम यादव, का0 गणेश कुमार के द्वारा 04 नफर वांछित अभियुक्त 1. शहबान उर्फ भूरा S/O स्व0 अनीश नि0 मसवानी उम्र करीब 20 वर्ष 2. तौसीफ उर्फ लाला S/O नसीर निवासी पीरनपुर उम्र करीब 21 वर्ष 3. मो0 कमर S/O मो0 अहमद निवासी पीरनपुर उम्र करीब 26 वर्ष 4. अजय गुप्ता S/O राम प्रकाश गुप्ता निवासी शांति नगर उम्र करीब 19 वर्ष थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर को मु0अ0सं0 08/2023 धारा 379/411 भादवि0 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

## कालीजी मंदिर के पास से चोरों नें पार किए सोलर पैनल व बैटरा

### रात के अंधेरें में डेंडासई गाँव में हुई चोरी ग्राम प्रधान नें स्थानीय थाना में दिया शिकायती पत्र



(गौरव गोयल)

फतेहपुर। धाता थाना क्षेत्र के डेंडासई निवासी ग्राम प्रधान राकेश द्विवेदी, नें स्थानीय थाना में लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया की बीती रात ग्राम पंचायत डेंडासई में कालीजी मंदिर के पास में लगे (चार) सोलर पैनल व बैटरा अज्ञात चोरों द्वारा चोरी किए गए इस बीच ग्राम प्रधान राकेश द्विवेदी,नें बताया की धाता क्षेत्र में कई महीनो से चोरों का आतंक हैं इससे पहले भी क्षेत्र में चोरी की घटना होती रहीं हैं जिससे क्षेत्रीय जनता चोरों से परेशान हैं इसी कड़ी में उन्होंने कहा की बीती रात कड़ाके की पड़ रहीं ठंड का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों नें चोरी की घटना को अंजाम दिया जहा गाँव के समीप कालीजी मंदिर के पास लगे चार जोड़ी सोलर पैनल एवं बैटरा खोलकर चोर रफु चक्कर हो गए! भोर पहर जब ग्रामीणों की नजर पड़ी तो देखा गया की मंदिर के पास लगे पैनल बैटरा चोरी हो गए इस उपरांत लोगो द्वारा ग्राम प्रधान को सुचना दी गई! जिसके बाद स्थानीय थाना धाता में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित शिकायती पत्र देते हुए पुलिस प्रशासन से उचित जाँच करते हुए चोरो के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने की मांग की! वही इस घटना को तत्वकॉल सज्ञान में लेते हुए धाता थाना प्रभारी प्रवीण कुमार नें चोरों के खिलाफ छान बीन सुरु कर दी हैं उन्होंने यह भी बताया की बहुत जल्द इस पर कार्यवाही की जाएगी!

## कौशाम्बी में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बाबूजी कल्याण सिंह की जयंती मनाई गई

कौशाम्बी रमेश राजपूत की रिपोर्ट

कल्याण सिंह का जन्म 5 जनवरी, 1932 को उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले की अतरौली तहसील के मढ़ौली गाँव में हुआ। उनके पिता का नाम तेजपाल सिंह लोधी एवं माता का नाम सीता देवी था। वर्ष 1952 में कल्याण सिंह ने रामवती देवी से शादी की। इस दंपति से एक बेटे (राजवीर सिंह) और एक बेटी (प्रभा वर्मा) का जन्म हुआ। कल्याण सिंह हिंदू राष्ट्रवादी 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ' के एक स्वयंसेवक थे। कल्याण सिंह 24 जून, 1991 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने तथा बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद उन्होंने इसकी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए 6 दिसम्बर, 1992 को मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया। कल्याण सिंह ने 4 सितम्बर, 2014 को राजस्थान के राज्यपाल पद की शपथ ली तथा उन्होंने 28 जनवरी, 2015 से 12 अगस्त, 2015 तक हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल का अतिरिक्त कार्यभार भी संभाला। लंबे समय से बीमार चल रहे कल्याण सिंह जी का 21 अगस्त, 2021 को 89 की आयु में लखनऊ में निधन हो गया। 28 मार्च, 2022 को राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद द्वारा कल्याण सिंह (मरणोपरांत) को पद्म विभूषण से नवाजा गया। आज ग्राम मेडी पुर में मनाई गई जिसमे मुख्य अतिथि भाजपा मण्डल अध्यक्ष महेश लोधी और हीरा लाल भुल्लन लोधी बद्री प्रसाद लोधी जी शैलेंद्र लोधी शिव बली लोधी रामयश लोधी संजय लोधी संतोष लोधी शिवचरण लोधी धीरज लोधी मिथलेश लोधी ब्रिजेश लोधी आशीष लोधी रामअवतार लोधी दिलीप लोधी शिशुपाल लोधी रामसेवक लोधी एवं समस्त लोधी समाज के भाई बहन मौजूद रहे।

# गौनाहा बीडीओ शिव जन्म राम द्वारा भितिहरवा पंचायत का किया गया औचक निरीक्षण

***निरीक्षण के दौरान पाई गई कई समस्याएं, दी गई आवश्यक दिशा निर्देश, नि:शुल्क चिकित्सा शिविर हुआ संपन्न***

यूपी फाइट टाइम्स
अजमेर आलम

गौनाहा। प्रखण्ड के भितिहरवा पंचायत भवन में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। बताते चलें कि प्रखण्ड कार्यालय गौनाहा के पत्रांक 12 दिनांक 4 जनवरी के आलोक में भितिहरवा मुखिया सहित पंचायत के सभी जन प्रतिनिधियो के उपस्थिति में वृहस्पतिवार को 11 बजे दिन में भितिहरवा पंचायत भवन में सरकार के द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मधुमेह, ब्लड, प्रेशर, टीवी आदि बीमारियों का जांच एवं मुफ्त दवाइयां शिविर के माध्यम से मरीजों को दिया गया। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि रमेश महतो वार्ड सदस्य जुम्मन अंसारी, संतोष राम, राजेश कुमार चौरसिया, अर्जुन माझी, लीलावती देवी, विशाल कुमार, रविंद्र कुमार चौधरी इत्यादि उपस्थित रहे। वही शिविर में उपस्थित स्वास्थ्य कर्मी रेफरल अस्पताल गौनाहा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर शशि कुमार, डॉ आशीष कुमार, जीएनएम जयप्रकाश, एएनएम गूंजीता रानी, गुंजन माला, लैब टेक्नीशियन सुजीत कुमार, परिचारी कुमार दीपक पाल, डाटा एंट्री ऑपरेटर छोटे लाल शर्मा, के एच पीटी टीवी टेक्निशियन रमेश कुमार, आशा कार्यकर्ता सुनीता देवी, तारा देवी उपस्थित रहे।

वही इसी क्रम में गौनाहा बीडीओ शिवजन्म राम के द्वारा पंचायत का औचक निरीक्षण किया गया जिसमे चिकित्सा शिविर का जायजा लिया गया साथ ही पंचायत भवन अतिक्रमण को लेकर मुखिया पति को निर्देशित किया गया कि 24 घंटा के अंदर पंचायत भवन को अतिक्रमण से मुक्त करवाया जाए नहीं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वही बीडीओ द्वारा निरीक्षण के क्रम में पंचायत के विभिन्न समस्याओं से रूबरू होते हुए ग्रामीणों के बीच संवाद स्थापित कर पंचायत को बेहतर विकास के बारे में परामर्श लिया गया। साथ ही पंचायत के दर्जनों असहाय व्यक्तियों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरण का कार्य भी किया गया।।



## न्यूज सार

### दीपक चौधरी ने साथियों के संग किया प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

उरई। जनपद में प्रथम आगमन पर बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का युवा नेता दीपक चौधरी ने दर्जनों साथियों के साथ का स्वागत किया। बुधवार को बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल का जिले में आगमन हुआ। जिस पर युवा नेता दीपक चौधरी ने झांसी कानपुर हाईवे स्थित गोविंदम रेस्टोरेंट के पास दर्जनों साथियों के साथ उनका स्वागत किया प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी आगामी चुनाव में विजयश्री प्राप्त करेगी। उन्होंने कहा कि जब से केंद्र व प्रदेश में भाजपा सरकार आई है गरीबों पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं। महिलाओं के साथ घटनाएं बढ़ रही हैं। इसलिए इसको रोकने के लिए कार्यकर्ता जी जान से जुट जाएं। इस दौरान महेंद्र सर, सुनील नुंसाई, मनीष सर, अभय लल्ला, मनीष शांतिनगर, रविन्द्र सुमित आदि मौजूद रहे।

### वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त कर रहे लाभार्थी अपने बैंक में सम्पर्क कर के0वाई0सी0 कराते हुये हुए आधार कार्ड नम्बर को अपने बैंक खाते से कराएं लिंक-जिला समाज कल्याण अधिकारी

संवाददाता राधेश्याम गुप्ता
दिनांक 05 जनवरी, 2023

बलरामपुर। समाज कल्याण विभाग उ0प्र0 राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत वृद्धावस्था पेंशन योजना का संचालन किया जाता है। निदेशालय समाज कल्याण उ0प्र0 द्वारा राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत आधार आधारित भुगतान प्रणाली अपनाये जाने के निर्देश जारी करते हुये 15 जनवरी, 2023 तक शत्प्रतिशत आधार सीडिंग कराये जाने एवं फरवरी, 2023 से आधार आधारित भुगतान प्रणाली ( ।ठच्ैल्ज्म्ड ) की अपेक्षा की गयी है। यह जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी एम0पी0 सिंह द्वारा दी गयी। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त कर रहे लाभार्थी अपने बैंक में सम्पर्क कर अपने खाते में के0वाई0सी0 कराते हुये हुए आधार कार्ड नम्बर को अपने बैंक खाते से अवश्य लिंक करा लें जिससे पात्र पेंशनरों को पेंशन की धनराशि का आधार आधारित भुगतान प्रणाली से भुगतान किया जा सके। आधार कार्ड नम्बर बैंक खाते से लिंक न होने से पेंशन का हस्तान्तरण नहीं हो सकेगा।

### प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत स्वरोजगार हेतु लाभार्थियों को मिलेगा ऋण

संवाददाता राधेश्याम गुप्ता
दिनांक 05 जनवरी, 2023

बलरामपुर। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजीव कुमार सक्सेना ने जानकारी देते हुये बताया कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के बेरोजगार, नवयुवकोंध्नवयुवतियों को उद्योग स्थापना हेतु रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उद्यम क्षेत्र में रु0 50.00 लाख का ऋण तथा सेवा क्षेत्र में रु0 20.00 लाख तक का ऋण बैंक के माध्यम से दिलाये जाने का प्राविधान है। ग्रामीण क्षेत्र के लाभार्थियों को परियोजना लागत का 35 प्रतिशत (आरक्षित वर्ग) को अनुदान दिये जाने की व्यवस्था है। ग्रामीणघ क्षेत्र में उद्यम की स्थापना हेतु 03 वर्ष तक अधिकतम 13 प्रतिशत ब्याज उपादान भी नियमानुसार लाभार्थियों को प्राप्त हो सकेगा। शहरी क्षेत्र के लिए लाभार्थियों को परियोजना लागत का 25 प्रतिशत तक अनुदान दिये जाने की व्यवस्था है, जिसके लिए आनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे है। आवेदक विभाग की वेबसाइट www-kvicionline-gov-in पर जाकर pmegp e&portal पर क्लिक कर KVIB एजेन्सी का चयन करते हुये आनलाइन आवेदन किया जा सकता है। आवेदन के बाद आवेदक अपना आवेदन पत्र समस्त आवश्यक प्रपत्रों जिसमें नवीनतम फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड, जाति, निवास प्रमाण-पत्र, शैक्षिक योग्यता, प्रोजेक्ट रिपोर्ट के साथ किसी भी कार्यदिवस में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय निकट रानी धर्मशाला, बलरामपुर में जमा कर सकते है। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए मो0 नं0 9580503170, 9598782988 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### पूर्व ठेका अभिनेता स्वरुप खानविलकर बना बिल्डरों का सरदार एफ विभाग बिलाल पड़ा सर्वे नंबर 2020 में अब तक पांच हजार रूम का अवैध निर्माण कार्य पूरा किया गया अनिल पवार और अजीत मोटे और इंजीनियर किशोर पवार और संयुक्त शशिकांत पाटील सूत्रों द्वारा मिली जानकारी अनुसार

संवादाता नरगिस खान की रिपोर्ट
यूपी फाइट टाइम्स
वसई विरार



नालासोपारा प्रभाग समिति एफ के बिलाल पड़ा मैं अवैधा निर्माण एफ विभाग सूत्रों द्वारा पता चला है की बिलाल पड़ा मैं अब तक पांच हजार रूम का अवैध निर्माण किया गया है सूत्रों द्वारा पता चला है अजित मोटे ने एफ विभाग सर्वे नंबर 20 20 बिलाल पड़ा की सेटिंग की हैं सूत्रों द्वारा मिली जानकारी अनुसार बिलाल पड़ा के सभी बिल्डर बोलते हैं हमारे किसी अवैध निर्माण पर कार्रवाई नहीं हो सकती हैं क्योंकि हम सब बिल्डर अजित मोटे और अनिल पवार और एफ विभाग के सयुक्त शशीकांत पाटील और इंजीनियर किशोर पवार सेंटिग किए हैं। हमारी अवैध निर्माण कार्य की जिमेदारी अजित मोटे और अनिल पवार ने ली हैं। सूत्रों द्वारा पता चला है। अजित मोटे साहेब बुलेट लेकर जम्मू, कश्मीर, कर्नाटक, केरला,नेपाल तक घूम आए एक बार जेसीबी लेकर प्रभाग एफ के बिलाल पड़ा मैं भी घूम आते आरोग्य विभाग ने सालों से जिस नाले की साफ सफाई में जनता के टैक्स से वसूले लाखों रूपये खर्च्च कर दिए और आने वाले बरसात में जिसके कारण हजारों परिवार जलभराव व गंदगी से प्रभावित होंगे उसे तो बचा लेते अब देखना ये है सूत्रों द्वारा मिली जानकारी अनुसार ये बात सच है के बिलाल पड़ा के सभी बिल्डर जो बोल रहे हैं हमारे सभी अवैधा निर्माण पर कार्रवाई नहीं कर सकते हैं अजित मोटे साहेब अगर ये बात सच नहीं हैं तो अजित मोटे साहेब इस अवेध निर्माण पर कार्रवाई कर पाएंगे।

## जिलाधिकारी ने बिदांव गौशाला का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

आर पी यादव ब्यूरो चीफ



कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने आज सम्बन्धित अधिकारियों के साथ गौशाला बिदांव का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान गौशाला की टूटे हुई तार फेसिंग का अवलोकन करते हुए सहायक अभियंता, यू0पी0सिडको को तार फेसिंग का कार्य पिलर सहित मजबूती से एक सप्ताह के अन्दर कराने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को राज्य वित्त के तहत धनराशि प्राप्त हो जाने पर गुणवत्तापूर्ण बाउण्ड्रीवाल का निर्माण सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने थानाध्यक्ष, कौशाम्बी से कहा कि गौशाला के बाउण्ड्री का कार्य शासकीय कार्य है, यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा अवरोधा उत्पन्न किया जाता है तो उसके विरूद्ध एफ0आई0आर0 दर्ज कर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम प्रधान को भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये कि किसी भी व्यक्ति द्वारा अवरोधा उत्पन्न न किया जाय। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को गौशाला में तार फेसिंग का कार्य पूर्ण हो जाने पर गोवंशों को संरक्षित करने के निर्देश देते हुए कहा कि गौशाला में भूसा-चारा आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही गोवंशों को ठण्ड से बचाव के लिए भी सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि केयर टेकर रात्रि में गौशाला में अवश्य उपस्थित रहें। जिला पंचायत राज अधिकारी बालगोविन्द श्रीवास्तव ने बताया कि बिदांव गौशाला की देख-भाल में शिथिलता बरतने के कारण ग्राम प्रधान के विरूद्ध पंचायतीराज एक्ट-95(झ) के तहत नोटिस जारी की गई है।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी प्रखर उत्तम, क्षेत्राधिकारी योगेन्द्र कृष्ण नारायण एवं खण्ड विकास अधिकारी, कौशाम्बी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## हीरालाल जायसवाल की 9वी पूर्णतिथि पर निशुल्क स्वास्थ शिविर एवम् विशाल कंबल वितरण समारोह का किया गया भव्य आयोजन



ज्ञानेश्वर बरनवाल देवरिया

देवरिया। जनपद के देसही ब्लाक के नव सृजित हेतिमपुर नगर पंचायत में स्वर्गीय हीरालाल जायसवाल की 9वी पूर्णतिथि के अवसर पर विशाल कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वर्गीय हीरालाल जायसवाल के पुत्र और समाजसेवी मनोज जायसवाल के द्वारा बढ़ती ठंड में ठिठुरते गरीब असहाय मजदूर लोगों को अपने पिता श्री स्वर्गीय हीरालाल जायसवाल के 9वी पूर्ण तिथि के अवसर पर निशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन एवम कंबल वितरित किया गया ।आपको बताते चलें कि पिछले कुछ दिनों से ठंड काफी बढ़ रही हैं तथा तेज हवाओं और गलन से लोगो के जीवन पर काफी प्रभावित हो रही है। ऐसे में जहां गरीब असहाय मजदूर लोग बीमार ना हो इसके लिए उनके स्वास्थ शिविर में जांच और ठंड से निजात के लिए कंबल वितरित राहत कार्य किया गया। हाटा विधायक मोहन वर्मा ने कहा कि ये समाज के लिए बहुत ही सराहनीय पहल एवम् पूर्ण कार्य है। मौजूदा समय में हमारी सरकार गरीब मजदूर असहाय लोगों की मदद का कार्य कर रही है। समाजसेवी मनोज जायसवाल प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी गरीब असहाय मजदूर लोगों को विशाल कंबल का वितरण किया गया ।समाजसेवी मनोज जायसवाल ने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म और पूर्ण कार्य नहीं है उनके पिता श्री स्वर्गीय हीरालाल जायसवाल आजीवन हमेशा कमजोर , गरीब, मजदूर और दलित लोगों की सेवा में लगे रहे। आज वो हमारे बीच नहीं हैं फिर भी उनके स्मृति,विचार, और मानवीय संवेदना, सामाजिक कार्य, और आदर्श जिंदा है। उनके द्वारा दिखाए हुए मार्ग पर लोगों की सेवा में मेरा जीवन समर्पित रहेगा। सामाजिक धर्म और मानव सेवा ही गरीब,असहाय बेबस, लाचार, मजदूरों और दलितों के लिए सही मायनों में सच्ची सेवा है जो हमेशा जारी रहेंगी। इस दौरान हाटा विधायक मोहन वर्मा, मनोज जायसवाल, दिलीप जायसवाल, श्रीमति उर्मिला देवी, श्रीमति सुमन जायसवाल, डॉक्टर अजय कुमार द्विवेदी, डॉक्टर खुशबू जायसवाल, बृजनारायण निषाद,ग्राम प्रधान भुजौली रामप्रताप सिंह , पूर्व प्रधान किशोरी जायसवाल, उमेशनिषाद डॉक्टर अंजली, डॉक्टर रवि राय, एम के गौतम, विकास गुप्ता, सहित विभिन्न रोगों का निशुल्क स्वास्थ जांच किया गया। तथा बड़ी संख्या में महिलाए, बुजुर्ग और बच्चे उपस्थित रहे।

# बाबा उमाकान्त जी ने घड़े की जीवन गाथा से समझाया कि इसी तरह से कीमती, परोपकारी, प्रभु के काम आने वाला बनना है

***सन्त कर्मो की धुलाई कैसे करते, अहंकार का गला कैसे काटते हैं***

***सन्त अपने संस्कारी जीवों को खोज कर पकड़ते, अपनाते, उनका कल्याण करते हैं***




परम् सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज





उज्जैन (म.प्र.)। इस समय धरती पर जीवों को नाम दान देने के एक मात्र अधिकारी, उन्हें सतसंग सुना कर, अपने असला घर सतलोक चलने की इच्छा जगाने वाले, पिछले कर्मों की धुलाई सेवा सुमिरन ध्यान भजन से करवाने वाले, प्रभु की कृपा प्राप्त करने, उनके दर्शन योग्य बनाने वाले, क्रोध लोभ मोह अहंकार रूपी भूतों से छुटकारा दिलाने वाले, अंदर-बाहर दोनों तरफ से संभाल करते हुए गिन-गिन कर कमियों को दूर करने वाले, इस समय के महापुरुष, पूरे समरथ सन्त सतगुरु, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने 4 नवंबर 2020 सायं उज्जैन आश्रम में बताया कि सन्तों के, महात्माओं के जीव (विभिन्न जगहों पर) पड़े रहते हैं। सन्त उनको खोज करके लाते, पकड़ते हैं। एक बार गुरु महाराज (बाबा जयगुरुदेव) रास्ते में जा रहे थे, गांव की तरफ चले गए जहां कोई बकरी, कोई भेड़ चरा रहा है। जब किसी संस्कारी जीव को पकड़ना होता था तो वहीं बैठकर सतसंग सुना देते थे। सुनकर उसमें नाम दान लेने की इच्छा जग जाती थी। तब कोई पूछ भी लेता था कि भगवान कैसे मिलेगा? जो आप बता रहे हो उस (जन्म-मरण की) तकलीफ से कैसे छुटकारा होगा? तो कह देते थे, रास्ता मैं जानता हूं, मैं बता सकता हूं। जैसा मैं बताऊंगा वैसा करोगे? भजन करोगे? ध्यान लगाओगे? कहता था हां महाराज। तो वहीं नाम दान दे देते थे। इतिहास में कई जगह मिलता है। जब देखोगे सुनोगे पढोगे तो समझ में आ जाएगा कि कैसे-कैसे जीवों को सन्त पकड़ते हैं।

सन्त कैसे कर्मों की धुलाई करवाते हैं

अब सन्त इसके बाद रगड़ाई के समान कर्मों का मैल छुडाते धुलवाते हैं तो तकलीफ होती है। तो बहुत से संतसंगी बिचकने लगते हैं। क्या नाम दान ले लिया? क्या इस तरह से तकलीफ झेलना पड़ रहा है। यह तो मालूम नहीं है कि कर्मों को काटा, साफ किया जा रहा है। आपको क्या बनाया जा रहा है? जैसे पैरों से रौदती हुई मिट्टी कभी नहीं सोच-समझ पाती कि हम भी कुछ बन जाएंगे और हमारी भी कभी कोई सराहना करेगा, हम भी किसी के काम आएंगे। ऐसे ही प्रेमियों को निराश नहीं होना चाहिए। गुरु की, प्रभु की मौज में रहना चाहिए। आप बहुत जल्दी नाराज हो जाते हो इसीलिए आपको उदाहरण देकर समझाता हूं। जब माटी को रौंद दिया, हाथ से मसला और फिर उसको इकट्ठा करके चाक पर चढ़ा दिया। चाक वो जो चलता घूमता रहता है। (गुरूजी) कहते हैं रोज प्रचार, रोज भजन, रोज ध्यान करो। यह सब क्या है? कुछ नहीं, एक ही दिन में सुरत चढ़ा दो, एक ही दिन में सतलोक पहुंच जाए, जो गुरु आप समरथ हो तो सतलोक, स्वर्ग बैकुंठ आज ही दिखा दो। अरे भाई! पहले देखने लायक तो बन जाओ। वह (अंतर का शब्द) आवाज यह कान बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। वह आवाज यदि कान में पड़ जाए तो मालूम पड़ेगा कान, शरीर फट गया। कहां से आप सुन पाओगे? तो लायक तो बनो। अंदर वाले कान की सफाई तो हो तब तो आवाज सुनाई पड़ेगी। चाक पर चढ़ाया। रोज रगड़ाई, धुलाई करो, कर्मों को धोओ, सुमिरन ध्यान भजन रोज करो।

सन्त अहंकार का गला कैसे काटते हैं

तो उसमें चलते रहो। जैसे जब चाक पर मिट्टी चली फिर घूमती रही तो सोचती है कि भाई क्या हमारी जिंदगी में यही है। हमको खोदे, गधे के ऊपर लादे, रौंदे गये। फिर अब चाक पर चढ़ा कर लगातार घूमते ही जा रहे हैं। लेकिन कुम्हार हाथ से मिट्टी को बढ़िया सुंदर सुडौल बना रहा है कि किसी लायक बन जाए, किसी के काम आ जाए। उसके बाद जब थोड़ा ऊपर उठा तो उसका गला ही काट दिया? गुरु क्या करते हैं? अहंकार का गला काट देते हैं। काम क्रोध लोभ मोह अहंकार भूतों को एकदम से बिल्कुल ढीला कर देते हैं। अब प्रेमी फिर सोचता है कि हमारी कितनी आकांक्षा, दुनिया की इच्छा थी, हमको कितना सुख इसमें (दुनिया में) मिलने वाला था लेकिन बाबाजी गुरुजी ने रोक दिया। मेहनत, ईमानदारी की कमाई करो। उतनी ही इच्छा रखो कि जिससे परिवार चलता रहे, बच्चे नालायक न बने, आप किसी झगड़ा-झंझट में न फंसो। अब उन इच्छाओं का दमन हो गया। गला न काटे तो बर्तन में सुराख नहीं बनेगा। कुम्हार हाथ से सुराख बनाता रहा। अब उसको सही करना है ताकि उसकी कीमत बढ़ जाए। यानी शरीर की कीमत बढ़ जाए। अंदर हाथ डाल कर बर्तन को गहरा करते गए ताकि अंदर जगह बन जाए, अंदर की गंदगी सब साफ हो जाए।

गुरु अंदर से सहारा देते हुए बाहर से चोट मार-मार कर कमियों को दूर करते हैं

पहले तो हाथ से साफ किया फिर उसके बाद कुम्हार एक हाथ अंदर लगाता है और दूसरे से थपकी मारता है। इतना तेज नहीं मारता है कि घड़ा टूट जाए, इतना तकलीफ गुरु नहीं देते हैं, इतना मन को नहीं मार देते हैं कि आप टूट जाओ, संगत से अलग हो जाओ, दुनिया की तरफ ही बह जाओ, जहां से निकाल करके लाए फिर वहीं पहुंच जाओ। मिट्टी को खोद कर निकालता है, बढ़िया सुंदर सुडौल बना देता है जिससे इसकी कीमत बढ़ जाए। फिर जब घड़ा बन गया तो पकाने के लिए आग में डाल दिया। तो ऐसे ही जब सफाई हो जाती है तब शरीर की तपाई होती है, फिर इसमें हर तरह से निखार आता है। तपाई यानी कसौटी पर कसे जा रहे हैं कि अब लायक हुए कि नहीं हुए। पहले तो यह सब काम सन्त पहले ही करवा कर फिर नाम दान देते थे। अब? अब कोई कर नहीं सकता तो नाम दान पहले दे देते हैं और सतसंग सुनाते रहते हैं। मन को दुनिया से हटा कर सतसंग का खुराक देते रहते हैं तो इच्छा जग जाती है। समझ में जब आ जाता है तब धीरे-धीरे सफाई करते, तपाते हैं और जब निखार आ जाता है तो शरीर का, जीवात्मा का भाव बढ़ जाता है। ख्क्रमशः,

# सम्पादकीय


संपादक
सतीश गोयल


## संवेदनहीनता की हद

नये साल की भोर से पहले दिल्ली की सुल्तानपुरी में स्कूटी सवार लड़की के साथ जो क्रूरता हुई उसने हर भारतीय को विचलित किया। एक कार ने न्यू ईअर पार्टी से लौट रही लड़की को टक्कर मारी और फिर कार के नीचे फंसी इस लड़की को बारह किलोमीटर कंझावला तक घसीटा गया। जिससे उसकी मौत हो गई। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में कार चालक व सवार लोगों की संवेदनहीनता की पराकाष्ठा देखिए कि उन्होंने तड़पती लड़की को रौंदती गाड़ी में कुछ असामान्य महसूस नहीं किया। असंभव है कि स्कूटी को हिट करके भागने के बाद उन्हें कुछ असामान्य घटता महसूस न हुआ हो। विडंबना देखिये कि देश की राजधानी में नये साल के हुड़दंग के चलते पुलिस की सख्ती और ज्यादा फोर्स व गश्ती वाहन तैनात करने के दावे किये जा रहे थे। जगह-जगह पर पुलिस के नाके लगाने के दावे के बावजूद किसी पुलिस वाले की नजर अपराधियों पर नहीं पड़ी। इस रास्ते पर सीसीटीवी कैमरों का न होना भी सवाल खड़ा करता है। बताते हैं कि प्रत्यक्षदर्शियों ने कार से लड़की को घसीटता देखे जाने के बाद पुलिस को फोन किया लेकिन वह तब पहुंची जब लड़की दम तोड़ चुकी थी। पुलिस ने पांच आरोपियों को पकड़ा है, जिसमें एक राजनीतिक दल का नेता भी है। हालांकि, मृतका के परिजन यौन हिंसा के बाद हत्या होने के आरोप लगाते रहे, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह आरोप पुष्ट नहीं हुआ। हालांकि, बाद में युवती के साथ स्कूटी पर जा रही लड़की ने स्पष्ट किया कि उनकी स्कूटी को कार ने टक्कर मारी थी। उसने यह भी दलील दी कि वह जांच-पड़ताल के डर से घटना स्थल से भाग गई थी। आरोपियों की दलील है कि कार में तेज संगीत चल रहा था और नशे के कारण कार के नीचे किसी के होने का पता उन्हें नहीं चला। उनके इस आपराधिक कृत्य के लिये ऐसी दलील स्वीकार्य नहीं है।

निस्संदेह, कार सवारों के इस अमानवीय कृत्य को किसी भी कीमत पर माफ नहीं किया जा सकता। उन्हें इसके लिये कड़ा दंड मिलना ही चाहिए। यह सिर्फ 'हिट एंड रन' का ही मामला नहीं है। वे एक क्रूर हत्या के भी गुनहगार हैं। कल्पना करके भी डर लगता है कि एक जिंदगी कार के टायरों व सड़क के बीच रौंदी जाती रही और पुलिस व समाज से उसे कोई मदद नहीं मिली। इस भयानक कृत्य में पुलिस की लापरवाही अक्षम्य है। पुलिस चुस्त-दुरुस्त होती तो शायद एक जान बच जाती। शायद पुलिस-कानून का भय समाप्त होने से अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं। सवाल आये दिन घटने वाली अमानवीय घटनाओं का भी है। आखिर इंसान इतना संवेदनहीन व क्रूर क्यों होता जा रहा है? नये साल मनाने का ऐसा जुनून भी क्या कि एक लड़की की दर्दनाक चीख शराब के नशे और कानफोड़ू संगीत के तले दब कर रह गई। कार चालकों में इंसानियत होती तो वे स्कूटी को टक्कर मारने के बाद उसका हालचाल पूछते। उसे यदि अस्पताल ले जाते तो शायद उसकी जिंदगी बच जाती। यह अक्षम्य अपराध है कि पहले स्कूटी को टक्कर मारी, लड़की को रौंदा और फिर उसे घसीटते हुए भाग खड़े हुए। घटना किसी सभ्य समाज के माथे पर कलंक है। जो मानवीय मूल्यों के क्षरण के खतरों से हमें रूबरू कराती है। विडंबना यह है कि इस घिनौने कृत्य से एक ऐसी लड़की की जिंदगी चली गई जो एक बीमार मां, चार बहनों व दो छोटे भाइयों के जीवनयापन के लिये संघर्ष कर रही थी। इस वीभत्स कांड की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। पुलिस की जवाबदेही के साथ मामले की जांच होनी चाहिए। साथ ही दुपहिया वाहनों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। खासकर जो लोग विषम परिस्थितियों में काम करके लौट रहे होते हैं। राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2021 में सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाने वालों में आधे दोपहिया वाहनों का उपयोग कर रहे थे। निस्संदेह चौबीसों घंटे की पुलिस गश्त और इलेक्ट्रॉनिक निगरानी ऐसी मौतों को कम करने में मददगार साबित हो सकती है।

## वैज्ञानिकों का आह्वान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को वैज्ञानिक शोधकर्ताओं से आग्रह किया कि वे देश को आत्मनिर्भर बनाने और रोजमर्रा की जिंदगी में बदलाव लाने के लिए ज्ञान का विस्तार करने पर ध्यान केंद्रित करें। इसके लिए उन्होंने अगले 25 वर्षों में विज्ञान को लेकर अपना दृष्टिकोण भी रेखांकित किया। प्रधानमंत्री मोदी तुकड़ोजी महाराज नागपुर विविद्यालय में 108वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन कर रहे थे। उन्होंने वैज्ञानिक प्रक्रियाओं को मजबूत करने, क्वांटम प्रौद्योगिकी, डेटा विज्ञान, नये टीकों के विकास जैसे उभरते क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने, नई बीमारियों के लिए



निगरानी के प्रयासों को तेज करने और युवाओं को अनुसंधान के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। दरअसल, बीते कुछ वर्षों से विज्ञान खासकर नव क्षेत्र उन्नयन और नवोन्मेषण पर सरकार के जोर देने का ही नतीजा है कि भारत विज्ञान के क्षेत्र में शीर्ष देशों में शामिल हो गया है। 2015 में भारत जहां 130 देशों के ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में 81वे नंबर पर था वहीं सात साल में विज्ञान के क्षेत्र में ऐसे कई बड़े इनोवेशन हुए जिनके कारण भारत अब 41वे नंबर पर आ गया है। बेशक, बड़े इनोवेशन हुए हैं लेकिन प्रयोगशाला में मिले नतीजों का लाभ जमीनी स्तर तक पहुंचाना अभी भी सबसे बड़ी चुनौती है। ग्लोबल से लोकल स्तर तक विज्ञान में हुए शोधों का लाभ आम जन तक पहुंचना जरूरी है। रिसर्च का फायदा रियल लाइफ में मिलेगा तभी विज्ञान रोजमर्रा की जिंदगी में अनगिनत फायदों का जरिया बन सकता है। जीवन को सहज और आसान बना सकता है। विज्ञान से लाभान्वित होने की अपेक्षा और आकांक्षा बेवजह नहीं है। दरअसल, भारत ने विज्ञान के क्षेत्र में तेजी से कदम बढ़ाए हैं। न केवल ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में अपनी रैंकिंग में सुधार किया है, बल्कि उद्यमशीलता का ऐसा नायाब प्रदर्शन किया है कि आज वह स्टार्टअप की व्यवस्था में विश्व के शीर्ष तीन देशों में शामिल है। प्रौद्योगिकी के लिहाज से भारत खासे मजबूत आधार वाला देश है, और प्रयास करे तो अगले 25 वर्षों में विज्ञान के क्षेत्र में नई इबारत लिख सकता सकता है। विकसित देशों में भारतीय मेधा ने अपने ज्ञान का लोहा मनवाया है। मजबूत प्रौद्योगिकी और डाटा आधार के बल पर कोई भी देश बढ़ सकता है, और इस दृष्टि से भारत लाभ की स्थिति में है। जरूरत है तो इस बात की कि इस ओर ध्यान केंद्रित किया जाए।

### सूक्ति

प्रेम करने वाला व्यक्ति कभी भी उद्दंड अत्याचारी और स्वार्थी नहीं होता।

– महात्मा गांधी

अनुराग यौवन रूप या धन से उत्पन्न नहीं होता। अनुराग अनुराग से उत्पन्न होता है।

– प्रेमचंद

### चिंतन-मनन

## माँ है तो सबकुछ है

माँ एक गुरु के रूप में अपनी संतान को संस्कार देती है। माता जीवन का निर्माण करती है तो पिता उसे उन्नति के शिखर तक ले जाता है। माँ है तो सबकुछ है और यदि माँ नहीं तो कुछ भी नहीं। जो अपनी माँ को प्रसन्न रखता है वह उसके आशीर्वाद का वरदान भी पाता है। ऐसी परम उपकारी वात्सल्य मूर्ति माँ की आँखों में कभी आँसू नहीं आने देना। जो विनयपूर्वक परमात्मा और सद्गुरु के चरणों में समर्पित हो जाता है वह सबकुछ पा जाता है। सद्गुरु हमें ज्ञान देते हैं। सद्गुरुरूपी नाविक के साथ धर्मरूपी नौका में बैठकर इंसान संसार सागर को पार कर लेता है। आज व्यक्ति धन-वैभव का अहंकार करता है परंतु वह अंत में धराशायी हो जाता है। जिसके जीवन में विनय का गुण है वह ज्ञान प्राप्त कर सकता है। माँ एक गुरु के रूप में अपनी संतान को संस्कार देती है। माता जीवन का निर्माण करती है तो पिता उसे उन्नति के शिखर तक ले जाता है। माँ है तो सबकुछ है और यदि माँ नहीं तो कुछ भी नहीं।




## दो गज की दूरी, मास्क जरूरी


प्रबन्ध संपादक
मदन पाल सिंह

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा निसंदेह एक तपस्या है। देश में एकता स्थापित करने के लिए ऐसी यात्राएं पहले भी हो चुकी हैं। आद्य शंकराचार्य ने भी भारत में सांस्कृतिक ज्ञान का संदेश प्रवाहित करने के लिए ऐसी ही यात्रा की थी। हम तो चाहते हैं कि राहुल गांधी अपनी यात्रा के माध्यम से देश को मजबूत करने का कार्य करें, लेकिन ऐसी यात्राओं के लिए निकलने से पहले मन में विरक्ति का भाव भी होना चाहिए। लेकिन राहुल गांधी के मन में चल रहे विचारों को देखकर ऐसा लगता नहीं है कि उनके स्वभाव में विरक्ति है। उन्होंने अपनी यात्रा के दौरान महाराष्ट्र में वीर सावरकर का उल्लेख करते समय नफरत का ही परिचय दिया। इसलिए कहा जा सकता है कि जब नफरत के बीजों का अंकुरण उनके मन में ही हो रहा है तो सद्भाव के फूल कैसे खिलेंगे।



हम भली भांति जानते हैं कि भारत की संस्कृति कभी भी नफरत के वातावरण का समर्थन करने वाली नहीं रही, इसलिए सवाल यह है कि देश में नफरत के भाव का बीजारोपण किसने किया। क्या इसके लिए लंबे समय तक राज करने वाली कांग्रेस की सत्ता जिम्मेदार नहीं है? क्या टुकड़े-टुकड़े गैंग का समर्थन करने में कांग्रेस नेताओं की भूमिका नहीं रही? इसमें तो स्वयं राहुल गांधी ही उनका समर्थन करने पहुंचे थे। इन बातों से लगता है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है। वे बात कुछ और करते हैं, लेकिन उनकी बातों का असर उनकी कार्यशैली में दिखाई नहीं देता। वर्तमान में राहुल गांधी की केवल एक ही शैली दिखाई देती है, वह है केवल देश को नीचा दिखाने की शैली।

सांप्रदायिक सद्भाव तो भारत का मूल है, लेकिन राहुल गांधी को आज यह बात समझ में आई है। लेकिन इसके बाद भी सवाल यह आता है कि उनकी यात्रा में सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने वाले नेता या अन्य व्यक्ति क्यों शामिल हो रहे हैं? क्या इससे कांग्रेस के चरित्र का पता नहीं चलता? अगर कांग्रेस नेता वास्तव में सद्भाव के वातावरण का उत्थान चाहते हैं तो इसमें नफरत फैलाने वाले लोगों को शामिल नहीं करना चाहिए था। कांग्रेस को चाहिए कि वह अपनी यात्रा में ऐसे लोगों को शामिल करने का प्रयास करे, जिनकी पहचान शांति स्थापित करने वाली रही हो। ऐसे प्रयासों के लिए राजनीतिक विचार को तिलांजलि देना पड़े तो दे देना चाहिए। क्योंकि राजनीतिक विचार ही नफरत की भावना को बढ़ावा देने का कार्य करता है। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह भी है कि कांग्रेस नेताओं के मन में वर्तमान केन्द्र सरकार के प्रति द्वेष भाव भरा हुआ है। द्वेष भाव को धारण करने वाला व्यक्ति कभी भी सद्भाव नहीं ला सकता। देश भावना यही कहती है कि हम अच्छी बातों का दिल खोलकर स्वागत करें और भारतीय संस्कृति के विरोध में उठने वाले हर कदम का विरोध करें।

कांग्रेस की अवधारणा के बारे में कुछ लोगों में यह सवाल उठता है कि कांग्रेस ईसाई और मुसलमानों के बारे कभी विरोधात्मक शैली नहीं अपनाती। इनके गलत कामों पर भी कांग्रेस के नेता मौन साध लेते हैं। हो सकता है कि यह सहजता में होता हो, लेकिन जितने मुंह उतनी बातें तो होती ही हैं। अभी यात्रा के बारे में भी यह सवाल उठने लगा है कि कांग्रेस ने इसी समय भारत जोड़ो यात्रा को विराम क्यों दिया है? कहने वाले तो यहां तक कहने लगे हैं कि यह यात्रा केवल क्रिसमस और अंग्रेजी नया साल मनाने में कोई व्यवधान न हो, इसलिए ही रोकी गई है। यह सभी जानते हैं कि अंग्रेजी नव वर्ष प्राकृतिक त्योहार नहीं है और न ही इसका प्रकृति से कोई संबंध ही है, फिर क्यों इसको बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। यह भी सर्वविदित ही है कि हम प्रकृति का साथ देंगे तो प्रकृति भी हमारा साथ देगी। आज समाज का बहुत बड़ा वर्ग यह कहने का साहस जुटाने लगा कि एक जनवरी वाला नव वर्ष भारत का नहीं है। लेकिन कांग्रेस के नेता इस भारतीय धारणा को बदलने का प्रयास करते दिखाई दे रहे हैं। राहुल गांधी अगर अपने आपको हिन्दू मानते हैं तो उन्हें हिन्दू होने का परिचय अपनी कृति से देना ही होगा। अगर ऐसा होगा तो वह सांप्रदायिक सद्भाव को सही मायने में समझने लगेंगे।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा निसंदेह एक तपस्या है। देश में एकता स्थापित करने के लिए ऐसी यात्राएं पहले भी हो चुकी हैं। आद्य शंकराचार्य ने भी भारत में सांस्कृतिक ज्ञान का संदेश प्रवाहित करने के लिए ऐसी ही यात्रा की थी। हम तो चाहते हैं कि राहुल गांधी अपनी यात्रा के माध्यम से देश को मजबूत करने का कार्य करें, लेकिन ऐसी यात्राओं के लिए निकलने से पहले मन में विरक्ति का भाव भी होना चाहिए। लेकिन राहुल गांधी के मन में चल रहे विचारों को देखकर ऐसा लगता नहीं है कि उनके स्वभाव में विरक्ति है। उन्होंने अपनी यात्रा के दौरान महाराष्ट्र में वीर सावरकर का उल्लेख करते समय नफरत का ही परिचय दिया। इसलिए कहा जा सकता है कि जब नफरत के बीजों का अंकुरण उनके मन में ही हो रहा है तो सद्भाव के फूल कैसे खिलेंगे। कांग्रेस नेताओं के मन में जब तक ऐसा भाव रहेगा, तब तक कितनी भी यात्राएं निकाल लें, वे देश का मन नहीं जीत सकते। देश का मन जीतने के लिए भारत की संस्कृति को मन और मस्तिष्क में धारण करना होगा। तभी भारत जोड़ो यात्रा का उद्देश्य सफल होगा।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)


### तात्या टोपे जयन्ती पर विशेष

## क्रांतिवीर तात्या टोपेः आजादी के प्रथम स्वाधीनता समर का अपराजेय योद्धा

प्रहलाद भारती

ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम के महानायक रामचन्द्र पांडुरंगराव येवलेकर अर्थात तात्या टोपे की 06 जनवरी को जयंती है। अपनी वीरता और रणनीति के लिये विख्यात महानायक तात्या टोपे का जन्म 1814 में येवला ग्राम में एक देशस्थ कुलकर्णी परिवार में हुआ था। तात्या की माँ का नाम श्रीमती रुक्मिणी बाई व पिता पाण्डुरंगराव भट्ट येवलेकर थे। तात्या का परिवार 1818 में नाना साहब पेशवा के साथ ही बिठूर आ गया था। अंग्रेजों द्वारा हर कदम पर भारत और भारतीयों के विरुद्ध खेली जा रही चालों के विरुद्ध एक देशव्यापी अभियान संगठित रूप से चलाने में नाना साहब पेशवा के साथ तात्या टोपे का एक बड़ा योगदान था। यह अभियान 1857 के संग्राम से काफी पहले से आरम्भ होकर तात्या टोपे की मृत्यु तक निर्बाध चलता रहा। 1857 की क्रांति में तात्या टोपे ने छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा शुरू की गई 'गुरिल्ला युद्धशैली' (छापामार युद्धशैली) को अपनाकर आजादी की लड़ाई को अपनी शहादत तक निरन्तर जारी रखा।

तात्या टोपे के साहसपूर्ण कार्य और विजय अभियान रानी लक्ष्मीबाई के साहसिक कार्यों और विजय अभियानों से कम रोमांचक नहीं थे। रानी लक्ष्मीबाई के युद्ध अभियान जहां केवल झांसी कालपी और ग्वालियर के क्षेत्रों तक सीमित रहे थे वहीं तात्या टोपे एक विशाल राज्य के समान कानपुर से राजपूताना और मध्य भारत तक फैल गए थे। कर्नल ह्यूरोज जो मध्य भारत युद्ध अभियान के सर्वेसर्वा थे ने यदि रानी लक्ष्मीबाई की प्रशंसा 'उन सभी में सर्वश्रेष्ठ वीर' के रूप में की थी तो मेजर मीड को लिखे एक पत्र में उन्होंने तात्या टोपे के विषय में यह कहा था कि – वह भारत की आजादी के युद्ध के राजनेताओं में बहुत ही विप्लवकारी प्रकृति के थे और उनकी संगठन क्षमता भी प्रशंसनीय थी।' तात्या टोपे ने आजादी के आंदोलन के उस समय के सभी क्रांतिकारी नेताओं की अपेक्षा शक्तिशाली ब्रिटिश शासन की नींव को कहीं अधिक ताकत और सामर्थ्य के साथ हिलाकर रख दिया था। उन्होंने शत्रु के साथ लंबे समय तक संघर्ष जारी रखा। जब स्वतंत्रता संघर्ष के सभी नेता एक-एक करके अंग्रेजों की श्रेष्ठ सैनिक शक्ति से पराभूत हो गए तो उस स्थिति में भी तात्या टोपे अकेले ही क्रांति की पताका फहराते रहे। उन्होंने लगातार नौ महीनों तक उन आधे दर्जन ब्रिटिश कमांडरों को छकाया जो उन्हें पकड़ने की कोशिश कर रहे थे। वे अपराजेय ही बने रहे। तात्या टोपे अंग्रेज सेनापतियों को नाकों चने चबवाते रहे। उदाहरण है उत्तर में अलवर से लेकर दक्षिण में नयापुरा तक और पश्चिम में उदयपुर से लेकर पूर्व में सागर तक का इतिहास।



तात्या टोपे के व्यक्तित्व में विशिष्ट आकर्षण था। जानलैंग ने जब उन्हें बिठूर में देखा था तो वे उनके व्यक्तित्व से प्रभावित नहीं हुए थे। उन्होंने तात्या के विषय में लिखा है कि – वह औसत ऊंचाई लगभग पांच फीट आठ इंच और इकहरे बदन के लेकिन दृढ़ व्यक्तित्व के थे। देखने में सुंदर नहीं थे। उनका माथा नीचा नाक नासाछिद्रों के पास फैली हुई और दांत बेतरतीब थे। उनकी आंखें प्रभावी और चतुरता से भरी हुई थी। जैसी कि अधिकांश एशियावासियों में होती हैं किंतु उसके ऊपर उनकी विशिष्ट योग्यता के व्यक्ति के रूप में कोई प्रभाव नहीं पड़ा।'

'बाम्बे टाइम्स' के संवाददाता ने तात्या टोपे से उनकी गिरफ्तारी के बाद भेंट की थी और 18 अप्रैल 1859 के संस्करण में लिखा था कि– ''तात्या न तो खूबसूरत हैं और न ही बदसूरत किंतु वह बुद्धिमान हैं। उनका स्वभाव शांत और निर्बाध है। उनका स्वास्थ्य अच्छा और कद औसत है। उन्हें मराठी उर्दू और गुजराती का अच्छा ज्ञान था। वे इन भाषाओं में धारा-प्रवाह बोल सकते थे। वह रूक-रूक कर किंतु स्पष्ट रूप से एक नपी-तुली शैली में बोलते थे। किंतु उनकी अभिव्यक्ति का ढंग अच्छा था और वे श्रोताओं को अपनी ओर आकृष्ट कर लेते थे। यह सच है कि तात्या अपनी वाक-शक्ति और समझाने की अपनी शक्ति से प्रायः अपने विरोधियों की सेनाओं को भी समझाकर अपने पक्ष में मिला लिया करते थे।''

पाड़ौन के जंगल में तात्या टोपे के साथ विश्वासघात हुआ। राजा मानसिंह अंग्रेजों से मिल गया और उसकी गद्दारी के कारण तात्या टोपे 08 अप्रैल 1859 को सोते समय में पकड लिए गये। रणबाँकुरे तात्या को कोई जागते हुए नहीं पकड सका। विद्रोह और अंग्रेजों के विरुद्ध युद्ध लडने के आरोप में 15 अप्रैल 1859 को शिवपुरी में तात्या का कोर्ट मार्शल किया गया। कोर्ट मार्शल के सब सदस्य अंग्रेज थे। परिणाम जाहिर था उन्हें मौत की सजा दी गयी। शिवपुरी के किले में उन्हें तीन दिन बंद रखा गया। 18 अप्रैल 1859 को शाम पाँच बजे तात्या को अंग्रेज कंपनी की सुरक्षा में बाहर लाया गया और हजारों लोगों की उपस्थिति में खुले मैदान में फाँसी पर लटका दिया गया। कहते हैं तात्या फाँसी के चबूतरे पर दृढ कदमों से ऊपर चढ़े और फाँसी के फंदे में स्वयं अपना गला डाल दिया। इस प्रकार तात्या टोपे मध्यप्रदेश और शिवपुरी जिले की मिट्टी का अभिन्न हिस्सा बन गये।

कर्नल मॉलसन ने 1859 में 1857 की क्रांति का इतिहास लिखा है। उन्होंने लिखा है कि – तात्या टोपे चम्बल नर्मदा और पार्वती की घाटियों के निवासियों के 'हीरो' बन गये हैं। सच तो ये है कि तात्या सारे भारत के 'हीरो' बन गये हैं। पर्सीक्रास नामक एक अंग्रेज ने लिखा है कि – भारत की आजादी के पहले समर 1857 की आजादी के आंदोलन की जंग में तात्या सबसे प्रखर मस्तिष्क के नेता थे। उनकी तरह कुछ और लोग होते तो अंग्रेजों के हाथ से भारत छीना जा सकता था। मित्र ही नहीं शत्रु भी तात्या टोपे के सैनिक अभियानों को जिज्ञासा और उत्सुकता से देखने और समझने का प्रयास करते थे। उनके विरोधी भी उनकी प्रशंसा करते थे। कर्नल माल्सन ने उनके संबंध में कहा है ''भारत में संकट के उस क्षण में जितने भी सैनिक नेता उत्पन्न हुए तात्या टोपे उनमें सर्वश्रेष्ठ थे।'' सर जार्ज फॉरेस्ट ने उन्हें ''सर्वोत्कृष्ट राष्ट्रीय नेता ''कहा है। आधुनिक अंग्रेजी इतिहासकार पर्सीक्रास स्टेडिंग ने सैनिक क्रांति के दौरान देशी पक्ष की ओर से उत्पन्न 'विशाल मस्तिष्क' कहकर उनका सम्मान किया है। पर्सीकास स्टेंडिंग ने उनके विषय में यह भी लिखा है कि – ''तात्या टोपे विश्व के प्रसिद्ध छापामार नेताओं में से एक थे।''

### मुद्दा

## जोशीमठ से निकले संकेत समझें

जयसिंह रावत

धार्मिक, सामरिक, पर्यटन और पर्यावरण की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण भारत चीन सीमा पर बसे देश के अंतिम शहर जोशीमठ का अस्तित्व गंभीर खतरे में है।

अलकनंदा नदी की ओर खिसक रहे इस ऐतिहासिक और पौराणिक नगर की जमीन धंसने के कारण सैकड़ों मकानों में दरारें आ गई हैं। संकट की जद में सेना की ब्रिगेड, गढ़वाल स्काउट्स और भारत तिब्बत सीमा पुलिस की बटालियन भी हैं। अपनी ही इमारतों के असह्य बोझ तले दबा यह शहर अपने ही घरों से निकलने वाले पानी के दलदल में धंस रहा है। यह संकट 1970 के दशक से अनुभव किया जा रहा है। मगर न तो तत्कालीन उत्तर प्रदेश सरकार और न ही वर्तमान उत्तराखंड सरकार ने इसे बचाने के लिए कोई ठोस कार्ययोजना बनाई।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल में सीमांत गांव माणा को देश का पहला गांव घोषित किया है। उस लिहाज से जोशीमठ देश का पहला शहर हुआ। जोशीमठ आदि गुरू शंकराचार्य द्वारा सनातन धर्म की रक्षा के लिए देश के चार कोनों में धर्म ध्वजवाहक चार सर्वोच्च धार्मिक पीठों में से एक ज्योतिर्पीठ है। यह उत्तराखंड की प्राचीन राजधानी है, जहां से कत्यूरी वंश ने शुरू में अपनी सत्ता चलाई थी। यहीं से सर्वोच्च तीर्थ बदरीनाथ की तीर्थ यात्रा की औपचारिकताएं पूरी होती हैं क्योंकि शंकराचार्य की गद्दी यहीं विराजमान रहती है।

फूलों की घाटी और नंदादेवी बायोस्फीयर रिजर्व का बेस भी यही नगर है। हेमकुंड यात्रा भी यहीं से नियंत्रित होती है। नीती-माणा दरे और बाड़ाहोती पठार पर चीनी हरकतों पर इसी नगर से नजर रखी जाती है। विदित है कि चीनी सेना बाड़ाहोती की ओर से घुसपैठ करने का प्रयास करती रहती है। उस पर नजर रखने के लिए भारत तिब्बत पुलिस की बटालियन और उसका माउंटेंन ट्रेनिंग सेंटर यहीं है।

गढ़वाल स्काउट्स और 9 माउंटेंन ब्रिगेड के मुख्यालय भी यहीं हैं। 20 से 25 हजार की आबादी वाला यह नगर अनियंत्रित अदूरदर्शी विकास की भेंट चढ़ रहा है।



एक तरफ तपोवन विष्णुगाड परियोजना की एनटीपीसी की सुरंग ने जमीन को भीतर से खोखला कर दिया है, दूसरी तरफ बाइपास सड़क जोशीमठ की जड़ पर खुदाई करके पूरे शहर को नीचे से हिला रही है।

भूवैज्ञानिकों के अनुसार जोशीमठ शहर मुख्यतः पुराने भूस्खलन क्षेत्र के ऊपर बसा है, और इस प्रकार के क्षेत्रों में जल निस्तारण की उचित व्यवस्था न होने पर जमीन में अंदर जाने वाले पानी के साथ मिट्टी के बह जाने से भू-धंसाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। फरवरी, 2021 में धौलीगंगा में आई बाढ़ से अलकनंदा के तट के कटाव के उपरांत समस्या ने गंभीर रूप ले लिया है। भू-धंसाव व भू-स्खलन के अध्ययन और तत्संबंधी संस्तुति करने के उद्देश्य से राज्य आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र के निदेशक एवं भूविज्ञानी डॉ. पियूष रौतेला के नेतृत्व में जुलाई, 2022 में विशेषज्ञ दल का गठन किया गया था।

इस दल ने भी शहर की जलोत्सारण व्यवस्था सुधारने, जोशीमठ के नीचे अलकनंदा द्वारा किए जा कटाव तथा भारी निर्माण रोकने का सुझाव दिया था। दरअसल, 1970 की अलकनंदा की बाढ़ के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने 1976 में गढ़वाल के तत्कालीन कमिश्नर महेशचंद्र मिश्रा की अध्यक्षता में वैज्ञानिकों की कमेटी का गठन कर जोशीमठ की संवेदनशीलता का अध्ययन कराया था। कमेटी में सिंचाई एवं लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर, रुड़की इंजीनियरिंग कॉलेज (अब आईआईटी) तथा भूगर्भ विभाग के विशेषज्ञों के साथ पर्यावरणविद् चंडी प्रसाद भट्ट को भी शामिल किया गया था। इस कमेटी ने अपनी अध्ययन रिपोर्ट में कहा था कि जोशीमठ स्वयं ही एक भूस्खलन पर बसा हुआ है, और इसके आसपास किसी भी तरह का भारी निर्माण करना बेहद जोखिमपूर्ण है। कमेटी ने ओली की ढलानों पर भी छेड़छाड़ न करने का सुझाव दिया था ताकि जोशीमठ के ऊपर कोई भूस्खलन या नालों में त्वरित बाढ़ न आ सके।

जोशीमठ के ऊपर औली की तरफ से 5 नाले आते हैं। ये नाले भूक्षरण और भूस्खलन से विकराल रूप लेकर जोशीमठ के ऊपर 2013 की केदारनाथ जैसी आपदा ला सकते हैं। जोशीमठ का समुचित मास्टर प्लान न होने के कारण उसकी ढलानों पर विशालकाय इमारतों का जंगल बेरोकटोक उगता जा रहा है। हजारों की संख्या में बनी इमारतों के भारी बोझ के अलावा लगभग 25 हजार शहरियों के घरों से उपयोग किया गया पानी स्वयं एक बड़े नाले के बराबर होता है, जो जोशीमठ की जमीन के नीचे दलदल पैदा कर रहा है। उसके ऊपर सेना और आइटीबीपी की छावनियों का निस्तारित पानी भी जमीन के नीचे ही जा रहा है। निरंतर खतरे के सायरन के बावजूद वहां आइटीबीपी ने भारी भरकम भवन बनाने के साथ ही मल जल शोधन संयंत्र नहीं लगाया। कई क्यूसेक यह अशोधित मल जल भी जोशीमठ के गर्भ में समा रहा है। यही स्थिति सेना के शिविरों की भी है। जोशीमठ के बचाव के बारे में अब सोचा जा रहा है, जबकि इस शहर का अस्तित्व ही संकट में पड़ गया।

# नवीन गोयल ने मंत्री डा.कमल गुप्ता को बताई विष्णु गार्डन,शीतला कालोनी में जलभराव की समस्या

## मंत्री ने दिया स्थायी समाधान का आश्वासन, नवीन गोयल ने मंत्री को दी नए साल की बधाई

संवाददाता बृजेश कुमार

गुरुग्राम। गुरुग्राम की जनता की आवाज बने पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता से गुरुग्राम दौरे के दौरान मुलाकात की। उन्हें नए साल की बधाई दी। साथ ही गुरुग्राम की विष्णु गार्डन व शीतला कालोनी में जलभराव की समस्या से भी अवगत कराया। इस दौरान आगामी निगम चुनावों को लेकर भी चर्चा की। इस अवसर पर पलवल के विधायक व गुरुग्राम भाजपा प्रभारी दीपक मंगला, गुरुग्राम जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, जिला महासचिव महेश यादव, मनीष गाड़ोली, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के उपाध्यक्ष गजेंद्र गुप्ता, डा. विनोद धर्मानी, डा. सतीश धर्मानी, ईशान अग्रवाल मौजूद रहे। नवीन गोयल ने मंत्री डा. कमल गुप्ता को जानकारी दी कि गुरुग्राम का पानी पहले बादशाहपुर ड्रेन में जाए और बादशाहपुर ड्रेन का पानी नगर निगम की ड्रेन में जाए। तब इस समस्या का समाधान हो सकता है। उन्होंने यह भी



कहा कि शहर में जो भी कालोनियों, सेक्टर के पार्क व खाली इलाके हैं, उनमें वाटर हार्वेस्टिंग के लिए प्रावधान किए जाएं। इससे व्यर्थ बहने वाले पानी से भूमिगत वाटर लेवल को ऊपर लाने में मदद मिलेगी। भूमिगत जल के मामले में गुरुग्राम अभी डार्क जोन में है। यहां का पानी जमीन से काफी गहराई में है, जो कि भविष्य के लिए अच्छे संकेत नहीं है। नवीन गोयल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में तो बरसाती पानी के संचयन के लिए तालाबों को विकसित किया जा रहा है। चौक डैम बनाए जा रहे हैं। ऐसा ही शहरी क्षेत्रों में भी कुछ किया जाना चाहिए, ताकि नालों में बहने वाला बरसाती पानी जमीन में डाला जा सके। इसके लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम कारगर है। गुरुग्राम में असंख्य पार्क हैं। खाली क्षेत्र भी काफी है। इन स्थानों पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाकर व्यर्थ बहने वाली पानी से जमीन को रिचार्ज किया जा सकता है। नवीन गोयल ने मंत्री के समक्ष सरकारी स्कूल, कालेज व अन्य शिक्षण संस्थानों के साथ सरकारी कार्यालय परिसरों में बनाए गए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को बरसाती मौसम से पहले दुरुस्त रखने का भी सुझाव दिया। ऐसा करके पानी की बर्बादी रोकी जा सकती है। नवीन गोयल की ओर से रखी गई मांगों पर मंत्री डा. कमल गुप्ता ने संज्ञान लेते हुए इस पर उचित कदम उठाने के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर गांव, शहर, कस्बे का समुचित विकास कराना हरियाणा सरकार के एजेंडे में है।

# दुनिया का सबसे बड़ा मेला कल से, 700 हेक्टेयर में बसाया गया माघ मेला

## पौष पूर्णिमा पर हाई सिक्योरिटी के बीच होगा पहला स्नान, दुनिया की अनोखी और सबसे बड़ी टेंट सिटी ने आकार ले लिया है। ६ जनवरी को पहला स्नान पर्व पौष पूर्णिमा है

प्रयागराज संवाददाता सतीश चंद्र की रिपोर्ट

प्रयागराज। नए साल पर प्रयागराज में गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के तट पर दुनिया का सबसे बड़ा मेला 6 जनवरी से पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ शुरू हो रहा है। 700 हेक्टेयर और 6 सेक्टर में बसने वाला यह मेला 16 फरवरी को महाशिवरात्रि के स्नान के साथ खत्म होगा। इस दौरान देश–दुनिया से आने वाले लाखों श्रद्धालु गंगा की रेती पर 40 दिन जप–तप, ध्यान, धर्म और अध्यात्म में लीन रहेंगे।

मेले में खास–खास

6 करोड़ श्रद्धालुओं के लिए गंगा की रेती पर की गई दिव्य व्यवस्था। 700 हेक्टयेर में और 6 सेक्टर में पूरा माघ मेला बसाया गया है। इलाहाबाद फोर्ट के पास अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस 500 बेड की डॉरमेंट्री बनाई गई है। पूरे मेले को नो प्लास्टिक जोन घोषित किया गया है।

केवल कपड़े के और कागज के लिफाफे प्रयोग करने की अनुमति है।

शहर से झुंसी तरफ जाने के लिए गंगा पर 5 पीपे के पुल (पांटून) बनाए गए हैं।

माघ मेले में लोगों की सुविधा के लिए 6 हेल्प डेस्ट बनाई गई है।

मेले की सुरक्षा एक नजर में..

3 एएसपी, 10 डीवाईएसपी, 20 इंस्पेक्टर, 215 सबइंस्पेक्टर, 2000 सिपाही, 10 कंपनी पीएसी, 4 बाढ़ राहत दल,1 कंपनी एसडीआरएफ, त।थ की दो कंपनियां, 100 गोताखोर मेले की सुरक्षा में लगाए गए हैं।

पूरा मेला क्षेत्र 150 सीसीटीवी कैमरे से 24 घंटे निगरानी में रहेगा।मेले में 4 ड्रान कैमरे से 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है। पूरा मेला क्षेत्र में 14 फायर स्टेशन बनाए गए हैं।

इसके अलावा ।जै के कमांडोज को भी मेले की सुरक्षा में तैनात किया गया है।माघ मेले में इस बार टेंट सिटी को 700 हेक्टेयर में बसाया गया है।

मेले में देश–दुनिया से आएंगे 6 करोड़ श्रद्धालु

प्रयाग में गंगा, यमुना और सरस्वती के तट पर हर साल माघ मेला और स्नान का आयोजन किया जाता है। पुराणों में भी इस स्नान का वर्णन मिलता है। शास्त्रों के अनुसार, तीर्थों का राजा प्रयागराज है। यहां पर स्नान, दान करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है और हर कष्ट से निजात मिल जाती है। देश–दुनिया से लाखों श्रद्धालु आध्यात्मिक विकास और मानसिक शांति के लिए भी यहां कल्पवास करने आते हैं। ऐसा माना जाता है कि कल्पवास करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। योगी आदित्यनाथ की सरकार इसे 2025 में लगने वाले महाकुंभ के रिहर्सल के तौर पर देख रही है। यही कारण है कि माघ मेले का सरकार ने खूब प्रमोशन किया है। मेलाधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि 6 जनवरी से 16 फरवरी को अंतिम स्नान पर्व तक 6 करोड़ श्रद्धालुओं के आने और स्नान करने की उम्मीद है। इसको देखते हुए मेले में इस बार विशेष तैयारियां की गई हैं।

मेले में पहली बार 500 बेड की हाईटेक डॉरमेट्री

माघ मेलाधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि माघ मेला में पहली बार सरकार की पहल पर यात्रियों की सुविधा के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस 500 बेड की डॉरमेट्री तैयार की गई है। सामान्यतरू डॉरमेट्री महाकुंभ या कुंभ मेले में तैयार कराई जाती है। इसमें कोई भी सामान्य श्रद्धालु निःशुल्क रुक सकता है। इसे फाइव स्टार सुविधाओं से लैस किया गया है। इस बार माघ मेले में देश–दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महाकुंभ की तर्ज पर अरैल की ओर टेंट सिटी बसाई गई है। यहां श्रद्धालुओं को रुकने के लिए पैसे पेड करने होंगे।

पौष पूर्णिमा के दिन 14 घाटों पर होगा स्नान

6 जनवरी को पौष पूर्णिमा के प्रथम स्थान पर्व पर 14 पक्के



घाट तैयार किए गए हैं। मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने बताया कि पौष पूर्णिमा के प्रथम स्थान पर्व पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पहले स्नान पर्व पर 14 स्थाई घाट तैयार किए गए हैं।इन स्नान घाटों पर महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम तैयार किया गए हैं। घाटों पर साफ–सफाई की विशेष व्यवस्था है।

प्लास्टिक मुक्त माघ मेले के लिए गांधीगिरी का फार्मूला

माघ मेला प्रभारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि माघ मेले में इस बार 6 करोड़ से अधिक लोगों के पहुचने की संभावना है। संगम में पहुचने वाले इन श्रद्धालुओं को प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के लिए इस बार कई नए प्रयोग किये जा रहे हैं। माघ मेले में प्लास्टिक का इस्तेमाल पूरी तरह वर्जित होगा। पहली बार माघ मेले में प्लास्टिक मुक्त रखने के लिए शासन की तरफ से गांधीगिरी की जाएगी। माघ मेले के स्वच्छता प्रभारी डॉ. आनंद सिंह ने बताया कि अगर कोई श्रद्धालु मेला क्षेत्र में प्लास्टिक के बैग इस्तेमाल करते दिखाई पड़ा तो उसे मेले में ही प्लास्टिक बैग की जगह कपड़े का बैग उसे निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। मेला क्षेत्र में लगाए जा रहे एलसीडी स्क्रीन पर स्वच्छ भारत मिशन कैंपेन और प्लास्टिक मुक्त माघ मेले से संबंधित मैसेजेस भी चलाये जायेंगे।

स्वच्छता में महाकुंभ की रेप्लिका बनने को तैयार है माघ मेला

प्रयागराज के संगम किनारे लगने जा रहे माघ मेले को इस बार आगामी महाकुंभ के विजन को ध्यान में रखकर बसाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार इसके लिए माघ मेले में 2019 कुंभ मेले में अमल में लाई गई स्वच्छता व्यवस्था को नए रूप में उतारने जा रही है।

खुले में शौच मुक्त है माघ मेला

उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से 2019 कुंभ मेले में अमल में लाइ गई स्वच्छता व्यवस्था से सीख लेते हुए इस बार पूरे मेला क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए वृहद् योजना बनाई गई है। माघ मेला अधिकारी अरविन्द सिंह चौहान के मुताबिक माघ मेला को खुले में शौच मुक्त और प्लास्टिक मुक्त रखने के लिए शासन संकल्पित है। स्वच्छता को देखते ही टॉयलेट्स की व्यवस्था और सफाई कर्मियों की तैनाती पर शासन का जोर होगा। माघ मेले के स्वच्छता प्रभारी डॉ. आनंद सिंह ने बताया कि माघ मेले को खुले में शौच मुक्त रखने के लिए मेला क्षेत्र मेला क्षेत्र में 17,400 शौचालय लगाए जा रहे हैं। इन टॉयलेट्स में 1400 एफआरपी (फाइबर रेनफोर्स प्लास्टिक) टॉयलेट्स लगाए गए हैं। इसके अलावा कपडे से बने 10 हजार कनात टॉयलेट्स और पार्किंग एरिया में 3 हजार कनात टॉयलेट्स लगे हैं। मेले की सफाई व्यवस्था 2160 स्वच्छता कर्मियों के हाथ है।

प्रमुख स्नान पर्व

पौष पूर्णिमा – 6 जनवरी द्य

मकर संक्रांति 14 जनवरी।

मौनी अमावस्या – 21 जनवरी।

बसंत पंचमी – 26 जनवरी।

माघी पूर्णिमा – 5 फरवरी ।

महाशिवरात्रि – 16 फरवरी।

सभी टेंटों में जो शौचालय बनाए गए हैं वह शॉकपिट वाले हैं। नगर निगम उसे रोज टंकी में एकत्र मलमूत्र को शक्शन करके एसटीपी में डालता है।

ये रहेगा रूट डायवर्जन

माघ मेले के सभी छह स्नान पर्वों पर प्रयागराज जंक्शन के सिविल लाइंस साइड से यात्रियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

इस दौरान यात्रियों को लंबा चक्कर लगाते हुए सिटी साइड से ही प्रवेश मिल सकेगा। यह व्यवस्था पांच जनवरी से लागू हो जाएगी। इस दौरान सभी स्नान पर्वों सहित एक दिन पहले और एक दिन बाद सिविल लाइंस से यात्रियों की नो इंट्री रहेगी।

रेलवे प्रमुख स्नान पर्वों पर प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री भी न किए जाने की तैयारी कर रहा है। सभी स्नान पर्वों की तिथि के साथ ही उससे एक दिन पहले एवं एक दिन बाद प्रयागराज जंक्शन के सिविल लाइंस तरफ से यात्रियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। 5 जनवरी की शाम 8 बजे से दिनांक 7 जनवरी दोपहर 12 बजे तक संगम क्षेत्र में प्रशासनिकधचिकित्सीय वाहनों के अतिरिक्त सभी प्रकार के वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी।

संगम जाने वाले मुख्य मार्ग पर चकर्ड प्लेट बिछाई गई है। जल का छिड़काव भी किया जा रहा है ताकि धूल न उड़े।

ये रहेगी पार्किंग व्यवस्था

मिर्जापुर – रीवा की ओर से आने वाले समस्त दो पहिया व चार पहिया वाहनों को लेप्रोसी चौराहे के बगल में नवप्रयागम पार्किंग में पार्क कराया जाएगा।

जौनपुर–वाराणसी की ओर से आने वाले वाहनों को कटका तिराहे से डायवर्जन कर चीनी मिल पार्किंग में पार्क कराया जाएगा। कानपुर की ओर से आने वाले वाहनों को सीएमपी डिग्री कालेज,केपी इंटर कालेज व बक्शी बाँध कछार पार्किंग में पार्क कराया जाएगा। संगम आने का पैदल मार्ग– संगम आने वाले श्रद्धालुओंध्स्नानार्थियों को जीटी जवाहर से प्रवेश कर काली सड़क आकर काली रैम्प से होते हुए संगम अपर मार्ग से संगम तक जा सकेंगे।संगम से वापसी का पैदल मार्ग– संगम क्षेत्र से अक्षयवट मार्ग से होते हुए इंटरलाकिंग मार्ग से जगदीश रैम्प मार्ग एवं त्रिवेणी मार्ग चौराहे से वापस परेड क्षेत्र में स्थित पार्किंग स्थल पहुँच सकेंगे।

संगम मेला क्षेत्र में जाने के लिए प्रवेश मार्ग जीटी जवाहर चौराहे से एवं निकास मार्ग हर्षवर्धन चौराहे से प्रस्तावित है।

प्रमुख स्नान पर्व के दिनों में अक्षयवट दर्शन के लिए बन्द रहेगा और सामान्य दिनों में सुबह 7 बजे से शाम 17.30 बजे तक खुलेगा। माघ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए संगम नोज पर कुश की चादर बिछाई गई है ताकि उनके कपड़े और सामान गंदे न हों।

# उत्तर प्रदेश के चीफ पोस्टमास्टर जनरल रहे डॉ. विनय प्रकाश सिंह ने संभाला एशियाई प्रशांत डाक संघ (एपीपीयू) के महासचिव का कार्यभार

## गौरव के पल : पहली बार कोई भारतीय डाक क्षेत्र में एक अंतरराष्ट्रीय संगठन का करेगा नेतृत्व

यूपी फाइट टाइम्स

रामकिशोर यादव लखनऊ ब्यूरो चीफ

भारतीय डाक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी एवं उत्तर प्रदेश परिमंडल के चीफ पोस्टमास्टर जनरल रहे डॉ. विनय प्रकाश सिंह ने एशियाई प्रशांत डाक संघ (एपीपीयू) के महासचिव का पदभार इसके इसके मुख्यालय बैंकॉक, थाईलैंड में संभाल लिया। उनका कार्यकाल 4 वर्षों का होगा। इससे पूर्व वे डाक सेवा बोर्ड के सदस्य (कार्मिक) के पद पर कार्यरत थे। यह पहली बार है जब कोई भारतीय डाक क्षेत्र में एक अंतरराष्ट्रीय संगठन का नेतृत्व संभालेगा। उत्तर प्रदेश में अयोध्या जनपद निवासी डॉ. विनय प्रकाश सिंह, अगस्त–सितंबर 2022 के दौरान बैंकॉक में आयोजित 13वीं एपीपीयू कांग्रेस के दौरान हुए सफल चुनावों के बाद इसके महासचिव चुने गए थे। डाक विभाग के सचिव श्री विनीत पांडे ने कहा, "यह पहली बार है जब कोई भारतीय शख्स डाक क्षेत्र में एक अंतरराष्ट्रीय संगठन का नेतृत्व कर रहा है। डाक क्षेत्र के लिए इस महत्वपूर्ण मोड़ पर, यह भारतीय डाक




विभाग के लिए सौभाग्य की बात है कि उसका अधिकारी एशियाई प्रशांत डाक संघ (एपीपीयू) की गतिविधियों का, विशेष रूप से भारत की जी–20 अध्यक्षता के इस वर्ष से नेतृत्व करेगा।" गौरतलब है कि एशियाई प्रशांत डाक संघ (एपीपीयू) एशियाई–प्रशांत क्षेत्र के 32 सदस्यीय देशों का एक अंतर–सरकारी संगठन है। एपीपीयू इस क्षेत्र में यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (यूपीयू) का एकमात्र नियंत्रित संघ है, जो संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है। एपीपीयू का लक्ष्य डाक सेवाओं के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देना के लिए सदस्य देशों के बीच डाक संबंधों का विस्तार,सुविधा देना और सुधार करना है। विभिन्न यूपीयू परियोजनाओं के क्षेत्रीय केंद्र के रूप में, एपीयूयू यह सुनिश्चित करने में भी अग्रणी भूमिका निभाता है कि यूपीयू की सभी तकनीकी और परिचालन परियोजनाएं इस क्षेत्र में पूरी हो जाएं ताकि क्षेत्र को सर्वोत्तम संभव तरीके से वैश्विक डाक नेटवर्क में एकीकृत किया जा सके। महासचिव डाक संघ की गतिविधियों का नेतृत्व करते हैं और एशियन पैसिफिक पोस्टल कॉलेज (एपीपीसी) के निदेशक भी हैं जो इस क्षेत्र का सबसे बड़ा अंतर सरकारी डाक प्रशिक्षण संस्थान है। एपीपीयू महासचिव का पदभार ग्रहण करने के बाद डॉ. विनय प्रकाश सिंह ने कहा, ष्मेरा लक्ष्य डाक नेटवर्क के माध्यम से व्यापार के विकास में सुधार करने, संघ की स्थिरता सुनिश्चित करने और एपीपीसी में कराए जाने वाले प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में सुधार करने के लिए एशिया प्रशांत क्षेत्र में डाक से जुड़े संस्थानों के साथ क्षेत्रीय समन्वय में सुधार करना है।ष एशिया प्रशांत क्षेत्र में पूरी दुनिया के मेल का लगभग आधा मेल आता–जाता है और यहां डाक मानव संसाधन पूरी दुनिया का लगभग एक तिहाई है।

## न्यूज सार

### जान से मारने की धमकी देकर 75 वर्षीय बृद्धि व्यक्ति से कराया जबरन इकरारनामा



माजिद अली

गैंडास बुजुर्ग उतरौलायदबंगो के हौसले बुलंद,75 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति लालता पुत्र वंशी निवासी ग्राम इटईरामपुर तहसील उतरौला जिला बलरामपुर से जबरन कराया एकरारनामा।दिनाँक 20–12–2022 को वृद्ध लालता की दवा कराने के बहाने घूरेलाल पुत्र हनोमान निवासी शिवपुर ग्रिन्ट ने राजेन्द्र पुत्र भीखी निवासी शिवपुर ग्रिन्ट व इमरान खान पुत्र अमजद खान निवासी बड़हरा की मिली भगत से ले जाकर जबरन करवाया एकरारनामा।वृद्ध व्यक्ति के मना करने पर दी गयी जॉन से मारने की धमकी,डराकर वृद्ध व्यक्ति से बिना कोई रुपया दिये कराया एकरारनामा।जब परिवार के अन्य लोगों को इसकी जानकारी हुई तब गैंडास बुजुर्ग थाने की इसकी लिखित शिकायत।पीड़ित परिवार ने बताया कि शिकायत करने के बाद बिपक्षी घूरेलाल,राजेन्द्र व इमरान खान को कुछ न कहकर उल्टे थाना के पुलिस ने डरा–धमकाकर कहा कि पैसा लेना है तो ले लो,जमीन वापस नहीं मिलेगी।जब परिवार वालों ने पैसा लेने से मना किया तो पीड़ित परिवार वालों को 3–4 बार थाने से जबरिया धमका कर भगा दिया।पुलिस के इस रवैये से पूरा परिवार डरा व सहमा हुआ है।अब देखना यह है कि ऐसी दशा में क्या पीड़ित परिवार को न्याय मिल पायेगा या नहीं।

### बढ़ी ठंड से कांपते दिखे लोग, अगले चार दिनों तक प्रयागराज मे भीषण ठंड पड़ने के आसार



प्रयागराज संवाददाता सतीश चंद्र की रिपोर्ट

प्रयागराज। प्रयागराज में गुरुवार को ठंड और बढ़ गई है। गलन ज्यादा होने से लोग ठिठुरते व कांपते नजर आए। दोपहर 12 बजे तक मौसम देखकर ऐसा लग रहा था जैसे बारिश का मौसम हो। जगह जगह लोग अलाव जलाकर उसके सामने बैठे रहे। रेलवे स्टेशनों और बस स्टैंड पर भी यात्री ठंड की चपेट में आने से परेशान दिखे। वहीं मौसम विभाग की मानें तो अभी चार से पांच दिन ठंड और शीतलहर का कहर इसी तरह से रहेगा। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में भूगोल विभाग के अध्यक्ष प्रो. एआर सिद्दीकी बताते हैं कि न्यूनतम तापमान में गिरावट आएगी लेकिन अधिकतम तापमान अभी स्थिर बना रहेगा। बुधवार को अधिकतम तापमान 19.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। ठंड ज्यादा होने से बाजारों में भी भीड़ अन्य दिनों की अपेक्षा कम रही।

घंटों देरी से चल रही हैं अधिकतर ट्रेनें ठंड और कोहरे का असर यातायात पर भी पड़ने लगा है। बुधवार और गुरुवार को भी ज्यादातर ट्रेनें घंटों देरी से पहुंची।प्रयागराज एक्सप्रेस करीब तीन घंटे देरी से पहुंची। इसी तरह हमसफर एक्सप्रेस करीब चार घंटे, रीवा एक्सप्रेस करीब तीन घंटे, पुरुषोत्तम एक्सप्रेस करीब तीन घंटे, वंदे भारत 45 मिनट देरी से प्रयागराज जंक्शन पर पहुंची। मुंबई की तरफ से आने वाली कामायानी एक्सप्रेस करीब तीन घंटे, जम्मू तवी एक्सप्रेस दो घंटे, मुंबई से गोरखपुर जाने वाली लोकमान्य तिलक टर्मिनल करीब 4 घंटे देरी से प्रयागराज जंक्शन पर पहुंची है।

### युवक मंगल दल द्वारा नशा मुक्ति और जैविक खेती पर की गई चर्चा



राधेश्याम दुबे

बलरामपुर। जिले के रेहरा बाजार विकास खण्ड अन्तर्गत उत्तर प्रदेश सरकार के आदेशानुसार और जिला युवा कल्याण अधिकारी बलरामपुर श्री प्रदीप कुमार त्रिपाठी जी एवं क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रेहरा बाजार सुश्री शबाना खातून जी के निर्देशानुसार आज ग्राम सभा घोघरा में युवक मंगल दल अध्यक्ष सुशील कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें नशा मुक्ति जैविक खेती पर कार्यक्रम और स्वच्छ भारत मिशन पर चर्चा करते हुए युवाओं को नशा मुक्ति का शपथ दिलाया गया इस अवसर पर ग्राम प्रधान घोघरा राज करण वर्मा जी युवक मंगल दल के मंत्री अनिल वर्मा जी रामअवतार वर्मा अनूप वर्मा पूजा राम भारती आदि युवा साथी मौजूद थे कार्यक्रम के अंत में युवक मंगल दल अध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव ने बताया कि बलरामपुर जिले में युवक मंगल दल के सक्रियता एवं संपूर्ण विकास में लोकप्रिय जिला युवा कल्याण अधिकारी श्री प्रदीप कुमार त्रिपाठी जी का महत्वपूर्ण योगदान है और अब नवनियुक्त क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सुश्री शबाना खातून जी की प्रेरणा से मंगल दल की सभी सदस्य अपने अपने ग्राम सभाओं में सक्रियता से समाज सेवा कर रहे हैं और करने का प्रयास कर रहे हैं।

### जिलाधिकारी ने किया निर्माणाधीन थारू संग्रहालय,पीएचसी इमलिया कोडर का निरीक्षण,दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

बसन्त राम मौर्य

बलरामपुर। डीएम डॉ महेंद्र कुमार द्वारा विकासखंड पचपेड़वा में इमलिया कोडर में निर्माणाधीन थारू जनजाति संग्रहालय एवं पीएचसी इमलिया कोड़ार का निरीक्षण किया। कार्यदाई संस्था सीएनडीएस को संग्रहालय का कार्य शीघ्र पूर्ण किए जानें का निर्देश दिया। पीएचसी के निरीक्षण के दौरान कार्यदाई संस्था ने बताया की 216 लाख के सापेक्ष 50 लाख की धनराशि प्राप्त हुई है,कार्य स्लैप स्तर तक पाया गया।डीएम ने समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुशील कुमार, एसडीएम मंगलेश दुबे व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।



# 17 स्टेशन बनेंगे नए रेलवे स्टेशन, मथुरा व प्रयागराज जंक्शन की टेंडर आवंटन प्रक्रिया पूरी

प्रयागराज संवाददाता सतीश चंद्र की रिपोर्ट

प्रयागराज। प्रयागराज कानपुर ग्वालियर के साथ उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) जोन के अब कुल 17 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास होगा। यहां यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। प्रयागराज के छिवकी रेलवे स्टेशन को भी पुनर्विकास की सूची में शामिल कर लिया गया है। नए भारत के नए रेलवे स्टेशनों की संख्या अब और बढ़ जाएगी। प्रयागराज, कानपुर, ग्वालियर के साथ उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) जोन के अब कुल 17 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास होगा। यहां यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। प्रयागराज के छिवकी रेलवे स्टेशन को भी पुनर्विकास की सूची में शामिल कर लिया गया है, ऐसे में मुंबई रूट के यात्रियों को भी स्टेशन पर विश्वस्तरीय सुविधाएं मिल सकेंगी। जोन स्तर पर इसकी तैयारी शुरू कर दी है।

एनसीआर के जिन अन्य 14 स्टेशनों का पुनर्विकास होना है, उसमें आगरा कैंट, आगरा फोर्ट, मथुरा, अलीगढ़, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, खजुराहो, इटावा, मीरजापुर, टूंडला, छिवकी, बांदा, मुरैना, चित्रकूट व दतिया के नाम शामिल हैं। इन सभी 17 स्टेशनों के लिए रेलवे द्वारा कंसल्टेंसी एजेंसी का भी चुनाव कर लिया गया है। एजेंसी के सुझाव पर ही स्टेशनों का मास्टर प्लान बनाया जा रहा है। बुधवार को एनसीआर मुख्यालय पर महाप्रबंधक सतीश कुमार ने सभी 17 स्टेशनों के पुनर्विकास की घोषणा की। बताया कि अभी तक प्रयागराज जंक्शन, कानपुर सेंट्रल एवं ग्वालियर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की ही योजना थी। इन तीनों ही




स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए टेंडर भी निकाला जा चुका है। इसमें प्रयागराज व ग्वालियर के लिए टेंडर आवंटन भी हो चुका है। परन्तु अब 14 और स्टेशनों को पुनर्विकास के लिए सूचीबद्ध किया गया है। कंसल्टेंसी एजेंसी का चयन हो गया है। आगरा कैंट ,अलीगढ़, मथुरा, आगरा फोर्ट, झांसी और खजुराहो समेत अन्य रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की योजना बनाने का काम एरिनेम एजेंसी को दिया गया है। एजेंसी की रिपोर्ट आने के बाद ही संबंधित स्टेशनों के पुनर्विकास का बजट फाइनल होगा। हालांकि अभी जिन तीन स्टेशनों के पुनर्विकास होना है, उसमें प्रयागराज जंक्शन 790 करोड़, कानपुर सेंट्रल 712 करोड़ एवं ग्वालियर स्टेशन पर 534.79 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

2060 की अनुमानित भीड़ संभालने में होगा सक्षम

जिन 17 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास होगा उन्हें 2060 की अनुमानित भीड़ संभालने में सक्षम होने लायक बनाया जाएगा। इन पर बाद में निर्माण और किया जा सकेगा। इनकी डिजाइन इसके अनुसार ही तैयार होगी। आवश्यकता अनुरूप एफओबी निर्माण के अलावा, स्टेशन पर कांकोर्स (हाल नुमा परिसर) रिटायरिंग रूम, प्रतीक्षालय, फूड प्लाजा, पार्सल आफिस बनेगा। हर एफओबी और प्लेटफार्म को जोड़ने के लिए एस्केलेटर, लिफ्ट लगेंगी। ग्रीन बिल्डिंग प्रमाणन, दिव्यांग फ्रेंडली भवन, वर्षा जल संचयन, छत पर सोलर पैनल, मल्टीलेवल पार्किंग की व्यवस्था होगी। पांच हजार करोड़ होंगे खर्च उत्तर मध्य रेलवे के 17 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए लगभग पांच हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। अभी सिर्फ तीन स्टेशनों प्रयागराज, कानपुर, ग्वालियर का बजट स्वीकृत हुआ है, जिसमें 2000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें सर्वाधिक खर्च प्रयागराज जंक्शन के पुनर्विकास पर होगा।

## पूर्व डिप्टी सीएम ने वितरित किये कंबल खिले बुजुर्गो के चेहरे



युपी फाइट टाइम्स रामकिशोर यादव लखनऊ ब्यूरो चीफ

मलिहाबाद। देवम लॉन पर स्व अजय पाठक की पुण्यतिथि पर सुंदरकांड पाठ और कंबल वितरण का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर विशिष्ट अतिथि एमएलसी रामचंद्र प्रधान जिला पंचायत अध्यक्ष विजय बहादुर यादव पूर्व विधायक सुरेश चंद्र तिवारी उपस्थित रहे।क्षेत्र के निराश्रित दर्जनों बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों को कंबल वितरित किए गए।क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी अजय पाठक की पुण्यतिथि पर बुधवार को देवम लॉन पर प्रयागराज से पहुँचे मिश्र बंधुओ द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ तत्पश्चात निराश्रितों को कंबल वितरण किया गया।कार्यक्रम में क्षेत्र के नवीपनाह बड़ी गढ़ी महमूदनगर कनार सहित दर्जनों गांवो से पहुँचे बुजुर्गों को दो सौ कंबल वितरित किए गए।कार्यक्रम के पश्चात प्रसाद वितरण कर विशाल भंडारा आयोजित किया गया।पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा ने बताया स्व अजय पाठक को क्षेत्र के लोग हमेशा याद करते रहेंगे हर जरूरतमंद की मदद करना उनका स्वभाव था ऐसे लोग समाज के पूरक होते है।कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र अवस्थी विकास किशोर विकास अनिल सिंह चौहान विकास पाठक उपाध्यक्ष प्रमोद पाठक महामंत्री आशीष द्विवेदी पंकज गुप्ता प्रधान सर्वेश रावत अंजू सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## स्वावलंबी बन युवा लक्ष्य के प्रति हों अग्रसर : डॉ० उपेन्द्र



रिपोर्ट –करीम खान विशेष संवाददाता उत्तर प्रदेश

गोण्डा। कृषि विज्ञान केन्द्र गोण्डा में चल रहे तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में युवाओं के नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास कार्यक्रम में कृषि विज्ञान के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं संस्थान के अध्यक्ष डॉ० उपेन्द्र नाथ सिंह ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कृषि के प्रति जागरूक किया तथा श्री सिंह ने विभिन्न क्षेत्रों से आये युवा प्रतिभागियों को अपने लक्ष्य के प्रति पूरी निष्ठा के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम के प्रथम सत्र का शुभारंभ जिला प्रशिक्षक रजनीकान्त तिवारी एवं राज्य प्रशिक्षक जिलेदार पाण्डेय ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जिला प्रशिक्षक श्री तिवारी ने प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित विभिन्न क्षेत्रों से आये युवाओं को युवा मण्डल गठन, नियमित गतिविधियों, कार्ययोजना, युवाओं की कार्यक्रम में भूमिका आदि पर विस्तृत जानकारी दी। दूसरे सत्र में राज्य प्रशिक्षक श्री पाण्डेय ने युवाओं को शारीरिक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, भारतीय संविधान एवं दायित्व के बारे में बताते हुए युवाओं को अपने कौशल के अनुरूप कार्य करने की बात कही। सन्दर्भ व्यक्ति के रूप में के इंफैण्ट गार्डन डे वोर्डिंग स्कूल के प्रबंधक एवं युवा समाजसेवी आशीष शंकर मिश्रा ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि समय और समर्पण ही व्यक्ति को सफल बनाता है। सत्र समापन में जिला प्रशिक्षक विनय श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की विस्तृत व्याख्या करते हुए मुख्य अतिथि एवं सन्दर्भ व्यक्तियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में वैज्ञानिक कृषि अभियन्ता मिथिलेश कुमार झा, डॉ० अमित तिवारी, डॉ० सुधांशु तिवारी, सन्त कुमार त्रिपाठी, राजेश पाण्डेय, सूरज गुप्ता सहित युवक युवती उपस्थित रहे।

## पौष पूर्णिमा के प्रथम स्थान पर्व के दृष्टिगत मंडल आयुक्त ने सभी संबंधित विभागों की बैठक करते हुए उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की सर्वप्रथम

सभी घाटों में अनिवार्य रूप से बैरिकेडिंग करा कर सर्कुलेटिंग एरिया की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्रद्धालुओं के सुगम स्नान हेतु इस वर्ष 14 घाट बनाए जा रहे हैं जिनकी कुल लंबाई 6000 रनिंग फीट से अधिक है। मंडलायुक्त ने फीकल वेस्ट के सक्शन हेतु कार्य योजना बनाकर शौचालयों की सफाई कराने के निर्देश दिए तथा सभी उप जिलाधिकारियों को अपने–अपने सेक्टरों में बसी संस्थाओं में किस किस दिन शौचालयों का सक्शन हुआ है उसका एक चार्ट तैयार करने तथा संस्थाओं में शौचालयों की सफाई अपने आकंलन एवं डेट चार्ट के हिसाब से कराने के निर्देश दिए। श्रद्धालुओं की समस्याओं के बेहतर निराकरण हेतु मेला कंट्रोल रूम में दो की जगह 5 लाइने शुरू करने तथा सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सेक्टर वार उनके नाम, पदनाम एवं कार्य अवधि के साथ जानकारी सूचीबद्ध करके हर सेक्टर ऑफिस में उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। मेले के विभिन्न सेक्टरों का भ्रमण भी किया तथा महावीर पुल के पास उत्तरी दिशा में बनाए जा रहे स्नान घाट का विस्तार कर उसे दक्षिणी भाग में भी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। दिनांक 6 जनवरी को पौष पूर्णिमा के प्रथम स्थान पर्व से आरंभ हो रहे माघ मेला 2023 को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत मंडल आयुक्त श्री विजय विश्वास पंत ने मेला अधिकारी श्री अरविंद कुमार चौहान के साथ मेला प्राधिकरण कार्यालय स्थित आई ट्रिपल सी सभागार में सभी संबंधित विभागों की बैठक करते हुए उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।



सर्वप्रथम पौष पूर्णिमा के प्रथम स्थान पर्व हेतु बनाए जा रहे विभिन्न घाटों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी घाटों में अनिवार्य रूप से बैरिकेडिंग करा कर सर्कुलेटिंग एरिया की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्रद्धालुओं के सुगम स्नान हेतु इस वर्ष 14 घाट मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर बनाए जा रहे हैं जिनकी कुल लंबाई 6000 रनिंग फीट से अधिक है। मंडलायुक्त ने मेले में सफाई व्यवस्था एवं शौचालयों को साफ रखने हेतु की गई व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की तथा शौचालयों से फीकल वेस्ट के सक्शन हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाई गई व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस कार्य हेतु एक कार्य योजना बनाकर शौचालयों की सफाई कराने के निर्देश दिए ताकि स्नान पर्व वाले दिन भी शौचालयों में सफाई व्यवस्था बनाने में कठिनाई ना हो। इसी क्रम में उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को अपने–अपने सेक्टरों में बसी संस्थाओं में किस किस दिन शौचालयों का सक्शन हुआ है उसका एक चार्ट तैयार करने तथा संस्थाओं में शौचालयों की सफाई अपने आकंलन एवं डेट चार्ट के हिसाब से कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जल निगम के अधिकारियों को संस्थाओं से लेकर शौचालयों तक सभी जगह जलापूर्ति सुनिश्चित करने तथा श्रद्धालुओं की समस्याओं के बेहतर निराकरण हेतु मेला कंट्रोल रूम में दो की जगह 5 लाइने शुरू करने के भी निर्देश दिए। साथ ही सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सेक्टर वार उनके नाम, पदनाम एवं कार्य अवधि के साथ जानकारी सूचीबद्ध करके हर सेक्टर ऑफिस में उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए जिससे रेंडम इंस्पेक्शन के दौरान उनकी उपस्थिति सुनिश्चित की जा सके। बैठक के पश्चात उन्होंने मेले के विभिन्न सेक्टरों का भी भ्रमण किया। सर्वप्रथम सेक्टर 3 के पीएसी कैंप में जाकर वहां बनाए गए शौचालयों की सफाई व्यवस्था की रैडम चेकिंग की। तत्पश्चात सेक्टर तीन एवं चार के विभिन्न घाटों का निरीक्षण कर प्रथम स्नान पर्व हेतु की जा रही तैयारियों का भी जायजा लिया। उन्होंने महावीर पुल के पास उत्तरी दिशा में बनाए जा रहे स्नान घाट का विस्तार कर उसे दक्षिणी भाग में भी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। मंडलायुक्त ने अरैल में बनाए जा रहे स्नान घाट तथा टेंट सिटी का भी निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने दुष्कर्म मामले में दर्ज की एफआईआर



रिपोर्ट –करीम खान विशेष संवाददाता उत्तर प्रदेश

कर्नलगंज, गोण्डा। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र में एक बीस वर्षीय युवती के साथ उसकी भाभी द्वारा अपने प्रेमी को बुलाकर ननद के साथ दुष्कर्म कराने और घटना का जिक्र करने पर जान से मार देने की धमकी देने के मामले में करीब एक नौ दिनों के बाद काफी मशक्कत से युवती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित युवती के तहरीर में कहा गया है कि उसकी माता का निधन हो चुका है। वह अपने भाई व भाभी के साथ रहती थी। आरोप है कि उसकी भाभी से एक व्यक्ति का प्रेम प्रसंग चल रहा था। उसे दोनों अपने प्रेम प्रसंग में बाधक महसूस करने लगे। उसकी भाभी ने योजना के तहत दिनांक 25ध12ध2022 को अपने प्रेमी को घर बुला लिया। बातो ही बातो में वह किसी कार्य से घर से बाहर निकली और बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। ऐसा होते ही उसके प्रेमी ने युवती को अवैध तमंचे का भय दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे डाला। कुछ देर बाद युवती की भाभी दरवाजा खोलकर घर के अंदर पहुंची और युवती कि पिटाई करते हुये दोनों ने उसे धमकी दिया कि यदि किसी से घटना के बारे में बताया तो जान से मार देंगे। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

## एसपी को प्रार्थना पत्र देकर पीड़ित महिला ने की मुकदमा दर्ज करने की मांग

***महिला ने स्वयं व परिवार जनों के जानमाल की सुरक्षा की लगाई गुहार***

***सीओ का आदेश नहीं मान रही गोंडा नगर कोतवाली की पुलिस***

रिपोर्ट –करीम खान विशेष संवाददाता उत्तर प्रदेश

गोण्डा। जिले के कोतवाली नगर क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम रूद्रपुर बिसेन निवासिनी पीड़ित महिला कलावती पत्नी जयजय राम ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर विपक्षीगणों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके प्रार्थिनी व उसके परिवार को जानमाल की सुरक्षा प्रदान करने की गुहार लगाई है। पुलिस अधीक्षक को दिये गये प्रार्थना पत्र में पीड़िता कलावती पत्नी जय जय राम ने कहा है कि वह अनुसूचित जाति कोरी की महिला है। घटना दिनांक 29ध12ध2022 समय लगभग 4 बजे दिन की है। प्रार्थिनी के दोनों पुत्र विशाल कुमार व प्रशांत कुमार पुत्रगण जय जय राम निवासी रुद्रपुर बिसेन अपने खेत में लगी खानी बबूल की कटीली टहनियों को काटकर खेत की




घेराबंदी कर रहे थे, तभी विपक्षी गण शिवम सिंह पुत्र पप्पू सिंह, अमन सिंह पुत्र बबूल्लन सिंह, प्रदुम्न सिंह व विक्कू सिंह पुत्रगण सरजू सिंह, अक्कू सिंह पुत्र जंगली सिंह निवासीगण ग्राम रुद्रपुर बिसेन थाना कोतवाली नगर जनपद गोंडा जो कि काफी दबंग सरकश बाज गिरोहबंद किस्म के व्यक्ति हैं। प्रार्थिनी के पुत्रों को रोका और कहा मेरा पेड़ क्यों काट रहे हो और प्रार्थिनी के पुत्रों को मां बहन की भद्दी भद्दी व कोरी साले मादरचोद की जातिसूचक गालियां देने लगे। प्रार्थिनी के पुत्रों ने जब गाली देने से रोका तो सभी विपक्षीगण प्रार्थिनी के दोनों पुत्रों को लात मूका थप्पड़ व लाठी से मारने लगे। अपने पुत्रों के हल्ला गुहार को सुनकर जब प्रार्थनी अपने पुत्रों को बचाने दौड़ी तो प्रार्थिनी को भी जातिसूचक माँ बहन की गालियां देते हुए मारा पीटा और कटीले तारों पर प्रार्थिनी को धकेल दिया, जिससे प्रार्थिनी के दोनों पैरों में चोट आ गई। गांव के लोगों के आ जाने पर विपक्षीगण प्रार्थिनी व उसके पुत्रों को जान से मारने व गांव से उजाड़ने तथा फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हुए भाग गए। प्रार्थिनी ने डायल 112 पर कॉल किया और पुलिस मौके पर पहुंची परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रार्थिनी ने इसकी सूचना स्थानीय थाना कोतवाली में दिया परंतु प्रार्थिनी का मुकदमा नहीं लिखा गया और प्रार्थिनी और चोटहिलों का मेडिकल भी नहीं कराया गया। जिस पर प्रार्थिनी ने अपना और अपने बेटे का मेडिकल जिला अस्पताल गोंडा में कराया। पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक से विपक्षी गणों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके प्रार्थिनी व उसके परिवार को जानमाल की सुरक्षा प्रदान करने की गुहार लगाई है।

## विकास खंड कर्नलगंज में ग्राम पंचायतों के आवंटन में हो रहा खेल




रिपोर्ट –करीम खान विशेष संवाददाता उत्तर प्रदेश

कर्नलगंज गोण्डा। तहसील क्षेत्र के विकास विभाग के अधिकारी अपने चहेतों को लाभ पहुँचाने के लिये नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं और विकास खंड कर्नलगंज में ग्राम पंचायत अधिकारीध्ग्राम विकास अधिकारी को ग्राम पंचायतों के आवंटन में हो जमकर खेल हो रहा है। मामला विकास खण्ड कर्नलगंज से जुडा है, यहां 74 ग्राम पंचायतों में 10 ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारियों की तैनाती थी। करीब एक माह पूर्व एक ग्राम पंचायत अधिकारी के निलंबित हो जाने से उनकी सम्पूर्ण ग्राम पंचायतें ग्राम पंचायत अधिकारी राजकुमार को आवंटित कर दी गई। बीते 31 दिसंबर को ग्राम विकास अधिकारी प्रेमा देवी सेवानिवृत हो गई। दो कलस्टर की 9 ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई थी। उनके सेवानिवृत होने पर पूर्व से 2 क्लस्टर की 6 ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी संभालने वाले ग्राम पंचायत अधिकारी राहुल चंद्रा को प्रेमा देवी की 9 वों ग्राम पंचायतें आवंटित कर दी गई। इस तरह जिसके पास जितनी अधिक ग्राम पंचायतें होती है उसी के अनुसार उसकी आमदनी भी होती है। किसके पास कितनी ग्राम पंचायतों का है कार्य भार सहायक विकास अधिकारीध ग्राम पंचायत अधिकारी अभिषेक प्रताप सिंह को 9 ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी मिली है। इसी तरह ग्राम पंचायत अधिकारी राजकुमार को 12 ग्राम पंचायत, विमलेश कुमार को 11 ग्राम पंचायत, सौम्या चौधरी को 11 ग्राम पंचायत, संतोष मिश्रा को 9 ग्राम पंचायत, राहुल चंद्रा को 6 ग्राम पंचायत, ज्योति चौहान को 4 ग्राम पंचायत व पूजा भारती को 3 ग्राम पंचायत की जिम्मेदारी थी। जिसमें सभी लोग कार्य करते चले आ रहे हैं। बीते 31 दिसंबर को प्रेमा देवी के सेवानिवृत होने से 9 ग्राम पंचायतों का विकास कार्य बाधित हो गया था। उनकी 9 वों ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी राहुल चंद्रा को दे दी गई अब उनके पास 15 ग्राम पंचायतों के विकास कार्य की जिम्मेदारी है। इस तरह नियम कानून को ताख पर रखकर ग्राम पंचायतों का बंटवारा किया जा रहा है।

बोले जिम्मेदार

खंड विकास अधिकारी श्री कांत ने बताया कि ग्राम पंचायत अधिकारियों से काम लेना है। महिला ग्राम विकास अधिकारीध्ग्राम पंचायत अधिकारी अधिक ग्राम पंचायतों में कार्य नहीं कर सकती। इसलिए पुरुष वर्ग में जो तेजतर्रार है उसे अधिक ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा कि पूजा भारती अस्वस्थ हैं जिससे वह और ग्राम पंचायतें लेने में असमर्थ हैं। यदि किसी ग्राम पंचायत अधिकारी की तैनाती नहीं होती है तो अगले माह में ग्राम विकास अधिकारी ज्योति चौहान को और ग्राम पंचायतें दी जाएगी।

## आवागमन के पहले ही डूबा पांटून पुल



प्रयागराज संवाददाता सतीश चंद्र की रिपोर्ट

मेजा, प्रयागराज। लोक निर्माण विभाग की लापरवाही का एक नमूना और सामने आया है जो कहीं न कहीं विभागीय अधिकारियों के ऊपर सवालिया निशान खड़ा कर रहा है। बता दे कि लोक निर्माण विभाग के द्वारा हर साल सिरसा व मदरा टेला गंगा घाट पर पांटून पुल का निर्माण कार्य कराया जाता रहा है। लेकिन इस बार पाटूंन पुल का निर्माण कार्य निर्धारित समय से काफी देर से शुरू हुआ है। और अभी तक पुल का निर्माण कार्य पूरा भी नहीं हुआ और उसके बीच में ही लिकेज के पीपा पुल डूब गया जिससे हड़कंप मच गया बता दें कि मदरा टेला गंगा घाट पर बन रहे पांटून का एक पीपा लिकेज होने के चलते गंगा नदी में समाहित हो गया जिससे हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि पुल अभी तक तैयार नहीं हुआ और आवागमन भी नहीं शुरू हुआ था उसके पहले ही विभागीय लापरवाही की पोल खुल गई अगर आवागमन शुरू हो गया होता तो बड़ा हादसा हो सकता था।

## दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल ने खुद को लगाई आग, पीसीआर कर्मियों ने बचाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल ने दिल्ली के रफी मार्ग पर खुद को आग लगा ली। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि कुलदीप के रूप में पहचाने जाने वाले हेड कांस्टेबल को मौके पर तैनात पीसीआर कर्मियों ने उसकी जान बचा ली। पुलिस ने कहा है कि हेड कांस्टेबल कुलदीप पहले सचिवालय सुरक्षा में तैनात था, लेकिन वर्तमान में निलंबित है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, कुलदीप ने पहले भी खुद को आग लगाने की कोशिश की है, लेकिन इसके पीछे का कारण अज्ञात है। हालांकि, हेड कांस्टेबल को कोई बड़ी चोट नहीं आई है, लेकिन उसकी गर्दन और चेस्ट जल गया है। आधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

## व्यक्ति ने लड़की को जबरन कार के अंदर खींचने की कोशिश की, तेजाब से हमला की दी धमकी, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पांडव नगर में एक व्यक्ति ने 19 वर्षीय एक लड़की को अपनी कार में खींचने की कोशिश की। इस दौरान लड़की घायल हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने कहा कि घटना के बाद से फरार चल रहे 27 वर्षीय आरोपी यग्वेंद्र यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी शशि गार्डन का रहने वाला है। इससे पहले, सूत्रों ने कहा था कि लड़की ने कार के भीतर जाने से इनकार किया तो आरोपी ने उसे तेजाब से हमला करने की धमकी भी दी थी।

पूर्व डीसीपी अमृता गुगुलोथ ने कहा, पांडव नगर थाने में मिली शिकायत में कहा गया है कि किराना दुकान चलाने वाले आरोपी ने अपने पड़ोस में रहने वाली पीड़िता को धमकी भी दी थी कि अगर उसने उससे शादी नहीं की तो वह उस पर तेजाब फेंक देगा।' डीसीपी आगे कहा, '1 जनवरी को शिकायत के आधार पर धारा 341 (गलत तरीके से रोकने), 506 (आपराधिक धमकी) के तहत तत्काल एफआईआर दर्ज की गई।' मजिस्ट्रेट द्वारा पीड़िता का बयान सीआरपीसी की धारा 164 के तहत दर्ज किया गया और एफआईआर में धारा 354-बी और 354-डी जोड़ी गई। एक अधिकारी ने कहा है कि आरोपी और पीड़िता एक दूसरे को जानते हैं। घटना के बाद लड़की का प्राथमिक उपचार किया गया है।

## गाजियाबाद में मृत गाय के शव मिलने से हड़कंप, भड़के गौ रक्षा दल के सदस्य

**गाजियाबाद।** हिंडन नदी में पुल के पास करीब आधा दर्जन से भी ज्यादा गाय मृत अवस्था में मिलीं। जिसकी सूचना आनन-फानन में स्थानीय पुलिस और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को मिली तो मौके पर पहुंचकर सभी मृत गायों का बिसरा लेकर जांच के लिए भेजा गया और उन्हें जेसीबी के माध्यम से दफनाया गया। इसकी सूचना जैसे ही गौ रक्षक दल को मिली तो गौ रक्षा दल के सदस्य भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने ही इसकी जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों को देते हुए इसकी शिकायत स्थानीय पुलिस से भी की है। गौ रक्षा दल के सदस्य आशीष ने बताया कि उन्हें पहले एक गाय का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। लेकिन जब मौके पर पहुंचे तो करीब 8 गायों का शव दूसरी तरफ भी पड़ा हुआ मिला। आशीष ने बताया कि जिस तरह से एक ही जगह इतनी गायों का शव मिला है।उसे देखकर लगता है कि किसी ने इनकी हत्या की है और जब उन्हें ले जा रहे होंगे। लेकिन पुलिस के डर से उन्होंने इन शव को यहीं पर फेंक दिया होगा। उधर जब नगर निगम के अधिकारियों के भी इसकी सूचना मिली तो वह खुद भी मौके पर पहुंचे और इस पूरे मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है।

## गाजियाबाद में दो युवकों के शव मिलने से हड़कंप, 31 दिसंबर से थे लापता, हत्या की आशंका

**गाजियाबाद।** जिले में 31 दिसंबर से लापता 2 युवको के शव मिलने से हड़कंप मच गया। परिजनों का आरोप है कि तेजाब से जला कर उनकी हत्या की गई है। आरोप इलाके की केमिकल फैक्ट्रियों पर है। परिजनों के मुताबिक युवक और अन्य ग्रामीण यहां की पोलूशन फैला रही केमिकल फैक्ट्री को बंद करवाना चाहते थे। इस वजह से उनकी हत्या की गई है। मृतको के परिजनों के मुताबिक गौरव और दुर्गेश दोनों 25 वर्ष के युवा थे और नौकरी कर रहे थे। यह दोनों गाजियाबाद के रिस्थल गांव के रहने वाले थे और वही से 31 तारीख को लापता हो गए थे। आज 4 तारीख में इनके शव मिले हैं। दोनो के शवों के बीच परिजनों के मुताबिक 1 किलोमीटर का फासला था। परिजनों का कहना है कि दोनों के चेहरे तेजाब से जला दिए गए हैं जिससे उनकी पहचान ना हो सके। हालांकि पहने गए कपड़े और कद काठी से उनकी पहचान की गई है। परिजनों का कहना है कि यहां केमिकल फैक्ट्री बहुत ज्यादा तादाद में है जो कि काफी पोलूशन कर रहे हैं जिसको लेकर अक्सर यह दोनों युवा सवाल उठाया करते थे। परिजनों का कहना है इसीलिए इन दोनों की हत्या कर दी गई है। वही मौके पर पहुंची पुलिस को भी ग्रामीणों का विरोध झेलना पड़ा।

# दिल्ली कंझावला केसः पीएम रिपोर्ट में खुलासा, अंजलि ने नहीं पी थी शराब

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में सुल्तानपुरी व कंझावला में अंजलि की मौत मामले में हर रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं। अंजलि की फाइनल पोस्टमार्टम रिपोर्ट में नया खुलासा हुआ है। इसमें उसके शराब पीने की पुष्टि नहीं हुई है। जबकि, इससे पहले अंजलि की सहेली निधि ने उसके शराब पीने की बात कही थी। इस कारण बयान और रिपोर्ट में विरोधाभास होने के चलते पुलिस निधि से दोबारा पूछताछ करेगी।

निधि के बयान के मुताबिक, अंजलि ने हद से ज्यादा शराब पी ली थी। उसने बताया कि वह एक्सीडेंट के वक्त साथ में ही थी और उसके बाद डर के चलते वह अपने घर चली गई, लेकिन यहां पर भी निधि के बयानों में फर्क दिखाई दे रहा है।



एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें निधि अपने घर जाने की बजाय पहले किसी अन्य के घर गई थी।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अंजलि के शराब नहीं पीने की पुष्टि हुई है। इसके साथ बलात्कार जैसी वारदात की भी बात नहीं हुई है। रिपोर्ट में यह भी साफ हुआ कि अंजलि के शरीर पर 40 जगहों पर चोट के गहरे निशान है। पीठ पूरी तरीके से छिली हुई थी। निधि के पड़ोस के लड़के ने बताया कि एक जनवरी रात निधि 2:30 बजे उनके घर में फोन चार्जिंग के लिए आई थी और फिर दोबारा से फोन लेकर चली गई। रिपोर्ट के अनुसार, ज्यादा खून बहने की वजह से अंजलि की मौत हुई। रिपोर्ट में दोनों पैरों में गंभीर चोट, सिर, रीढ़ की हड्डी और बाईं जांघ की हड्डी में चोट की वजह से खून तेजी से बहा। रिपोर्ट में इस बात की संभावना जताई गई है कि अंजलि को लगी सभी चोटें कार एक्सीडेंट और घसीटे जाने के कारण लगीं थीं। वहीं इससे पहले सोमवार को फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) ने बलेनो कार की जांच में किसी प्रकार का कोई खून नहीं पाया था। कार में न ही निधि के बाल के टुकड़े मिले थे। फॉरेंसिक जांच में कार के टायर में खून के निशान पाए गए थे।

मृतक अंजलि की सहेली निधि ने मंगलवार को मीडिया से कहा था कि बेलेनो कार ने सामने से टक्कर मारी थी। वह साइड में गिर गई और अंजलि गाड़ी के नीचे आ गई। वह (अंजलि) बहुत ज्यादा नशे में थी। निधि का आरोप है कि लड़कों को पता था कि गाड़ी के नीचे लड़की फंसी है। फिर भी वह गाड़ी चलाते रहे। वह चिल्ला रही थी। फिर भी उन्होंने गाड़ी नहीं रोकी। मृत लड़की को गाड़ी दो बार आगे ले गई और दो बार पीछे ले गई। उसके बाद आगे की तरफ ले गई।

# जल बोर्ड के उपाध्यक्ष ने सोनिया विहार वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का किया दौरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जलापूर्ति को बेहतर बनाने और उसमें सुधार करने के उद्देश्य से दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने उत्तर - पूर्वी दिल्ली स्थित सोनिया विहार वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सोनिया विहार वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को पानी की गुणवत्ता में सुधार करने के साथ ही पानी की उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए।

इस दौरान भारद्वाज के साथ संजय शर्मा (दिल्ली जल बोर्ड के ट्रीटमेंट और क्वालिटी कंट्रोल डायरेक्टर), अंकित श्रीवास्तव (हाइड्रोलिक्स सलाहकार), अरुण शर्मा (चीफ वाटर एनालिस्ट), दिनेश यादव (एग्जीक्यूटिव इंजीनियर), हरीश कटारिया (प्रबंधक सोनिया विहार वाटर ट्रीटमेंट प्लांट) और दिव्यांशु (सीईओ नालंदा) मौजूद रहे।

**सोनिया विहार वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में बढ़ेगा उत्पादन**

भारद्वाज ने सोनिया विहार वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में बनाई गई 51 ट्यूबवेल्स का निरीक्षण किया। इन ट्यूबवेल्स की कुल क्षमता 5 .57 एमजीडी है, लेकिन



फिलहाल 29 ट्यूबवेल ही पानी का उत्पादन कर पा रहे हैं। सौरभ भारद्वाज द्वारा अधिकारियों से बाकी ट्यूबवेल्स के काम नहीं करने का कारण पूछा गया। दिल्ली जल बोर्ड के ट्रीटमेंट एंड क्वालिटी कंट्रोल निर्देशक संजय शर्मा ने सौरभ भारद्वाज को बताया कि बंद पड़े ट्यूबवेल से निकलने वाले पानी में आयरन और अमोनिया जैसे रासायनिक तत्वों की मात्रा बढ़ने की वजह से कुछ समय के लिए इनको बंद करना पड़ा है।

इन सभी ट्यूबवेल के पानी की गुणवत्ता में सुधार का काम चल रहा है। जैसे ही पानी की गुणवत्ता ठीक हो जाएगी, इन सभी ट्यूबवेल को दोबारा शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग ब्रांच ने आयरन की मात्रा 5 से कम होने और हानिकारक तत्वों की मात्रा से 15 कम होने पर ट्यूबवेल चलाने की अनुमति दी थी, लेकिन बाद में सभी ट्यूबवेल्स की उचित सफाई के बाद चलाने की इजाजत दी गई थी। ट्रीटमेंट और क्वालिटी कंट्रोल निर्देशक ने यह सुझाव भी दिया कि ट्यूबवल्स की उचित सफाई से पानी में प्रदूषक तत्वों की मात्रा में कमी आ सकती है।

**दिल्ली जल बोर्ड उपाध्यक्ष ने 7 दिन में मांगी गुणवत्ता रिपोर्ट**

भारद्वाज ने निरीक्षण के दौरान पानी में प्रदूषक तत्वों का ताजा लेवल (स्तर) जानने की इच्छा जताई। सौरभ भारद्वाज के निर्देश पर पानी के सैंपल लिए गए और अधिकारियों को 7 दिनों में गुणवत्ता रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सौरभ भारद्वाज ने यह भी जानना चाहा कि ट्यूबवेल की कितनी क्षमता कम हुई है और उनकी वास्तविक क्षमता क्या है ? सौरभ भारद्वाज ने अधिकारियों से पानी में हानिकारक तत्वों की मात्रा में कमी लाने के लिए सुझाव मांगे और अधिकारियों से कहा कि ट्यूबवेल के पानी में हानिकारक तत्वों को कैसे कम किया जा सकता है, इसके लिए वो 7 दिनों में एक प्रेजेंटेशन यानी एक्शन प्लान तैयार करें।

## ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का चला बुल्डोजर, 12 करोड़ को जमीन कराई खाली



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने भनौता में अतिक्रमण पर बुल्डोजर चलाया। करीब छह हजार वर्ग मीटर जमीन को खाली करा लिया। कालोनाइजर अवैध कालोनी विकसित कर जमीन कब्जाने की कोशिश कर रहे थे। खाली कराई गई जमीन कीमत करीब 12 करोड़ रुपये आंकी गई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने परियोजना विभाग व भूलेख विभाग को अधिसूचित एरिया में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल दो के प्रभारी चरण सिंह के नेतृत्व में प्रबंधक प्रताप सिंह व सहायक प्रबंधक राजेश निम की टीम ने गांव भनौता में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। भनौता के खसरा नंबर 394 और 395 की छह हजार वर्ग मीटर जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा था। कालोनाइजर यहां अवैध कालोनी काट कर रहे थे। अवैध निर्माण हटाने से पहले प्राधिकरण की तरफ से धारा-10 की नोटिस दी गई, लेकिन कालोनाइजरों पर कोई असर नहीं पड़ा, जिसके चलते स्थानीय पुलिस व प्राधिकरण के सुरक्षा कर्मियों मदद से शुक्रवार को खसरा नंबर 394 और 395 की जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को ढहा दिया गया। करीब छह हजार वर्ग मीटर जमीन की कीमत 12 करोड़ रुपये होने का आकलन है। सुबह करीब 8.30 बजे शुरू हुई इस कारवाई में 4 जेसीबी व दो डंफर का इस्तेमाल किया गया। करीब दो घंटे तक कार्रवाई चली। प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने अधिसूचित अथवा अधिग्रहित एरिया में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

# संजय सिंह ने दिल्ली की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए

**नई दिल्ली।** आप के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने दिल्ली की कानून व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि आए दिन क्राइम हो रहा है और दिल्ली पुलिस हाथ पर हाथ रखकर बैठी है।

सिंह ने कहा कि दिल्ली की कानून व्यवस्था को ठीक करने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मौका देना चाहिए।

हम दिल्ली में कानून व्यवस्था ठीक करके दिखाएंगे। दिल्ली में कोई माफिया, गुंडे को बक्शा नहीं जाएगा। उल्लेखनीय



है कि नए साल के मौके पर कंझावला इलाके में एक युवती को कार सवार आरोपितों ने कई किलोमीटर से भी ज्यादा दूरी तक कार से घसीटा था, जिसके बाद युवती की मौके पर मौत हो गई थी। इसके बाद से ही दिल्ली में कानून व्यवस्था को लेकर दिल्ली पुलिस पर सवाल उठने लगे थे।

सिंह ने कहा कि कंझावला मामले में उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह से मिलने का समय मांगा था लेकिन लेकिन उनके यहां से मिलने का समय नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे सांसद प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें मेल किया, कॉल किया।

उन्होंने कल कहा था कि आज मिलने का समय मिलेगा, लेकिन आज भी मिलने का समय नहीं दिया गया है।

संजय सिंह ने कहा कि आज पूरी भाजपा सिर्फ एक काम कर रही है। पांच आरोपितों में से एक भाजपा का नेता मनोज मित्तल जिसे बचाने के लिए भाजपा काम कर रही है। लड़की के मौत के मामले में अलग मोड़ दिया जा रहा है और इस मामले को दबाने के लिए लीपापोती की जा रही है।

## जस्टिस राजीव श्रीवास्तव डीईआरसी के नए अध्यक्ष नियुक्त, केजरीवाल ने दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष के रूप में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) राजीव कुमार श्रीवास्तव की नियुक्ति को मंजूरी दे दी। डीईआरसी के अध्यक्ष के तौर पर राजीव कुमार की नियुक्ति का प्रस्ताव उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने पेश किया था। सिसोदिया प्रभारी बिजली मंत्री भी हैं। सेवानिवृत्त न्यायाधीश राजीव कुमार श्रीवास्तव की बतौर डीईआरसी अध्यक्ष की नियुक्ति विद्युत अधिनियम के अनुसार की गई है। इससे पहले भी दो डीईआरसी अध्यक्षों की नियुक्ति इसी प्रक्रिया के अनुसार की गई थी। अब यह फाइल एलजी के पास भेजी गई है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने डीईआरसी के अध्यक्ष के तौर पर सेवानिवृत्त न्यायाधीश राजीव कुमार श्रीवास्तव की नियुक्ति की जानकारी ट्वीट कर साझा की। मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर कहा, ''दिल्ली सरकार ने डीईआरसी के



अगले अध्यक्ष के रूप में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) राजीव श्रीवास्तव की नियुक्ति को मंजूरी दी है। उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं।''

उल्लेखनीय है कि न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) राजीव कुमार श्रीवास्तव मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश रहे हैं। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने भी सेवानिवृत्त न्यायाधीश राजीव कुमार श्रीवास्तव को डीईआरसी का अध्यक्ष नियुक्त करने को लेकर अपनी मंजूरी दे दी है। सीएम अरविंद केजरीवाल से डीईआरसी के अध्यक्ष के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश राजीव कुमार के नाम पर मुहर लगाने के बाद अब फाइलएलजी के पास उनकी मंजूरी के लिए भेजी गई है। एलजी से फाइल को मंजूरी मिलने के बाद न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) राजीव कुमार श्रीवास्तव डीईआरसी के वर्तमान अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश शबिहुल हसनैन की जगह लेंगे और उनकी सेवानिवृत्ति के बाद डीईआरसी के अध्यक्ष का पद ग्रहण करेंगे।

इस प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने यह भी कहा कि तत्कालीन एलजी अनिल बैजल डीईआरसी के पिछले दो अध्यक्षों की नियुक्ति में सरकार के फैसलों पर सहमत थे और उन्होंने सरकार के फैसलों से असहमति नहीं जताई थी।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने 200 आवारा कुत्तों के लिए बूढ़ी महिला का आश्रय गिराने पर यथास्थिति का आदेश दिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की उस कार्रवाई पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया, जिसमें 200 से अधिक आवारा कुत्तों को 30 से अधिक वर्षों तक रखने के लिए एक 80 वर्षीय महिला के अस्थायी आश्रय को ध्वस्त कर दिया गया था। 3 जनवरी को विध्वंस के बाद प्रतिमा देवी के रहने के लिए कोई जगह नहीं छोड़ी, वह एक आपातकालीन वैकल्पिक आश्रय की मांग करते हुए और एमसीडी, दिल्ली सरकार, और भारतीय पशु कल्याण बोर्ड को रोकने की मांग करते हुए अदालत में चली गईं।

याचिका में एमसीडी की कार्रवाई को मनमाना, अनुचित और अमानवीय बताया गया है और तर्क दिया गया है कि यह भेदभावपूर्ण है और आवारा कुत्तों और बुजुर्ग महिलाओं के अधिकारों का स्पष्ट उल्लंघन है, जिन्हें अस्थायी शरण से अचानक हटा दिया गया था। याचिका में



कहा गया है, ᵖतिवादी संख्या 1 याचिकाकर्ता को विध्वंस की पूर्व सूचना दिए बिना, जो कि एक वरिष्ठ नागरिक, अस्सी वर्षीय महिला है, को दिल्ली के इस खराब मौसम की स्थिति में इस तरह की कठोरता को देखने के लिए मजबूर किया गया है। यह इस तथ्य को और बल देता है कि प्रतिवादी संख्या 1 प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का घोर उल्लंघन है, जिसमें याचिकाकर्ता को कोई नोटिस/सूचना प्रदान नहीं की गई थी। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी की पीठ ने अस्थायी समाधान के तौर पर महिला को तिरपाल लगाने की अनुमति दी। किसी भी पक्ष के अधिकारों या दावों से समझौता किए बिना अदालत ने एमसीडी और दिल्ली सरकार को याचिकाकर्ता को पुनर्वास की पेशकश की संभावनाओं की जांच करने का भी आदेश दिया। अदालत ने कहा, मामले के तथ्यों और परिस्थितियों और याचिकाकर्ता के इस तर्क को ध्यान में रखते हुए कि प्रतिवादी संख्या 1 द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के आपत्तिजनक कार्रवाई की गई है, यह अदालत यह निर्देश देना समीचीन समझती है कि प्रतिवादी मामले की सुनवाई तक यथास्थिति बनाए रखेगा। सुनवाई की अगली तारीख और आश्रय की तत्काल आवश्यकता को पूरा करने के लिए याचिकाकर्ता को अंतरिम उपाय के रूप में तिरपाल लगाने की भी अनुमति दी जाएगी। अदालत ने याचिका पर नोटिस जारी करते हुए मामले को 15 मार्च को अगली सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया।

# आश्रम फ्लाईओवर 45 दिनों के लिए बंद होने से दिल्ली वालों को दिक्कत, सड़कों पर जाम ही जाम

**नोएडा।** आश्रम फ्लाईओवर बंद होने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जो रास्ता कुछ मिन्टों में पार हो जाता है अब घंटों लग रहे हैं। पहले जहां सुबह और शाम गाड़ियों की लंबी कतारें लग जाती थीं, अब वहां दिन में भी वाहन रेंगते दिखाई दे रहे हैं। दिल्ली के सबसे व्यस्त मार्ग में जाने वाले और नोएडा गाजियाबाद को साउथ दिल्ली से जोड़ने वाले आश्रम फ्लाईओवर बंद होने की वजह से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी पूर्वी दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद से दक्षिण दिल्ली की तरफ जाने वाले लोगों की रफ्तार पर लगाम लग गई है। फ्लाईओवर पर आवाजाही बंद होने की वजह से अब रिंग रोड पर सराय काले खान से लेकर मूलचंद तक भीषण जाम लग रहा है।

ट्रैफिक जाम से बचने के लिए लोग बारापूला रोड, मथुरा और सीवी रमन मार्ग से लेकर आउटर रिंग रोड के रूट का सहारा ले रहे हैं, जिसकी वजह से




यहां पर भी व्यस्तता बढ़ती हुई दिखाई दे रही है।

माना यह जा रहा है कि फ्लाईओवर के एक्सटेंशन का काम अभी करीब डेढ़ महीने तक जारी रहेगा जिस दौरान आश्रम फ्लाईओवर पर आवागमन बंद होकर वैकल्पिक रूट से ही लोग आ जा सकेंगे, इसलिए लोगों को अभी इन दिनों राहत मिलने के कोई आसार नहीं है। नोएडा गाजियाबाद या पूर्वी दिल्ली से एम्स, सफदरगंज ,अपोलो व अन्य अस्पतालों के लिए आने जाने वाले मरीजों को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, उन्हें जाम से निकलने में तकरीबन घंटे भर का समय लग जा रहा है।

# पहाड़ापुर में सरकारी भूमि पर कब्जेदारी को लेकर हुआ खूनी संघर्ष

रिपोर्ट–करीम खान विशेष संवाददाता उत्तर प्रदेश

कटरा बाजार, गोण्डा। स्थानीय थाना क्षेत्र के पहाड़ापुर पुलिस चौकी से कुछ ही दूरी पर पड़ी सरकारी (बंजर) भूमि पर कब्जेदारी को लेकर बुधवार को दो पक्ष भिड़ गए। जिसमें दोनों पक्ष से कई लोग जख्मी हो गए। वहीं दोनों पक्ष से लोगों के चोटिल होने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई में जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को एक पक्ष द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने की नियत से फूस का मड़हा रखने के मामले ने तूल पकड़ लिया और देखते ही देखते मामला मारपीट में तब्दील हो गया। जिसके बाद दोनों पक्षों में जमकर खूनी संघर्ष होता रहा। हालांकि दोनों पक्ष से लोगों के चोटिल होने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तब मामला शांत हुआ। पुलिस दोनों तरफ से मामला दर्ज करने की बात कह रही है। एक पक्ष की ओर से अनिल कुमार श्रीवास्तव पुत्र साधू सरन ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि चुनावी रंजिश के चलते प्रधान पति अनिल कुमार पुत्र द्वारिका प्रसाद व संतोष कुमार, अब्दुल



रउफ, इब्राहिम उर्फ अन्नू के साथ अन्य कई लोगों ने लाठी डंडे व धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें अनिल कुमार श्रीवास्तव व रवीन्द्र कुमार घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष के प्रधान प्रतिनिधि के भाई संतोष श्रीवास्तव का आरोप है कि पुलिस तीन बार तहरीर बदलवा चुकी है। अपने अनुसार तहरीर लिखने का दबाव बनाया जा रहा है। विश्वस्त सूत्रों की मानें के तो चौकी प्रभारी पहाड़ापुर अभिषेक मिश्रा के मिलीभगत से प्रधान पति अनिल श्रीवास्तव द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कराया जा रहा था,जिसका अनिल कुमार श्रीवास्तव पुत्र साधू सरन व अन्य लोगों के द्वारा विरोध करने पर मारपीट शुरू हो गई। जिसमें अनिल कुमार, सुनील कुमार, रवींद्र, राकेश, परवीन कुमार को काफी चोटें आयी हैं। यही नहीं बाद में चौकी प्रभारी ने भी पहुंचकर पीड़ित प्रथम पक्ष अनिल कुमार, सुनील कुमार, रवींद्र, राकेश, परवीन कुमार को मारा तथा थाने पर ले जाकर बैठा दिया। वहीं पीड़ितों ने थाना प्रभारी कटरा बाजार को सूचना दी लेकिन थाना प्रभारी ने अवैध कब्जा कर रहे प्रधान के पति अनिल कुमार श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, अब्दुल रऊफ, इब्राहिम उर्फ अन्नू सांई की गिरफ्तारी नहीं की गई। इस संबंध में पहाड़ापुर चौकी प्रभारी अभिषेक मिश्रा का कहना है कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। ऐसे में अब गंभीर सवाल यह उठता है कि पहाड़ापुर पुलिस चौकी के करीब ही मुख्य चौराहे पर काफी देर तक संघर्ष चलता रहा और दोनों पक्ष से लोगों के चोटिल होने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची,यह सवाल लोगों के दिमाग को झकझोर रहा है। वहीं पुलिस की भूमिका पर सवालिया निशान लगा दिया है। फिलहाल क्या सही है और क्या गलत यह तो जांच के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा।

# नियमित टीकाकरण में खराब प्रदर्शन पर कलान,कांट,मदनापुर एवं निगोही के प्रभारी चिकित्साधिकारियों को नोटिस

## राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की प्रथम अन्तर्विभागीय बैठक सम्पन्न


यूपी फाइट टाइम्स–कमल रावत

शाहजहांपुर। डीसीपीएम को नोटिस जारी करते हुये खराब प्रदर्शन करने वाले आशाओं का विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये ।नियमित टीकाकरण सत्रों में अनुपस्थित रहने वाली सभी एएनएम के विरूद्ध कार्यवाही हेतु जिलाधिकारी ने निर्देश दिये ।जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला टास्कफोर्स की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नियमित टीकाकरण में खराब प्रदर्शन पर कलान, कांट, मदनापुर एवं निगोही के प्रभारी चिकित्साधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि सुधार न होने पर इन प्रभारी चिकित्साधिकारियों के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही हेतु शासन को संस्तुति प्रेषित की जायेगी। शाहजहाँपुर नगर क्षेत्र में भी नियमित टीकाकरण में सुधार हेतु जिलाधिकारी ने निर्देश दिये। उन्होने डीसीपीएम को नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिये तथा काम न करने वाली आशाओं की सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। नियमित टीकाकरण सत्रों में अनुपस्थित रहने वाली सभी एएनएम को चिन्हित करते हुये उनके विरूद्ध कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। खराब प्रगति एवं उचित ड्रेस में बैठक में न आने पर बीसीपीएम कलान को नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुये चेतावनी दी की कार्य में सुधार न होने पर सेवा समाप्त की जायेगी। मीजल्स रूवेला के विशेष टीकाकरण अभियान हेतु भी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होने कहा कि सत्र आयोजन से पूर्व वुलावा पर्ची अवश्य दी जाये तथा सत्र का आयोजन नियमित रूप से कराया जाये। ग्राउण्ड लेवल स्टाफ के संवेदीकरण हेतु



प्रशिक्षण कराये जाने हेतु भी जिलाधिकारी ने निर्देशित किया। जिला अधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में दिनांक 10 से 27 फरवरी 2023 तक चलाये जाने वाले फाइलेरिया एम०डी०ए० अभियान के संबंध में प्रथम अन्तर्विभागीय बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी सम्बन्धित विभाग बेहतर अन्तर्विभागीय समन्वय से कार्य करते हुये अभियान को सफल बनाए। एम०डी०ए० अभियान के दौरान नगर विकास विभाग, पंचायतीराज विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार शिक्षा आपूर्ति विभाग सूचना एवं अन्य विभागों के सहयोग से जनपद में प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं यथा आशा, आंगनवाड़ी, ए०एन०एम० व स्वयं सेवी के द्वारा फाइलेरिया रोग से बचाव हेतु दवा डी०ई०सी० व एलबेन्डाजोल का आयु वर्ग के अनुसार सेवन कराया जायेगा। जिला अधिकारी ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्यक्रम के दौरान विभाग से संबंधित गतिविधियों को निर्धारित तिथि तक सम्पन्न कराएं। यह दवा प्रत्येक स्वस्थ्य व्यक्ति को खानी है। यह दवा 02 वर्ष से कम आयुवर्ग के बच्चों, गर्भवती माताओं एवं गम्भीर रूप से बीमार व्यक्तियों को तथा खाली पेट नहीं खानी है। बैठक के दौरान जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि अभियान से पूर्व स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं यथा आशा, आंगनवाड़ी, ए०एन०एम० व स्वयं सेवी द्वारा घर–घर भ्रमण कर सर्वे का कार्य किया जायेगा एवं लोगों को फाइलेरिया बीमारी से बचाव के लिए जागरूक किया जायेगा। राज्य स्तर से पाथ संस्था से आए प्रतिनिधि डा० शोएब अनवर ने बताया कि स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण एवं संवेदीकरण किया जाये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है इसलिए जनमानस से अपील की कि एलबेन्डाजोल व डी०ई०सी० की एक खुराक का सेवन अवश्य करें।बैठक के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी आर0के0 गौतम , समस्त अपर ६ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बी०एस०ए०, डी०पी०आ`०, डी०आई०ओ०एस० व पंचायतीराज व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी, डब्लू०एच०ओ० तथा यूनीसेफ प्रतिनिधि, डी०पी०एम०, डी०सी०पी०एम० व समस्त ब्लाकों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, बी० पी०एम०६ बीसी०पी०एम० व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# माघ मेले के लिए चलाई जाएंगी 2800 अतिरिक्ति बसें



प्रयागराज संवाददाता सतीश चंद्र के साथ अर्जुन सिंह की रिपोर्ट


लखनऊ। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम माघ मेले के लिए 2800 अतिरिक्त बसें चलाएगा। इसके लिए 200 बसें रिजर्व रखी जाएंगी। वहीं, प्रयागराज के निकटवर्ती तीर्थस्थलों के लिए भी 80 बसों का इंतजाम किया गया है। जनवरी–फरवरी में आयोजित प्रयागराज माघ मेले के लिए उप्र परिवहन निगम 2800 अतिरिक्त बसें चलाएगा। इसके अलावा निकट के तीर्थस्थलों के लिए भी अतिरिक्त 80 बसें चलाई जाएंगी। इसके लिए एमडी संजय कुमार ने क्षेत्रवार बसों का आवंटन कर दिया। एमडी के मुताबिक मेले में मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी के स्नान पर भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। ऐसे में 20 जनवरी से 27 जनवरी तक संचालन पर मुख्य फोकस रहेगा। छह फरवरी तक 2800 बसों के संचालन के अलावा 200 बसों को रिजर्व में रखा जाएगा। प्रयागराज के निकटवर्ती तीर्थस्थल काशी, विंध्याचल, चित्रकूट एवं अयोध्या के लिए भी 80 बसों की अतिरिक्त व्यवस्था रहेगी। इसके अलावा प्रयागराज को 550, गोरखपुर क्षेत्र को 380, आजमगढ़ को 360, लखनऊ को 300, वाराणसी को 300, अयोध्या को 220, चित्रकूट को 230, कानपुर को 260, देवीपाटन को 150 और झांसी को 50 बसों का आवंटन किया गया है। एमडी ने कहा है कि किसी भी मार्ग पर प्राइवेट बसों को परमिट न दिया जाए। इस संबंध में सभी क्षेत्रीय प्रबंधक अपने–अपने यहां आयुक्त एवं जिलाधिकारियों से बात करेंगे। इसके साथ ही अस्थाई बस स्टेशन निर्माण करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी बसों को चाक चौबंद कराने और सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने को कहा गया है।

# थाना पुवायां क्षेत्र में घर में घुसकर की मारपीट,हालत गंभीर है

## पीड़ित ने पुलिस पर सांठ–गांठ का आरोप लगाया, मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज किया

यूपी फाइट टाइम्स–कमल रावत

शाहजहांपुर। पुवायां थाना क्षेत्र में एक युवक और उसके बुजुर्ग पिता के साथ घर में घुसकर लाठी–डंडे और लोहे की सरिया से मारपीट की गई। गंभीर से रूप से घायल पिता–पुत्र को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां छह दिन से बुजुर्ग का उपचार किया जा रहा है। इधर, पुवायां पुलिस ने सांठ–गांठ कर आरोपियों के खिलाफ मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया। आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजने की मांग की है।थाना पुवायां क्षेत्र के गांव भिलावां निवासी धीरपाल ने आज



एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि रंजिश के चलते गांव के ही बृजेश, महेश, सुरेन्द्र, सर्वेश और सोनू ठाकुर बीते 31 दिसम्बर 2022 को शाम करीब 06 बजे शराब के नशे में लाठी डंडे व लोहे की सरिया लेकर मां बहन की गालियां देते हुए उसके घर में जबरदस्ती घुस आए और उसके पिता को बुरी तरह मारने पीटने लगे। पिता के सिर पर लोहे की सरिया से कई बार प्रहार किया। जिससे उनका सिर फट गया और वह बेहोश हो गये। जब वह अपने पिता को बचाने दौड़ा, तो उसके सिर पर भी लोहे की सरिया से बार कर दिया। जिससे उसका भी सिर फट गया। इसके अलावा दोनों लोगों के पूरे शरीर में भी चोटें आईं। इसी बीच उसका भाई सचिन मौके पर आ गया और उसने तुरन्त डायल 112 पर फोन किया। जब तक पुलिस आयी, तब तक सभी हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। डायल 112 पुलिस ने 108 एम्बुलेंस बुलाकर उसे व उसके पिता को पुवायां अस्पताल पहुंचाया। जहां पर पिता की गम्भीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में उसका उपचार करके छुट्टी कर दी गई। जबकि उसके पिता की गम्भीर हालत को देखते हुए उन्हें भर्ती कर लिया गया, जोकि अभी भी अस्पताल में भर्ती है। अस्पताल से आकर उसने ने आरोपियों के खिलाफ पुवायां पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने उसकी तहरीर पर उचित धाराओं में मुकदमा न लिखकर मात्र मामूली धाराओं में एनसीआर दर्ज की। अब आरोपी लगातार उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। वह और उसका परिवार अपने घर पर नहीं जा पा रहा है। धीरपाल का आरोप है कि पुवायां थाना पुलिस सांठ–गांठ होने के कारण आरोपियों के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। शिकायती पत्र में मांग की गई है कि उसकी एनसीआर को उचित व सही धाराओं में तरमीन कराकर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए।

# इक्कीस जनवरी को होगा विशेष लोक अदालत का आयोजन : सचिव पीयूष तिवारी

## जो भी व्यक्ति अपने मामले सुलह–समझौते के आधार पर करवाना चाहते हैं, वे सम्बन्धित न्यायालयों में प्रार्थना पत्र दे

यूपी फाइट टाइम्स–कमल रावत

शाहजहांपुर। उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्देषानुसार आरबीट्रेषन वादों के निस्तारण हेतु विषेश लोक अदालत का आयोजन करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिस हेतु जनपद न्यायालय शाहजहॉपुर में लम्बित आर्बीट्रेशन से सम्बन्धित मामलों का अधिक से अधिक निस्तारण किये जाने हेतु दिनांक 21.01.2023 को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। साथ ही साथ उ0 प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 11.02.2023 को किया जायेगा। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायालय शाहजहॉपुर व समस्त राजस्व, चकबन्दी व उपभोक्ता फोरम न्यायालयों में लघु फौजदारी वाद, फौजदारी वाद, सिविल वाद, दुकान व वाणिज्यिक प्रतिष्ठान अधिनियम चालान, धारा–34 पुलिस एक्ट चालान, मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर वाद, धारा 138 एन0 आई0 एक्ट, उत्तराधिकार वाद, चकबन्दी, स्टाम्प, राजस्व, श्रम अधिनियिम, दाखिल– खरिज, ए0आर0टी0ओ0 चालान, ट्रैफिक चालान, बांट तथा माप चालान, चलचित्र अधिनियम, नगर पालिका, टाउन एरिया, बैंकिगं, आवकारी एक्ट,



जुआ अधिनियम व ऐसे समस्त प्रकार के वाद जो सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित हो सकते हो एवं ऐसे विवाद भी जो न्यायालय के समक्ष अभी नही आये है उनका भी प्री–लिटिगेशन स्तर पर सुलह समझौता के आधार पर इस राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण किया जायेगा व ऐसे फौजादारी वादों का भी निस्तारण किया जायेगा जो 07 साल तक की सजा से दण्डनीय है और अभियुक्त अभिवाक सौदेबाजीयच्सम ठंतहंदपदपदहद्ध के आधार पर अपना मुकदमा निपटवाना चाहता हो।सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाहजहॉपुर, द्वारा अवगत कराया गया है कि जो भी व्यक्ति अपने मामले सुलह–समझौते के आधार पर करवाना चाहते हैं, वे सम्बन्धित न्यायालयोंध्फोरम में इस आशय का प्रार्थना पत्र देकर अपना वाद उक्त राष्टीय लोक अदालत में लगवा सकते हैं।

## न्यूज सार

### इनरव्हील गोल्डन कल्याणी ने गौ सेवा का लिया संकल्प



उरई। इनरव्हील क्लब उरई गोल्डन कल्याणी द्वारा आज नववर्ष के पांचवे दिन 5 जनवरी को गौ सेवा का बीड़ा उठाया गया और 50 किलो शुद्ध मोटा अनाज देकर शहर के प्रतिष्ठित मंदिर में सहयोग किया गया। प्रेसिडेंट कल्पना कनकने ने कहा कि गौ माता की सेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं है उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति गौ सेवा करता है भगवान उसके घर में हमेशा सुख समृद्धि देता है इसलिए गौ माता की पूजा की जाती है। इनरव्हील क्लब उरई गोल्डन कल्याणी की प्रेसिडेंट कल्पना कनकने ,सेक्रेटरी संगीता द्विवदी , आई एस ओ ऊषा सिंह , ट्रेजरर मनोरमा कटियार और मीनल इटोंदि या ने आज लक्ष्मी मंदिर प्रांगण में बंधी गाय माता को अनाज खिलाया और 50 किलो अनाज दान किया। पुनः गोल्डन कल्याणी गो सेवा हेतु बेहद खूबसूरत और सराहनीय प्रयास किया।

### खसरा की ऑनलाइन फीडिंग के लिए लेखपाल संघ का प्रदेशस्तरीय ज्ञापन कार्यक्रम

युपी फाइट टाइम्स

रामकिशोर यादव लखनऊ ब्यूरो चीफ



लखनऊ। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ऑनलाइन खसरा फीडिग की मांग को लेकर शनिवार को प्रदेशस्तरीय ज्ञापन कार्यक्रम चलाएगा। यह कार्यक्रम समाधान दिवस वाले दिन चलाया जाएगा। संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम मूरत यादव ने बताया कि खसरे की ऑनलाइन फीडिंग को निर्बाधा रूप से संचालित करने के लिए सन फसली वर्ष 1430 का प्रारूपधप्रिन्ट उपलब्ध कराए जाने हेतु कई बार विभाग से लिखित और मौखिक अनुरोध किया गया। जिससे तय समय पर कार्य को निर्बाध रूप से पूरा किया जा सके। मगर अभी तक आलाकमान उदासीनता बना हुआ है। प्रदेश महामंत्री विनोद कुमार कश्यप ने कहा कि इस संबंध में विगत 30 अगस्त 2022 को परिषद द्वारा इस संबंध में समस्त जिलाधिकारियों को आदेश भी जारी किया गया लेकिन फिर भी तहसीलों द्वारा फॉर्मध्प्रारूप का प्रिंट नहीं दिया गया है जिससे खसरा फीडिग का कार्य बाधित हो रहा है। शासन और परिषद का ध्यान मसले की ओर आकर्षित कराने के लिए लेखपाल संघ ने पूरे प्रान्त में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस के दिन सभी तहसील घ्मुख्यालयों पर ज्ञापन देने का निर्णय किया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इसी तरह फसली वर्ष 1428 की ऑनलाइन फीडिंग के वक्त भी लेखपालों को अपनी तनख्वाह से कई हजार रुपये खर्च कर कार्य को पूरा कराया गया था जो कि बिल्कुल ही न्यायउचित नहीं था।

### तलाश में लगी रही एसडीआरएफ टीम दूसरे दिन भी नहीं लगा चालक का सुराग



प्रयागराज संवाददाता सतीश चंद्र की रिपोर्ट

मेजा, प्रयागराज। बुधवार सुबह सैकड़ों कुंतल धान लादकर जा रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नदी की रेलिंग तोड़ते हुए पुल से नीचे जा गिरा ट्रैक्टर को बाहर निकाल लिया गया लेकिन ट्रैक्टर चालक का कुछ पता नहीं चल सका। ट्रैक्टर चालक की तलाश के लिए गुरुवार सुबह एक बार फिर एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और नदी में चालक की तलाश करती रही लेकिन चालक का कुछ पता नहीं चल सका। इस दौरान एसडीएम मेजा विनोद कुमार पांडेय दल बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। सूत्रों की माने तो पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही के चलते हादसा हुआ है एक तरफ जहां प्रदेश की योगी सरकार सड़कों को गड्ढा मुक्त करने की बात करती है वही पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते पुल पर बने बड़े–बड़े गड्ढों को गड्ढा मुक्त नहीं किया जा सका जो कहीं ना कहीं हादसे का कारण बना है। फिलहाल कहीं ना कहीं ओवरलोड ट्रैक्टरों पर भी शिकंजा कसना चाहिए जो हादसे को दावत दे रहे। वहीं एसडीएम मेजा विनोद कुमार पांडे ने कहा कि एनडीआरएफ के लिए पत्राचार जारी किया है जल्द ही एनडीआरएफ भी मौके पर पहुंच जाएगी।

### विकास खंड रेहरा बाजार परिसर में नव वर्ष के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजित कर नवागत खंड विकास अधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव का समस्त रोजगार सेवकों ने फूल माला एवं गुलदस्ता देकर स्वागत और अभिनंदन किया

संवाददाता राधेश्याम गुप्ता

रेहरा/बलरामपुर। इस अवसर पर बीडीओ रेहरा बाजार ने रोजगार सेवकों को नववर्ष मंगलमय होने की कामना की स्वागत समारोह में ब्लॉक अध्यक्ष राधेश्याम यादव, अर्जुन कुमार वर्मा, गुलाम जीलानी बेग, चिंताराम बर्मा ,सुनील कुमार पांडे, महेंद्र पांडे,मोहम्मद निसार ,मोहम्मद शमीम ,राधेश्याम यादव ,जनक राम ,सुनील कुमार पांडे ,अजय कुमार वर्मा ,जयप्रकाश , बालकराम, जनक प्रसाद, सोहनलाल, अनिल कुमार ओझा, राहत हुसैन, मोहम्मद नसीम, शमीम गुलजार,अहमद खान, अब्दुल मन्नान, शमीम, राम बहादुर, विक्रम प्रसाद वर्मा आदि रोजगार सेवक उपस्थित रहे।



# छोटे छोटे विवाद आपसी सुलह समझौते के माध्यम से निपटाये,ताकि ना पडे न्यायालय आने की आवशयकता-सचिव

यूपी फाइट टाइम्स–कमल रावत

शाहजहांपुर ।उ0 प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो अनुक्रम में जनपद न्यायाधीषध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाहजहॉपुर भानु देव शर्मा के निर्देशानुसार नशा मुक्ति एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के विषय पर एक विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन ग्राम बंधा तहसील तिलहर जिला शाहजहांपुर में किया गया, जिसकी अध्यक्षता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाहजहांपुरध्अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पीयूष तिवारी द्वारा की गयी ।सचिव द्वारा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना व नशा मुक्ति कार्यक्रम



के बारे मे विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी साथ ही साथ उन्होने अपने सम्बोधन में ग्रामीणों को बताया कि छोटे छोटे विवाद आपसी सुलह समझौते के माध्यम से निपटा लेना चाहिये ताकि न्यायालय आने की आवशयकता पड़े। उन्होने बताया कि यदि कोई निर्धन व्यक्ति निषुल्क वकील चाहता है तो वह प्राधिकरण में आवेदन कर निषुल्कः अधिवक्ता की सेवा प्राप्त कर सकता है। सचिव द्वारा दिनांक 11.02. 2023 की तिथि पर आयोजित की जाने वाली आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में बताते हुये कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम, प्री–लिटिगेषन बैंक वसूली वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वादों, श्रम वादों, भूमि अधिग्रहण वादों, राजस्व वाद, भारतीय उत्तराधिकार, वि एवंज जल आदि से सम्बन्धित वादों का निस्तारण अधिक से अधिक संख्या में सुलह समझौते के आधार पर किया जाता है। इसके अतिरिक्त सचिव द्वारा कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाहजहांपुर के टोल फ्री नम्बर 18001805235 के बारे में भी जानकारी दी गयी। शिविर को सिविल जज जू0 डि0 तिलहर रजत साहू, उपजिला मजिस्ट्रेट राशी कृष्णा तहसीलदार तिलहर ज्ञानेन्द्र सिंह द्वारा भी सम्बोधित किया गया। जिनके द्वारा विभिन्न कानूनी विषयों पर जानकारी दी गयी। थानाध्यक्ष तिलहर रामकुमार शर्मा द्वारा पुलिस की कायवाही से सम्बन्धित जानकारी दी गयी। शिविर का संचालन लोक अदालत लिपिक मोहम्मद अफजल द्वारा किया गया। इस शिविर में हिमांशु शरंजन लेखपाल, ग्राम प्रधान भद्रपाल, सुरेश व ग्रामीणजन, आदि उपस्थित रहे।

## उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा नव वर्ष के सुअवसर पर विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं की हुई बैठक

यूपी फाइट– टाइम्स कमल रावत



शाहजहाँपुर। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा नव वर्ष के सुअवसर पर विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं की कार्यशाला सीरीज के परिप्रेक्ष्य में विकास भवन सभागार में विभाग में संचालित योजनाओं (प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना ''पर ड्राप मोर क्राप'' (माइक्रोइरीगेशन), राष्ट्रीय कृषि विकास योजना उपघटक– उद्यान, अनुसूचित जातिध जनजाति के कृषकों हेतु औद्यानिक विकास योजना, राज्य आयुष मिशन, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग उन्नयन योजना, गंगा के तटवर्ती क्षेत्रों में औद्यानिक विकास योजना) के क्रियान्वयनध्जागरूकता में आ रही समस्याओं का कृषको से वार्ता कर समाधान करने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से जागरूक कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं उनके द्वारा दिये गये सुझावध्समस्याओं के निराकरण राघवेन्द्र सिंह जिला उद्यान अधिकारी, शाहजहॉपुर द्वारा किया गया, जिससे किसान भी संतुष्ट रहे। जहॉ तक किसानों द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना उपघटक– उद्यान एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग उन्नयन योजना के अन्तर्गत ऋण की समस्या की बात कही गई उसके समाधान हेतु अवधेश राम परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, शाहजहॉपुर द्वारा अगली बैठक में लीड बैंक मैनेजर के साथ जनपद के समस्त बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर निराकरण की बात कही गई।

# हाथ–पैर बांधकर जिंदा फेंका था तालाब में, घुट–घुटकर हुई थी मौत

कानपुर (ब्यूरो)। कानपुर में ग्वालटोली के रामपुर लुधवाखेड़ा निवासी किसान बबलू निषाद के 14 वर्षीय बेटे सौरभ की हत्या पीट–पीटकर नहीं बल्कि तालाब में फेंककर की गई थी। हाथ–पैर बांधने के बाद उसे जिंदा ही तालाब में फेंक दिया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके शरीर में कीचड़ और बालू के कण पाए गए हैं।

पुलिस ने मामले में पिता–पुत्र समेत छह के खिलाफ 18 दिसंबर को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी है। पिता–पुत्र को मुख्य साजिशकर्ता बनाया है। सौरभ सातवीं का छात्र था। पड़ोसी गांव नत्थापुरवा निवासी ऊदन निषाद को शक था कि सौरभ के उनकी बेटी से प्रेम संबंध हैं। पुलिस के मुताबिक इसी शंका में 28 सितंबर को ऊदन ने बेटे सोनू, पड़ोसी दीपक, साथी शंकरपुर सरांय निवासी राकेश, रामपुर निवासी विजय व छोटेलाल के साथ मिलकर सौरभ को दबोच लिया था। इसके बाद उसके हाथ–पैर बांधे और शरीर में ईंट बांधकर तालाब में फेंक दिया था। इधर परिजनों ने ऊदन और उसके बेटे सोनू पर हत्या का आरोप लगाकर ग्वालटोली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने ऊदन को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर तालाब से सौरभ का शव बरामद किया था। 29 सितंबर को पोस्टमार्टम कराया गया था। ग्वालटोली थाना प्रभारी जनेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि जघन्य अपराध के मामले में पिता–पुत्र समेत छह लोगों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी है। सभी छह आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य जुटाए गए हैं। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बिल्हौर सीएचसी प्रभारी डॉ. अभिषेक कुमार ने वीडियोग्राफी के साथ सौरभ का पोस्टमार्टम किया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सौरभ के नाक, पेट, ट्रैकिया, गला, सांस नली, छाती में कीचड़ व बालू के कण मिले थे। पोस्टमार्टम में डूबने से मौत की पुष्टि हुई थी। पोस्टमार्टम प्रभारी नवनीत चौधरी का कहना है कि सौरभ की मौत तड़प–तड़पकर हुई होगी। यह एक जघन्य अपराध है। बता दें कि रामपुर लुधवाखेड़ा गांव में पिता–पुत्र ने अपनी इज्जत बचाने के लिए बेटी के प्रेमी की हत्या की थी। हत्या का सूत्रधार गांव का ही राकेश निकला। उसने हत्या में शामिल होने की बात कबूली थी।

# एस एस कॉलेज के शिक्षकों का दल अंतरराष्ट्रीय सेमिनार भाग लेने नेपाल हुआ रवाना

यूपी फाइट टाइम्स–कमल रावत

शाहजहांपुर। एस एस कॉलेज के शिक्षकों का दल अंतरराष्ट्रीय सेमिनार भाग लेने नेपाल रवाना हुआ। शाहजहांपुर, जनपद के एस एस (पी जी) कॉलेज से कॉमर्स विभाग के चार और राजकीय महाविद्यालय जलालाबाद से एक शिक्षक नेपाल के लुंबनी बौद्ध विश्वविद्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार तथा अवार्ड समारोह में भाग लेने रवाना हुए। लुंबनी बौद्ध विश्वविद्यालय में दिनांक ६ और ७ जनवरी को महात्मा बुद्ध की शिक्षा और वर्तमान प्रासंगिकता पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित हो रहा है जिसमें नेपाल, भूटान, थाईलैंड,




श्रीलंका, भारत आदि देशों के शिक्षाविद भाग लेंगे। नेपाल सरकार द्वारा चुनिंदा शिक्षाविदों को सम्मानित भी किया जाएगा। एस एस कॉलेज के कॉमर्स विभाग के अध्यक्ष प्रो अनुराग अग्रवाल को एक तकनीकि सत्र में, की–नोट स्पीकर के रूप में अपना वक्तव्य देने हेतु आमंत्रित किया गया है। इसके अतिरिक्त कॉमर्स विभाग के ही डा संतोष प्रताप सिंह , डा रूपक श्रीवास्तव,डा अपर्णा त्रिपाठी और राजकीय महाविद्यालय जलालाबाद के इतिहास विभाग के अध्यक्ष प्रो एस के सिंह अपना शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। समारोह में प्रो सिंह और एस एस कॉलेज की इतिहास विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डा पद्मजा मिश्रा द्वारा लिखित पुस्तक ,षसिद्धार्थ से बुद्धष का विमोचन भी किया जाएगा। सम्मेलन में महाविद्यालय का प्रतिनिधत्व करने हेतु प्रबंध समिति के अध्यक्ष स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती, सचिव डा ए के मिश्रा, प्राचार्य प्रो आर के आजाद और राजकीय महाविद्यालय जलालाबाद के प्राचार्य प्रो राजकुमार सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए शिक्षक दल को शुभामनाएं दी।

## प्रेमी से मिलने पहुंची थी महिला, युवक ने हाथ की नस काटकर फेंका

कानपुर (ब्यूरो)। कानपुर में चकेरी जाजमऊ में बुधवार की देर शाम को प्रेमी से मिलने पहुंची महिला का प्रेमी ने ही उसके हाथ की नस काट दी। इसके बाद उसे चेकपोस्ट के पास हाइवे किनारे फेंककर आरोपी भाग निकला। राहगीरों ने महिला को लहुलुहान हालत में पड़ा देखा, तो उसे पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। मिली जानकारी के अनुसार, जाजमऊ निवासी एक 24 वर्षीय महिला का पति मुंबई स्थित चप्पल कारखाने में काम करता है। वह ससुराल में अपने दो बेटियों के साथ रहती है। महिला का पिछले कुछ समय से ताड़बिगया निवासी एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। पीड़िता के अनुसार बुधवार की देर शाम को उसने महिला को मिलने बुलाया था। पीड़िता घर से बाजार जाने का बहाना करके निकली थी।

# 150 बैंक खाते ऑपरेट कर रहा था साइबर ठगों का गिरोह, सरगना की तलाश में हरियाणा जाएगी पुलिस

कानपुर (ब्यूरो)। कानपुर में सोशल मीडिया पर दोस्ती कर अश्लील वीडियो बनाकर वसूली करने के मामले में क्राइम ब्रांच की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। साइबर ठगी का गिरोह करीब डेढ़ सौ बैंक खाते ऑपरेट कर रहा था। इन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर कराते थे। रकम आने के बाद एटीम से निकालकर खाते बंद कर देते थे। गोविंदनगर निवासी एक कारोबारी को फेसबुक पर एक कथित महिला ने दोस्ती जाल में फंसाया और उनके अश्लील वीडियो बना लिए थे। ब्लैकमेल कर 29 लाख रुपये वसूल लिए। क्राइम ब्रांच ने तीन दिन पहले घटना का खुलासा करते हुए हरियाणा निवासी अशोक कुमार व मथुरा के भगवत को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, गिरोह में दो दर्जन शातिर सक्रिय हैं। अभी तक की तफ्तीश के मुताबिक फेक आईडी पर खुलवाए गए खातों की संख्या डेढ़ सौ पहुंच चुकी है। इसके बारे में जांच एजेंसी को जानकारी हुई है। खातों की संख्या और बढ़ सकती है।

एक साल के भीतर इन खातों में करीब दो करोड़ रुपये का ट्रांजेक्शन मिला है। सभी खातों को खंगालना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है। बता दें कि आरोपी जब ठगी करते थे, तो रकम को कई अलग–अलग बैंक खातों में ट्रांसफर करते थे। एटीएम से रकम निकाल लेते थे। इसलिए रिकवरी नहीं हुई। गिरोह में हरियाणा निवासी मुन्ना, एहसान व मुबारक नाम के तीन शातिर भी शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक यही तीनों गिरोह को ऑपरेट करते हैं। देश के करीब एक दर्जन राज्यों में इनका नेटवर्क फैला हुआ है। ये कई बार जेल गए लेकिन पैसों की रिकवरी नहीं हो सकी। उसका कारण है कि ठगी की रकम आते ही वह तमाम अलग–अलग खातों में ट्रांसफर कर देते हैं। यह पता करना पुलिस के लिए चुनौती बन जाता है कि रकम किन किन खातों में भेजी गई। गिरोह पर पुलिस गैंगस्टर की कार्रवाई करेगी।

पुलिस की जांच में सामने आया कि गिरोह करीब दो वर्षों से साइबर ठगी को अंजाम दे रहा था। किसी को ब्लैकमेल करके, तो किसी के खाते का विवरण व ओटीपी हासिल कर रकम पार करते थे। इस तरह



से करोड़ों रुपये पार किए। चूंकि आरोपी फेक आईडी के सिमों का इस्तेमाल करते थे। इसलिए इनको ट्रेस करना पुलिस के लिए मुश्किल होता था। आरोपी जब ठगी करते थे तो रकम को कई अलग–अलग बैंक खातों में ट्रांसफर करते थे। एटीएम से रकम निकाल लेते थे। इसलिए रिकवरी नहीं हुई। जो खाते इस्तेमाल करते थे, वे फेक आईडी पर होते थे। किसी मजदूर, रिक्शा चालक आदि के खाते किराये पर भी लेते थे।

## नशे में धुत सिपाहियों ने महिला से की थी छेड़खानी, मेडिकल रिपोर्ट में हुई अल्कोहल की पुष्टि

कानपुर (ब्यूरो)। कानपुर में नौबस्ता के लालपुर में मंगलवार रात नशे में धुत पीआरवी सिपाहियों ने घर में घुसकर महिला से छेड़खानी की थी। इसका खुलासा मेडिकल रिपोर्ट में हुआ। मेडिकल रिपोर्ट में दोनों सिपाहियों में अल्कोहल की पुष्टि हुई है।लालपुर चौराहे में महिला सब्जी का ठेला लगाती है। वहीं पर टीन शेड डालकर पति के साथ रहती है। महिला ने बताया कि, बुधवार रात करीब साढेध नौ बजे पति का नाम लेकर दो लोग दरवाजा पीटने लगे। पति ने गेट खोला, तो सामने हरिओम और सुशांत नाम के सिपाही खड़े थे। हरिओम ने धक्का देकर पति को बाहर कर दिया। इसके बाद दोनों घर के अंदर घुस आए और उसे बदनीयती से दबोच लिया। उसके शोर मचाने पर सुशांत भाग निकला, जबकि हरिओम को आसपास के लोगों ने पकड़कर पीटना शुरू कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने दोनों सिपाहियों को हिरासत में लेने के बाद मेडिकल के लिए भेजा था। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद दोनों को निलंबित भी कर दिया गया था।

## संदाना टीम को हराकर सेमीफाइनल में पंहुची हिलौली

मौरावां (ब्यूरो)। हिलौली के मौहारी बाग स्थित खेल मैदान में आयोजित जीपीएल (ग्रामीण प्रीमियर लीग) के चौथे दिन बुधवार को हिलौली और संदाना टीमों के बीच क्वार्टर फाइनल मुकाबला हुआ। इसमें हिलौली टीम ने संदाना टीम को छह विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मौहारी बाग खेल मैदान में खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच में संदाना टीम के कप्तान राकेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। इसमें बंगाली के 37 रन के योगदान से टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 86 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हिलौली की टीम के धुआंधार बल्लेबाज छोटू के छह छक्कों की मदद 39 रन बनाए। टीम ने छह विकेट जीत दर्ज की। हिलौली टीम के बल्लेबाज छोटू को मैच के मैन ऑफ द मैच मिला।

# खुशी को जेल से रिहा कराने का किया था दावा, दो दिन बाद पलट गए थे एसएसपी, तब खड़े हुए थे कई सवाल

कानपुर (ब्यूरो)। कानपुर के बहुचर्चित बिकरू कांड के चार दिन पहले शादी कर अपनी सुसराल बिकरू पहुंची खुशी को जेल भेजे जाने पर तमाम सवाल उठे थे। तब कहा गया था कि चंद दिन पहले बिकरू आई खुशी इतनी बड़ी साजिश में कैसे शामिल हो सकती है। तब तत्कालीन एसएसपी ने बयान जारी किया था कि खुशी निर्दोष है।सीआरपीसी 169 की कार्यवाही (गलत जेल भेजे जाने पर कोर्ट में उसके समर्थन में रिपोर्ट लगाना) कर उसको रिहा कराया जाएगा, लेकिन बाद में पुलिस इससे मुकर गई और खुशी तब से सलाखों के पीछे है। 29 जून 2020 को खुशी की अमर दुबे से शादी हुई थी। कार्यक्रम बिकरू गांव में ही हुआ था। दो जुलाई 2020 की रात वारदात हो गई। पुलिस ने आठ जुलाई को खुशी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस ने हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती समेत 17 धाराओं में खुशी के खिलाफ आरोप तय किए थे।


नवविवाहिता पर इतनी सख्त कार्रवाई पर पुलिस सवालों से घिर गई थी। अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने जमानत मिलने के बाद प्रतिक्रिया दी कि खुशी बेगुनाह थी और है। पुलिस ने साजिशन उसको आरोपी बनाकर जेल भेजा था। न्यायालय पर उनको भरोसा था। खुशी के जेल जाने के बाद



उनके वकील की तरफ से एक प्रार्थना पत्र कोर्ट में दिया गया था। दावा किया था कि पुलिस ने चार जुलाई को खुशी को हिरासत में लिया था। थाने में खुशी को प्रताड़ित किया गया था। कुछ पुलिसकर्मियों ने अभद्रता भी की थी। चार दिन बाद आठ जुलाई को जेल भेजा था। इस तथ्य को कोर्ट ने गंभीरता से लिया था। बता दें कि खुशी के वकील ने कोर्ट में शैक्षणिक दस्तावेजों के आधार पर दावा किया था कि खुशी नाबालिग है। कोर्ट ने इस संबंधा में सुनवाई कर इस दावे पर मुहर लगाई थी। खुशी दुबे को जेल भेजने के विरोध में कई राजनीतिक पार्टियां भी सामने आईं थीं। विधानसभा चुनाव के वक्त विपक्ष ने इसको मुद्दा भी बनाने का प्रयास किया था। कांग्रेस ने खुशी की बहन को कल्याणपुर विधानसभा से टिकट भी दिया था।

## मां की डांट से क्षुब्ध बेटे ने फंदे से लटककर दी जान

बीघापुर (ब्यूरो)। मां की डांट से क्षुब्ध होकर छात्र ने गांव के बाहर अमरूद के पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटककर जान दे दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बारा सगवर थानाक्षेत्र की ग्रामसभा सेढ़वा के मजरे दूलीखेड़ा निवासी विनोद यादव का पुत्र सचिन (16) 11 का छात्र था। स्कूल बंद होने के कारण वह बुधवार को घर पर था। मां ने उससे मवेशियों के बैठने के स्थान पर सफाई करने के साथ भूसा डालने की बात कही। इस पर उसने मना कर दिया। तब मां ने उसे डांट दिया। डांट से क्षुब्ध होकर वह दोपहर बाद घर से निकल गया। कुछ देर बाद गांव के बाहर अमरूद के पेड़ पर फंदे से लटककर जान दे दी। सचिन चार भाई–बहनों में सबसे बड़ा था। बेटे की मौत से मां रमेशा और अन्य परिवारीजन बेहाल हैं। पिता फतेहपुर के चौडगरा की एक फैक्टरी में मजदूरी करता है। थानाध्यक्ष राजपाल ने बताया कि छात्र का शव फंदे से लटका मिला है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।




## नोरा के बोल्ड लुक ने लगाई इंटरनेट पर आग

जाती है। एक्ट्रेस अपने अलग-अलग लुक की तस्वीरें और वीडियोज फैंस के साथ भी शेयर करती रहती है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी कुछ बोल्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं, जो आग लगा रही हैं। लुक की बात करें तो नोरा फतेही व्हाइट डीपनेक ब्लाउज और स्कर्ट में नजर आ रही है, जिस पर मोतियों से वर्क किया हुआ है। इसके साथ एक्ट्रेस ने हील पहनी हुई है। मिनिमल मेकअप और ओपन हेयर्स से नोरा ने अपने लुक को कम्पलीट किया हुआ है। इस लुक में एक्ट्रेस बेहद बोल्ड लग रही है। एक्ट्रेस के बोल्ड लुक को देखकर फैंस आहें भर रहे हैं। फैंस इन तस्वीरों पर खूब प्यार लुटा रहे हैं। फिल्म में एक्ट्रेस के काम को खूब पसंद किया गया था। इसके बाद नोरा ने फिल्म सत्यमेव जयते 2 में आइटम नंबर कुसु कुसु किया था, जिसे लोगों ने खूब प्यार दिया।

## सामंथा ने नहीं छोड़ी सिटाडेल

### जनवरी मध्य में शुरू होगी फिल्म

सामंथा रुथ प्रभु के स्वास्थ्य के बारे में बहुत कुछ लिखा जा रहा है और यह कैसे उनके आगामी प्रोजेक्ट्स को प्रभावित कर रहा है। हाल ही में मीडिया में उनकी अगली फिल्म सिटाडेल को लेकर कहा जा रहा है कि उन्होंने इस फिल्म से किनारा कर लिया है। सिटाडेल को द फैमिली मैन से चर्चाओं में आए निर्देशक द्वय राज और डीके निर्देशित कर रहे हैं। यह एक जासूस श्रृंखला है जिसमें वरुण धवन मुख्य नायक के तौर पर नजर आएंगे। यह भी कहा जाता रहा है कि सामंथा, जिसे मायोसिटिस नामक एक ऑटोइम्यून बीमारी का पता चला है, वह काम से एक लंबा ब्रेक ले रही है, जिससे यह अफवाहें फैल रही हैं कि उनकी आने वाली फिल्मों की स्टारकास्ट में परिवर्तन किया जा रहा है। सामंथा रुथ प्रभु वरुण धवन की सिटाडेल का हिस्सा हैं और जनवरी 2023 के मध्य में इसकी शूटिंग शुरू करेंगी। आधिकारिक तारीखों की जल्द ही पुष्टि की जाएगी। एक सूत्र ने पुष्टि की, सिटाडेल में उनकी जगह लेने के बारे में जो कुछ भी लिखा गया है वह सब बकवास है। वह जनवरी के दूसरे पखवाड़े में शूटिंग शुरू करेंगी। राज और डीके द्वारा निर्देशित, सिटाडेल अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला का भारतीय रूपांतरण है जो मूल रूप से निर्देशक जोड़ी रूसो ब्रदर्स द्वारा बनाई गई है। रूसो ब्रदर्स द्वारा निर्देशित इस जासूसी श्ृंखला में भारतीय अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ ने मुख्य भूमिका निभाई थी। रूसो ब्रदर्स, जिन्होंने सिटाडेल के निर्देशक हैं, ने भी अपने ट्विटर हैंडल पर इसकी घोषणा पोस्ट की है और लिखा है, हम आधिकारिक तौर पर यह घोषणा करते हुए रोमांचित हैं कि हम आपके लिए सिटाडेल ब्रह्मांड की भारतीय किस्त लेकर आएंगे। स्थानीय ओरिजिनल जनवरी 2023 में स्पाई सीरीज की शूटिंग शुरू होगी। राज और डीके ने भी इस बारे में ट्वीट किया। वरुण धवन और सामंथा दोनों कुछ हाई-ऑक्टेन एक्शन दृश्यों में नजर आएंगे और इसके लिए, निर्माताओं ने मार्शल आर्ट प्रशिक्षण के लिए एक हॉलीवुड एक्शन निर्देशक को अनुबंधित किया है। फिल्म का बड़ा हिस्सा मुंबई में शूट किया जाएगा और



## दिशा परमार बड़े अच्छे लगते हैं 2 को कहेंगी अलविदा

टीवी सीरियल बड़े अच्छे लगते हैं 2 इन दिनों चर्चा में बना हुआ है। बीते दिनों राम का किरदार निभाने वाले एक्ट्रेस नकुल मेहता ने शो को अलविदा कह दिया था। अब शो की लीड एक्ट्रेस दिशा परमार ने भी बड़े अच्छे लगते हैं 2 को छोड़ने का फैसला कर लिया है। एक इंटरव्यू के दौरान दिशा परमार ने इस बात का इशारा किया है। कहा जा रहा है कि शो में 20 साल का लीप आ रहा है और दिशा अपनी उम्र से बड़ा किरदार निभाने को तैयार नहीं हैं। वह 25 साल के बच्चों की मां नहीं बनना चाहती हैं। दिशा परमार ने कहा, जब मेकर्स ने इस शो में लीप लाने का फैसला किया तो मुझे शो पर एक 5 साल की बच्ची की मां का किरदार निभाना पड़ा। मुझे परेशानी थी लेकिन ट्रैक अच्छा लगा तो मैंने ये रोल किया और इंजॉय भी किया। दिशा ने कहा, अब 20 साल के लीप को देखकर लगता है कि मैंने शो को अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है और डेढ़ साल बाद अब यह आगे बढ़ने का समय है। मैं यह नहीं कह रही कि मैं शो छोड़ रही हूं, बल्कि नए प्रोजेक्ट्स और नई शुरुआत की ओर बढ़ रही हूं।



## 48 साल की उम्र में भी बेहद फिट हैं रितिक रोशन

ग्रीक गॉड के नाम से मशहूर बॉलीवुड सुपरस्टार रितिक रोशन इंडस्ट्री के सबसे फिट एक्टर्स की लिस्ट में शुमार है। 48 साल की उम्र में भी रितिक अपनी फिटनेस से कई एक्टर्स को मा देते हैं। हाल ही में रितिक रोशन ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरों से इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। तस्वीरों में रितिक रोशन अपनी शानदार बॉडी फ्लॉन्ट करते दिख रहे हैं। तस्वीरों में वो स्पोर्टी लुक में नजर आ रहे हैं। रितिक शीशे के सामने खड़े होकर अपनी टी शर्ट ऊपर करके 8 पैक एब्स फ्लॉन्ट कर रहे हैं। इन तस्वीरों को शेयर

2023 रितिक रोशन की इन तस्वीरों पर फैंस जमकर कमेंट कर रहे हैं।




## बर्फ हटाते समय हादसे का शिकार हुए


### एवेंजर्स एक्टर जेरेमी रेनर, हालत गंभीर

हॉलीवुड इंडस्ट्री से एक शॉकिंग खबर सामने आई है। एवेंजर्स सीरीज की फिल्मों में सुपरहीरो हॉकआई का किरदार निभाने वाले एक्टर जेरेमी रेनर एक हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि एक्टर की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। खबरों के अनुसार जेरेमी रेनर नेवादा में अपने घर के बाहर वीकेंड पर बर्फ हटा रहे थे। इसी दौरान उनके साथ हादसा हुआ और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। एक्टर को एयरलिफ्ट कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नए साल के दिन एक बर्फील तूफान आया था जिसके बाद जेरेमी गिरी हुई बर्फ को हटा रहे थे। इसी दौरान उनके साथ हादसा हो गया। भारी बर्फबारी की वजह से सड़कों पर बर्फ थी और गाड़ियां का आवागमन काफी मुश्किल था इसलिए उन्हें एयरलिफ्ट करके अस्पताल पहुंचाया गया। खबरों के अनुसार जेरेमी रेनर के प्रवक्ता ने बताया कि एक्टर का बेस्ट इलाज चल रहा है। उनकी हालत क्रिटिकल बनी हुई है। मगर वो स्टेबल हैं। हालांकि इससे ज्यादा जानकारी सामने नहीं आ सकी है। जेरेमी रेनर हॉलीवुड के बेस्ट एक्टर्स में से एक हैं। एक्टर ने 2010 में द हर्ट लॉकर के लिए बेस्ट एक्टर का ऑस्कर नॉमिनेशन प्राप्त किया था। इसके बाद उन्हें द टाउन के लिए सपोर्टिंग एक्टर का ऑस्कर नॉमिनेशन मिला था। बीते साल जेरेमी भारत भी आए थे।

## एनिमल के पोस्टर पर प्रभास का रिएक्शन



नए साल का आगाज हो चुका है और स्टार्स ने धमाकेदार अंदाज में इसका स्वागत किया। स्टार्स पूरी तरह से नए साल के जश्न में डूबे नजर आए। इस खास मौके पर मेकर्स ने एक्टर रणबीर कपूर की अपनी अपकमिंग फिल्म एनिमल का फर्स्ट लुक शेयर कर उनके फैंस को खास तोहफा दिया। सभी रणबीर के लुक की तारीफ कर रहे हैं। ऐसे में जब साउथ सुपरस्टार प्रभास ने एनिमल का पोस्टर देखा तो वह भी खुद को रणबीर की तारीफ करने से रोक नहीं पाए। प्रभास ने इंस्टाग्राम स्टोरी में एनिमल का पोस्टर शेयर कर लिखा- संदीप रेड्डी वांगा, भूषण कुमार, सुपरस्टार रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना और एनिमल की पूरी टीम को शुभकामनाएं। फैंस एक्टर की स्टोरी को खूब लाइक कर रहे हैं। पोस्टर में रणबीर खून से लतपथ कुल्हाड़ी लिए नजर आ रहे हैं। एक्टर के कपड़ों और बॉडी पर भी खून लगा हुआ है। रणबीर सिगरेट जलाते हुए दिखाई दे रहे हैं। लंबे-लंबे बाल और फुल स्वैग के साथ रणबीर ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। ऐसे लुक में रणबीर को पहले कभी नहीं देखा गया है। इस फिल्म को लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बता दें प्रभास का एनिमल के पोस्टर की तारीफ करना बनता था क्योंकि सुपरस्टार डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा के साथ काम कर कर रहे हैं। वह जल्द ही फिल्म स्प्रिट में नजर आने वाले हैं।



## एनिमल के किरदार को लेकर बोले रणबीर

नववर्ष के पहले दिन भारतीय सिनेमा के सितारे रणबीर कपूर की आगामी फिल्म एनिमल से पहली झलक जारी की गई थी। एनिमल के पोस्टर ने सोशल मीडिया पर आते ही तहलका मचाना शुरू कर दिया। रणबीर कपूर ने गत वर्ष शमशेरा और ब्रह्मास्त्र के जरिये वापसी की थी। उनकी एक फिल्म ने आते ही रिकॉर्ड बना दिए, तो दूसरी बुरी तरह से फ्लॉप हो गई। एनिमल के पोस्टर को देखकर प्रशंसक सोशल मीडिया पर रणबीर कपूर की तारीफें कर रहे हैं। इसी बीच सोशल मीडिया पर रणबीर कपूर का एक पुराना साक्षात्कार काफी चर्चा पा रहा है। इस साक्षात्कार में रणबीर कपूर एनिमल के अपने किरदार को लेकर बातचीत कर रहे हैं। रणबीर कपूर ने एनिमल को लेकर पिंकविला को दिए अपने साक्षात्कार में कई बातें कही थीं। उन्होंने कहा था कि फिल्म में नजर आने वाला मेरा किरदार काफी चौंकाने वाला है। उन्होंने इस बात का खुलासा भी किया था कि उनकी यह फिल्म कंफर्ट जोन से बाहर की है। साथ ही साथ मैं इसको लेकर काफी डरा हुआ हूं। कबीर सिंह से हिन्दी फिल्मों में चर्चा में आए निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित यह फिल्म इस वर्ष 11 अगस्त को सिनेमाघरों में उतरने की तैयारी में है। देखने वाली बात यह है कि एनिमल से रणबीर कपूर अपनी सॉफ्ट प्रेमी वाली इमेज से बाहर आने में सफल हो पाते हैं या नहीं।

## श्वेता से लेकर शेफाली तक इन 8 हिरोइनों ने रचाई हैं दो बार शादियां

शादी के ऐसा अटूट बंधन होता है जो इंसान को उम्र भर के लिए एक खूबसूरत रिश्ते से जोड़ देता है। लेकिन परिस्थितियों के हिसाब से हर किसी की जिंदगी में नए बदलाव आते हैं। जिसमें कोई इस रिश्ते को न चाहते हुए भी ढ़ोता रहता है और किसी को इस बंधन से आजाद होना ही मुनासिब लगता है। आज हम बॉलीवुड जगत की कुछ ऐसी अभिनेत्रियों के बारे में आपको बताने जा रहे हैं जिन्होंने एक से ज्यादा शादियां की हैं। इस लिस्ट में कई मशहूर एक्ट्रेस शुमार है।

### नीलम कोठारी



बॉलीवुड एक्ट्रेस नीलम कोठारी की खूबसूरती और अदाओं के आज भी लाखों दीवाने है। नीलम ने पहली शादी ऋषि सेठिया से बैंकॉक में की थी। एक्ट्रेस की यह शादी ज्यादा दिनों तक नहीं चल पाई, और वे ऋशि सेठिया से अलग हो गई। जिसके बाद नीलम ने अभिनेता समीर सोनी से दूसरी शादी की।

### तनाज ईरानी



छोटे पर्दे की एक्ट्रेस तनाज ईरानी भी इस लिस्ट में शामिल हैं। उन्होंने बेहद कम उम्र में मशहूर थिएटर आर्टिस्ट फरीद कुरीम से शादी कर ली थी, लेकिन यह शादी सफल नहीं हो सकी। जिसके बाद तनाज ने बख्तियार ईरानी से दूसरी शादी की। बता दें कि बख्तियार उम्र में तनाज से 8 साल छोटे हैं।

### शेफाली शाह



अभिनेत्री शेफाली शाह ने इस साल कई पॉपुलर फिल्में और वेब सीरीज दी हैं। शेफाली डार्लिंग्स, डॉक्टरजी, दिल्ली क्राइम सीजन 2, जलसा आदि में नजर आ चुकी है। पर्सनल लाइफ की बात करें तो शेफाली की पहली शादी हर्ष छाया से हुई जो ज्यादा समय तक नहीं चल पाई। इसके बाद एक्ट्रेस ने दूसरी शादी विपुल अमृतलाल शाह से की है।

### दीपिका कक्कड़



टीवी सीरियल ससुराल सिमर का फेम एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ भी इस लिस्ट में शामिल हैं। उन्होंने अपने दूसरी शादी इस सीरियल में अपने को-एक्टर शोएब इब्राहिम से की है। बता दें कि दीपिका ने अपने एक्स-हसबैंड से साल 2015 में अलग हो गईं थी। सलमान खान की फिल्म हम

### रेणुका शहाणे



आपके हैं कौन में उनकी भाभी का किरदार निभाने वाली रेणुका शहाणे की भी दो शादियां हो चुकी हैं। एक्ट्रेस की पहली शादी मराठी थिएटर राइटर और डायरेक्टर से हुई थी। यह शादी सफल नहीं हुई जिसके बाद उन्होंने आशुतोष राणा से शादी कर ली।

### श्वेता तिवारी



श्वेता तिवारी ने अपनी पहली शादी राजा चौधरी के की थी लेकिन दोनों की शादी ज्यादा दिनों तक नहीं चल सकी और तलाक हो गया। जिसके बाद एक्ट्रेस ने अभिनव कोहली से दूसरी शादी की। श्वेता की दूसरी शादी भी टूट गई, अब एक्ट्रेस का शादी से विश्वास उठ चुका है। श्वेता के दो बच्चे है जिन्हें वो सिंगल मदर बन संभाल रही हैं।

### किरण खेर



किरण खेर ने भी अनुपम खेर से दूसरी शादी की है। बता दें कि यह केवल किरण ही नहीं अनुपम खेर की भी दूसरी शादी है।



# बेर के सेवन से पाएं कई सेहत समस्याओं से निजात

'बेर' खास और खट्टा-मीठा फल है। यह फल खाने में जितना अच्छा लगता है, इसके फायदे भी उतने ही होते है। यदि आप ठंड में बेर का सेवन करते हैं तो इस मौसम में होने वाली सेहत समस्या और अन्य कई समस्याओं से निजात भी पा सकते हैं। आइए, जानते हैं बेर फल को खाने से मिलने वाले फायदे -

- यदि आपकी त्वचा पर कट लगा हो या घाव हो जाए तो आप बेर का गूदा घिसकर घाव पर लगा लें। ऐसा करने से घाव जल्दी भरता है।
- बेर का सेवन खुश्की और थकान को दूरने में मदद करता है।
- बेर की पत्तियों में कैल्शियम, फास्फोरस, मैग्नीशियम, पोटेशियम, सोडियम, क्लोरीन, प्रचुर मात्रा में होता है। यदि आप बेर और नीम के पत्ते पीसकर सिर में लगाएं तो इससे सिर के बाल गिरने कम होते हैं।
- बेर का जूस पीने से बुखार और फेफड़े संबंधी रोग ठीक होते है।
- बेर पर नमक और काली मिर्च लगाकर खाने से अपच की समस्या दूर होती है।
- सूखे हुए बेर खाने से कब्ज और पेट संबंधित परेशानियां दूर होती हैं।
- अगर आप बेर को छाछ के साथ लेंगे तो इससे घबराहट, उलटी आना और पेट दर्द से राहत मिलती है।
- नियमित बेर खाने से अस्थमा के रोगियों को भी आराम मिलता है साथ ही अगर किसी को मसूड़ों में घाव हो गया हो तो वह भी जल्दी भर जाता हैं।



# टमाटर सूप है बेहद फायदेमंद

लाल लाल स्वादिष्ट टमाटर कई सब्जियों व डिश का अहम हिस्सा होते है। कच्चे टमाटर के अलावा उनका सूप भी बहुत ही स्वादिष्ट और पौष्टिक होता है। आमतौर पर खाने से पहले स्टार्टर के तौर पर लिए जाने वाले टमाटर सूप में विटामिन A, E, C, K और एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं। जो आपको हेल्दी और फिट रखने में मदद करते हैं। टमाटर सूप पीने से सेहत को मिलने वाले गजब के फायदे -

## हड्डियों के लिए फायदेमंद

टमाटर सूप में विटामिन K और केल्शियम होता है जो हड्डियों को मजबूत रखता है। इसके अलावा शरीर में लाइकोपीन की कमी होने से भी हड्डियों पर तनाव बढ़ता है और टमाटर में काफी मात्रा में लाइकोपीन होता है, जो हड्डियों के लिए अच्छा होता है।

## दिमाग को रखें दुरुस्त

टमाटर सूप में भरपूर मात्रा में कॉपर और पोटेशियम पाया जाता है, जिससे नर्वस सिस्टम ठीक रहता है और दिमाग को मजबूती मिलती है।

## विटामिन की कमी करे पूरी

टमाटर सूप में विटामिन A और C अच्छी मात्रा में होता है। विटामिन इ, टिशू के विकास के लिए जरूरी होता है। कहते है कि शरीर में रोजाना 16% विटामिन A और 20% विटामिन C की जरूरत होती है और टमाटर सूप इसकी जरूरत को पूरा करता है।

## वजन करे कम

टमाटर सूप को अगर ऑलिव ऑयल से बनाया जाए तो यह वजन घटाने में सहायक होता है, क्योंकि इसमें पानी और फाइबर की मात्रा ज्यादा होती है, जिससे आपको काफी समय तक भूख नहीं लगती।

## कैंसर का खतरा करे कम

टमाटर सूप में लाइकोपीन और कैरोटोनॉयड जैसे एंटी-ऑक्सीडेंट होते हैं, जिससे कैंसर की आशंका कम हो जाती है।

## ब्लड शुगर को करे नियंत्रण

डायबिटीज के मरीजों को डाइट में टमाटर सूप जरूर लेना चाहिए। इसमें क्रोमियम होता है, जो ब्लड शुगर को नियंत्रण में रखने में सहायक होता है।

## रक्त प्रवाह को बढ़ाए

टमाटर में सेलेनियम होता है, जो रक्त प्रवाह को बढ़ाता है जिससे एनिमिया का खतरा कम हो जाता है।



# रात में सोने से पहले गर्म पानी के साथ करें गुड़ का सेवन

**गुड़ एक ऐसा खाद्य पदार्थ है जो आपको घर की रसोई में ही बड़ी आसानी से मिल जाएगा। इसका सेवन अगर अलग-अलग रूपों से किया जाए तो यह हमारी सेहत को नीचे बताई जा रही बीमारियों की चपेट में आने से बचाए रख सकता है।**

## गुड़ के फायदे

रात में सोने से पहले गर्म पानी के साथ करें गुड़ का सेवन, इन जानलेवा बीमारियों का खतरा हो जाएगा कमसेहतमंद बने रहने के लिए हमें कई प्रकार के खाद्य पदार्थों का सेवन नियमित रूप से भी करना चाहिए। खाने के बाद हमें अक्सर किसी मीठे पदार्थ को खाने की सलाह दी जाती है ताकि पाचन क्रिया में आसानी हो। इन खाद्य पदार्थों में गुड़ का भी नाम शामिल है जो आमतौर पर सभी घरों में बड़ी आसानी से मिल जाता है। विभिन्न प्रकार के पकवानों को बनाने में भी गुड़ का इस्तेमाल किया जाता है। इसका अलग-अलग रूप से सेवन करें तो यह हमारी सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। इस लेख में आपको गुड़ का सेवन करने से होने वाले विशेष फायदों के बारे में बताया जाएगा ताकि आप भी अपनी दिनचर्या में इसको शामिल करके सेहतमंद बने रहें।

## वजन घटाने में

वजन घटाने के लिए मुख्य रूप से गुड़ के पानी का सेवन करने की सलाह दी जाती है। कई मशहूर डायटिशियन भी सुझाव देते हैं कि जिन लोगों को मोटापे की समस्या है, उन्हें नियमित रूप से गुड़ के पानी का सेवन करना चाहिए1 इससे वजन को कम करने में प्रभावी रूप से असर दिखाई पड़ने लगता है।

## पाचन क्रिया को ठीक करने के लिए

पाचन क्रिया को अगर थोड़ी भी समस्या का सामना करना पड़ता है तो यह में कई प्रकार की बीमारियों की चपेट में ला सकता है। एक अध्ययन के अनुसार इसमें फाइबर की अच्छी मात्रा पाई जाती है। फाइबर एक ऐसा पोषक तत्व है जो मुख्य रूप से पाचन क्रिया को सुचारू रूप से चलाए रखने के लिए शरीर के लिए बहुत आवश्यक होता है। गुड़ के जरिए इस पोषक तत्वों की पूर्ति करके पाचन क्रिया को मेंटेन रखा जा सकता है।

## खून की कमी होने से बचाए

खून की कमी सबसे ज्यादा गर्भावस्था में महिलाओं को परेशान कर सकती है और यह समस्या गर्भस्थ शिशु के लिए मुसीबत बन सकती है। चूंकि गुड़ में आयरन की काफी मात्रा होती है इसलिए महिलाओं के लिए इसका सेवन खून की कमी होने से रोकेगा और जच्चा-बच्चा दोनों को स्वस्थ रखने में भी मददगार साबित होगा। हालांकि, पहली और दूसरी तिमाही में गुड़ का सेवन न करने की सलाह दी जाती है क्योंकि गुड़ की तासीर गर्म होती है और यह बच्चे के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

## रोग प्रतिरोधक क्षमता को सुधारने के लिए

रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यून सिस्टम) को मजबूत बनाकर आप कई प्रकार कीसंक्रामक बीमारियों और कुछ जानलेवा बीमारियों के खतरे से भी बचे रह सकते हैं। एक वैज्ञानिक अध्ययन के अनुसार, गुड में मौजूद जिंक और विटामिन-सी की मात्रा रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने के लिए प्रभावी रूप से मददगार साबित होती है। इसलिए जिन लोगों की इम्युनिटी कमजोर है, वे गुड़ का सेवन कर सकते हैं।

## ब्लड प्रेशर को कम करे

हाई ब्लड प्रेशर की समस्या से हर साल पूरी दुनिया में लाखों लोगों की मौत होती है। इसे हाइपरटेंशन के नाम से भी जाना जाता है। जबकि गुड़ में मौजूद पोटेशियम की मात्रा आपको हाइपरटेंशन की समस्या से बचा सकती है। इतना ही नहीं, गुड में मौजूद पोटैशियम की मात्रा आपके ब्लड प्रेशर को संतुलित बनाए रखने के साथ-साथ स्ट्रोक, ओस्टियोपोरोसिस और किडनी स्टोन की समस्या से भी शरीर को सुरक्षा प्रदान करती है।

## लिवर को साफ रखने के लिए

लिवर की क्लीनिंग करना बहुत जरूरी है, नहीं तो यहां अल्सर और इंफेक्शन की भी समस्या हो सकती है। लिवर में अगर लंबे समय तक संक्रमण बना रहता है तो यह कैंसर का रूप ले सकता है। जबकि गुड़ में मौजूद डिटॉक्सिक गुण टॉक्सिक पदार्थों को लिवर से बाहर निकालने का कार्य कर सकता है। इसके लिए आप चाहे तो गुड़ को गर्म पानी में उबालकर भी इसका सेवन कर सकते हैं।

## गुड़ खाने के नुकसान क्या हैं?

गुड़ खाने के फायदे के साथ-साथ आपको इससे होने वाले संभावित नुकसान के बारे में भी बताया जा रहा है ताकि आप अपनी सेहत का खास ख्याल रख सकें। अधिक मात्रा में किसी भी खाद्य पदार्थ का सेवन करना नुकसानदायक होता है और गुड़ के साथ भी यही बात लागू होती है। अधिक मात्रा में यदि आप गुड़ का सेवन करते हैं तो यह शुगर, मोटापा और टाइप टू डायबिटीज का खतरा भी बढ़ा सकता है।



# नारियल पानी के सेवन से मिलते हैं बेहतरीन सेहत लाभ

**नारियल पानी अधिकतर लोगों को पसंद आता है। लेकिन ये सिर्फ स्वादिष्ट ही नहीं बल्कि सेहत के लिहाज से भी काफी फायदेमंद है। दरअसल, इसमें शरीर के लिए फायदेमंद कई तरह के विटामिन्स, मिनरल्स और इलेक्ट्रोलाइट पाए जाते हैं। जो आपको कई सेहत लाभ देते है। तो आइए जानते हैं नारियल पानी से क्या-क्या फायदे मिलते हैं.**

- नारियल पानी का सेवन लिवर के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। नारियल पानी में एंटी-ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। जो लिवर में कई तरह के विषाक्त पदार्थों की गतिविधि को कम करते हैं। इसका सेवन करना लिवर के लिए काफी लाभकारी होता है।
- पेट के लिए नारियल पानी बेहद फायदेमंद है। इसके सेवन से पेट दर्द, एसिडिटी, अल्सर में थोड़ा-थोड़ा नारियल पानी पीने से आराम मिलता है।
- ऊर्जावान रहने के लिए नारियल पानी काफी अच्छा होता है। इसके सेवन से कमजोरी, थकान, चक्कर आने जैसी समस्याओं में इसको पीने से तत्काल लाभ प्राप्त होता है।
- नारियल पानी हृदय रोग का जोखिम कम करने का काम करता है। इसके सेवन से खराब कोलेस्ट्रॉल कम होता है।
- वजन कम करना चाहते है, तो नारियल पानी आपकी बहुत मदद करेगा। यह कैलोरी में कम और पचाने में आसान होता है। इसमें कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो वजन और मोटापा कम करने में मददगार हैं।
- त्वचा में ग्लो और स्किन बिलकुल क्लिन रखना चाहते है तो नारियल पानी आपको नियमित रूप से पीना चाहिए। यदि चेहरे पर मुहांसे और दाग धब्बों की समस्या बढ़ गई है ,तो नारियल पानी का सेवन आपकी सारी समस्या को दूर करेगा।



# इस आयुर्वेदिक चाय से मजबूत होगा इम्यून सिस्टम

**अगर आपकी प्रतिरोधक क्षमता में कमी आ गई है और आप बार-बार सर्दी, खांसी, जुकाम या बुखार से पीड़ित हो रहे हैं तो आपको जरूरत है इस खास आयुर्वेदिक चाय की। तुलसी और अन्य मसालों से बनी ये चाय तेजी से आपकी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएगी।**

## चाय बनाने की सही विधि

**सामग्री** : तुलसी के सुखाए हुए पत्ते (जिन्हें छाया में रखकर सुखाया गया हो) 500 ग्राम, दालचीनी 50 ग्राम, तेजपान 100 ग्राम, ब्राह्मी बूटी 100 ग्राम, बनफशा 25 ग्राम, सौंफ 250 ग्राम, छोटी इलायची के दाने 150 ग्राम, लाल चन्दन 250 ग्राम और काली मिर्च 25 ग्राम।

**विधि** : सब पदार्थों को एक-एक करके इमाम दस्ते (खल बत्ते) में डालें और मोटा-मोटा कूटकर सबको मिलाकर किसी बरनी में भरकर रख लें। बस, तुलसी की चाय तैयार है। दो कप चाय के लिए यह 'तुलसी चाय' का मिश्रण (चूर्ण) आधा छोटा चम्मच भर लेना काफी है।

दो कप पानी एक तपेली में डालकर गरम होने के लिए आग पर रख दें। जब पानी उबलने लगे तब तपेली नीचे उतार कर आधा छोटा चम्मच मिश्रण डालकर फौरन ढक्कन से ढंक दें। थोड़ी देर तक उबलने दें फिर छानकर कप में डाल लें। इस चाय में दूध नहीं डाला जाता। मीठा करना चाहें तो उबलने के लिए आग पर तपेली रखते समय ही उचित मात्रा में शकर डाल दें और गरम होने के लिए रख दें।



# पोषण के मामले में सभी दालों पर भारी है मूंग दाल

**दालें प्रोटीन से भरपूर होती हैं। वैसे तो हर दाल पोषक तत्वों से भरपूर होती है लेकिन फिर भी अगर आपको प्रोटीन की मात्रा से के साथ कुछ परेशानियों को जड़ से खत्म करना है, तो आप अपनी डाइट में मूंग दाल जरूर जोड़ें। किसी भी रूप में मूंग दाल के सेवन के कई फायदे हैं।**

## दाल के पोषक तत्व

- दालों में सबसे पौष्टिक दाल, मूंग की होती है, इसमें विटामिन ए, बी, सी और ई की भरपूर मात्रा होती है। साथ ही पोटेशियम, आयरन, कैल्शियम की मात्रा भी मूंग में बहुत होती है। इसके सेवन से शरीर में कैलोरी भी बहुत नहीं बढ़ती है। अगर अंकुरित मूंग दाल खाएं तो शरीर में कुल 30 कैलोरी और 1 ग्राम फैट ही पहुंचता है।
- अंकुरित मूंग दाल में मैग्नीशियम, कॉपर, फोलेट, राइबोफ्लेविन, विटामिन, विटामिन सी, फाइबर, पोटेशियम, फास्फोरस, मैग्नीशियम, आयरन, विटामिन बी -6, नियासिन, थायमिन और प्रोटीन होता है।
- मूंग की दाल के स्प्राउट में ग्लूकोज लेवल बहुत कम होता है इस वजह से मधुमेह रोगी इसे खा सकते हैं।
- मूंग की दाल के स्प्राउट में ओलियोसाच्चाराइडस होता है जो पॉलीफिनॉल्स से आता है। ये दोनों की घटक, गंभीर रोगों से लड़ने की क्षमता को प्रबल करते हैं। कैंसर के रोगी भी इसका सेवन आराम से कर सकते हैं।
- मूंग की दाल में ऐसे गुण होते हैं, जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा देते हैं और उसे बीमारियों से लड़ने की ताकत देते हैं। इसमें एंटी-माइक्रोबियल और एंटी-इंफलामेट्री गुण होते हैं, जो शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाते हैं।
- मूंग की दाल के स्प्राउट में शरीर के टॉक्सिक को निकालने के गुण होते हैं। इसके सेवन से शरीर में विषाक्त तत्वों में कमी आती है।

## ऐसे बनाएं हेल्दी मूंग दाल का चीला

रात को मूंग दाल को एक पैन में पानी डालकर रख दें। इसके बाद सुबह इसे छान कर ग्राइंडर में पीस लें। इसके बाद इसमें नमक डालकर अच्छी तरह से मिला लें। अब तवा को गर्म करें। गर्म हो जाने में थोड़ा सा तेल डालकर मूंग दाल के पेस्ट को डालकर अच्छी तरह से फैला लें। इसके बाद इसमें सभी सब्जियां और पनीर डाल दें। इसके बाद इसमें थोड़ा सा घी डालकर दूसरी तरफ भी सेंक लें। इसके बाद इसे प्लेट में निकाल लें। आपका मूंग दाल का चीला बनकर तैयार हैं। इसे हरी या लाल चटनी के साथ गर्मागर्म सर्व करें।